RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 74
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर



पहले दौर में जूझकर जीते नडाल

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भाजपा का इस साल नौ राज्यों में जीत का संकल्प

## ● राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन राजनीतिक प्रस्ताव पेश, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों की सराहना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद मार्ग स्थित पटेल चौक से लेकर एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर तक रोड शो किया। सड़क पर जगह-जगह भाजपा के झंडे, पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष नड्डा के कटआउट भी लगे थे। कुछ स्थानों पर ढोल और नगाड़ों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। कार्यकारिणी स्थल पहुंचने पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। फोटोः रंजन डिमरी

**भारतीय** जनता पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पहले दिन सोमवार को संकल्प लिया कि इस साल नौ राज्यो में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करनी है। अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले इन राज्यों में जीत के महत्व को रेखांकित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ नेताओं से कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सर्वे में कमजोर आंके गए 1,30,000 बूथों को मजबूत किया गया है। राजधानी स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते अपने अध्यक्षीय भाषण में नड्डा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, मोबाइल फोन निर्माण में दूसरा और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में तीसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है।

पहले दिन विस्तृत विचार-विमर्श के बाद केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा कर्नाटक सरकार के वरिष्ठ मंत्री गोविंद करजोल ने इसका अनुमोदन किया। इस राजनीतिक प्रस्ताव में नौ ऐसे मुद्दों का उल्लेख है, जिन्हें लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर अपमानजनक टिप्पणियां कीं। प्रस्ताव में कहा गया है कि पेगासस, राफेल, ईडी, सेंट्रल विस्टा, ईडब्ल्यूएस आरक्षण और नोटबंदी आदि ऐसे विषय थे, जिन पर विपक्ष ने आधारहीन दावों के माध्यम से प्रधानमंत्री पर आरोप लगाए, लेकिन अदालत में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। इन मुद्दों पर विपक्ष बेनकाब हुआ और उसे सटीक जवाब मिला।

राजनीतिक प्रस्ताव के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इससे यह भी स्पष्ट हुआ है कि प्रधानमंत्री मोदी की नीयत साफ है और उनकी सरकार में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं है। वित्त मंत्री के मुताबिक, राजनीतिक प्रस्ताव में गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा गया कि वहां भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को अपने पक्ष में बदल कर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि ये सामान्य नहीं, बल्कि ऐतिहासिक जीत है। गुजरात की जीत का प्रभाव आने वाले विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी निश्चित ही नजर आएगा। राजनीतिक प्रस्ताव में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोने के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों की भी जमकर सराहना की गई। सीतारमण ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत की छवि अच्छी हुई है और दुनिया अहम मुद्दों पर भारत की ओर देख रही है। राजनीतिक प्रस्ताव में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की सेवा और उनके अथक प्रयासों की भी सराहना की गई। कार्यकारिणी की बैठक में त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय और कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों ने अपनी बात रखी। कर्नाटक के बारे में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भी संगठन से जुड़े कार्यक्रमों और तैयारियों के बारे में अपना पक्ष रखा। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने नड्डा के भाषण की जानकारी देते हुए बताया कि नड्डा ने कहा, साल 2023 हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें नौ प्रदेशों में चुनाव लड़ना है। प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूरी कार्यकारिणी से आह्वान किया कि चुनाव के लिए कमर कस लें, हमें सभी नौ राज्यों में जीत दर्ज करनी है। ( शेष पेज 8 )

# जजों की नियुक्ति को लेकर खींचतान जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



## ● रिजीजू ने कॉलेजियम प्रणाली पर सीजेआई को पत्र लिख प्रक्रिया ज्ञापन में संशोधन का दिया सुझाव

## ● विपक्ष ने की खिंचाई, कांग्रेस ने कहा-सरकार का उपचार स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए जहर की गोली की तरह

**कानून** मंत्री किरेन रिजीजू ने सोमवार को कहा कि सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के कॉलेजियम में केंद्र और राज्यों के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम (एनजेएसी) को रद्द करने के दौरान शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार की गई कार्रवाई है। रिजीजू ने जनवरी के शुरुआत में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को पत्र लिखा था और सोमवार को इस बारे में उनकी टिप्पणी उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच चल रही खींचतान की पृष्ठभूमि में आई है। कई केंद्रीय मंत्रियों के अलावा उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी वर्ष 2015 में शीर्ष अदालत द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम (एनजेएसी) को रद्द किए जाने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा था कि न्यायपालिका, विधायिका के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप कर रही है। हालांकि, विपक्ष ने सरकार के इस कदम को आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि सुधार की जरूरत है, लेकिन सरकार द्वारा किया जा रहा उपचार स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए जहर की गोली की तरह है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह न्यायपालिका के साथ सुनियोजित टकराव है, ताकि उसे धमकाया जा सके और उसके बाद उस पर पूरी तरह से कब्जा किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि कानून मंत्री ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के चयन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों वाली खोज एवं मूल्यांकन समिति गठित करने की मांग की है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इससे पहले ट्वीट किया था, यह बहुत ही खतरनाक है। न्यायिक नियुक्तियों में सरकार का निश्चित तौर पर कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। रिजीजू ने केजरीवाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार की ओर से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के कॉलेजियम में केंद्र और राज्यों के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम (एनजेएसी) को रद्द करने के दौरान शीर्ष अदालत द्वारा प्रक्रिया ज्ञापन में संशोधन के लिए दिए गए सुझाव के अनुरूप है। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट किया, मुझे उम्मीद है कि आप अदालत के निर्देश का सम्मान करेंगे। यह उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को रद्द किए जाने के दौरान दिए गए सुझाव के अनुसार की गई कार्रवाई है। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने कॉलेजियम प्रणाली के प्रक्रिया ज्ञापन (एमओपी) में संशोधन करने का निर्देश दिया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को लिखे पत्र को सही ठहराते हुए रिजीजू ने ट्वीट किया, सीजेआई को लिखे गए पत्र की सामग्री उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ की टिप्पणी और निर्देश के अनुरूप है। उन्होंने कहा, सुविधा की राजनीति सही नहीं है, खासतौर पर न्यायपालिका के नाम पर। भारत का संविधान सर्वोच्च है और उससे ऊपर कोई नहीं है। ( शेष पेज 8 )

# गेम चेंजर होगी अग्निपथ योजनाः प्रधानमंत्री

## ● अग्निवीरों के पहले बैच को बधाई दी और कहा, योजना परिवर्तनकारी नीति है जो सशस्त्र बलों को और मजबूत करेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनता अग्निवीरों का पहला बैच

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अग्निवीरों के पहले बैच को बधाई दी और कहा कि अग्निपथ योजना एक परिवर्तनकारी नीति है जो सशस्त्र बलों को मजबूत करने एवं उन्हें भावी चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक गेम चेंजर साबित होगी। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं में भर्ती की अल्पकालिक योजना अग्निपथ के पहले बैच के अग्निवीरों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान यह बात कही।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से (पीएमओ) जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी ने अग्निवीरों को इस पथ प्रदर्शक योजना में अग्रणी बनने के लिए बधाई दी और कहा कि यह योजना महिलाओं को सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि युवा अग्निवीर सशस्त्र बलों को अधिक युवा और टेक सेवी (आधुनिक तकनीक व प्रौद्योगिकी के जानकार) बनाएंगे। मोदी ने कहा, तकनीकी रूप से उन्नत सैनिक हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवाओं की वर्तमान पीढ़ी में विशेष रूप से यह क्षमता है। इसलिए अग्निवीर आने वाले समय में हमारे सशस्त्र बलों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। मोदी ने कहा कि नया भारत नए जोश से भरा हुआ है और सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। इक्कीसवीं सदी में युद्ध लड़ने के बदलते तरीकों का उल्लेख करते हुए मोदी ने इस संवाद के दौरान संपर्क रहित युद्ध के नए मोर्चों और साइबर युद्ध की चुनौतियों पर भी चर्चा की। अग्निवीरों की क्षमता की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी भावना सशस्त्र बलों की बहादुरी को दर्शाती है, जिसने हमेशा राष्ट्र के झंडे को ऊंचा रखा है। उन्होंने कहा, इस अवसर के माध्यम से वे जो अनुभव प्राप्त करेंगे, वह जीवन के लिए गर्व का स्रोत होगा। युवाओं और अग्निवीरों की क्षमता की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि ये अग्निवीर ही हैं, जो 21वीं सदी में राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान करने जा रहे हैं। मोदी ने यह भी बताया कि यह योजना महिलाओं को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि कैसे महिला अग्निवीर नौसेना का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा, वह तीनों बलों में महिला अग्निवीरों को देखने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने सियाचिन में तैनात महिला सैनिकों और आधुनिक लड़ाकू विमान उड़ाने वाली महिलाओं का उदाहरण देते हुए अग्निवीरों को बताया कि कैसे महिलाएं विभिन्न मोर्चों पर सशस्त्र बलों का नेतृत्व कर रही हैं। ( शेष पेज 8 )

# यूपी में कोरोना काल की 15% स्कूल फीस होगी माफ

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



## ● अभिभावकों को हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने कोविड 19 संक्रमण काल के दौरान स्कूलों द्वारा जमा कराई गई फीस में पंद्रह फीसदी की कटौती करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने वर्ष 2020-21 सत्र की फीस का तदनुसार निर्धारण कर जमा कराई गई अधिक फीस पढ़ रहे छात्रों की भविष्य की फीस में समायोजित करने का निर्देश दिया है। कहा है कि जिन छात्रों ने पढ़ाई पूरी कर ली है या छोड़ दी है अधिक जमा फीस की गणना कर उन्हें वापस की जाए। न्यायालय ने यह प्रक्रिया दो माह में पूरी करने का निर्देश दिया है।

न्यायालय के इस फैसले से कोरोना काल में फीस वृद्धि कर वसूली से अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है। यह फैसला मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल तथा न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने आदर्श भूषण सहित कई अन्य याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिया है। याचियों का कहना था कि इंडियन स्कूल जोधपुर राजस्थान मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फीस कटौती को लेकर सामान्य समादेश जारी किया है। उसी तर्ज पर प्रदेश के छात्रों को भी राहत दी जाए। याचियों का कहना था कि स्कूलों ने उन सुविधाओं की फीस वसूली कर ली है। जिसे कोविड संक्रमण के कारण कालेज प्रबंधन ने मुहैया नहीं कराई थी और बढ़ी फीस जमा करा ली। न्यायालय ने कहा फीस में 15 फीसदी की कटौती की जाए और 2020-21 सत्र की फीस का नियामक प्राधिकारी पुनर्निर्धारण करें और अधिक जमा कराई गई फीस भविष्य की फीस में समायोजित की जाए।

# जमीन कब्जाने व दबंगई करने वालों को कड़ा सबक देंगेः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



गोरखनाथ मंदिर में भगवान शिव की आराधना करते मुख्यमंत्री

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगाह किया कि जमीन पर कब्जा करने और दबंगई करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को यहां जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और जमीन कब्जाने की कुछ शिकायतों पर उन्होंने कहा, सरकार हर गरीब के साथ खड़ी है, जमीन पर कब्जा करने और दबंगई करने वालों को करारा कानूनी सबक सिखाया जाएगा। गोरखनाथ मंदिर में सोमवार को जनता दर्शन के दौरान योगी के सामने भूमि अतिक्रमण के कई मामले सामने आए।

मंदिर सूत्रों ने बताया कि भूमि अतिक्रमण के मामलों में एक बलिया जिले का और कुछ मामले कुशीनगर के थे। बलिया के एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी पुश्तैनी खेती की जमीन उनके दो भाइयों में बंट गई थी और उन्होंने और उनके एक भाई ने जमीन का हिस्सा बेच दिया था, लेकिन खरीदार अब उन सभी के खेत में खेती कर रहा है। शिकायत कर्ता ने कहा कि जब उसने और उसके भाइयों ने विरोध किया तो उसने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। यह फरियाद सुनने के बाद योगी ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि ऐसे लोगों को सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और हर समस्या का जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण समाधान होगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखपुर के जनता दर्शन में कई फरियादी गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,093 | ↓ | 168 | |
| निफ्टी | 17,895 | ↓ | 62 | |
| सोना | 56,402 | ↑ | 73 | /10g |
| चांदी | 69,780 | ↑ | 353 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में पहली बार कोविड का न नया केस, न कोई मौत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोविड संक्रमण का एक भी केस नहीं मिला है। इतना ही नहीं, एक दिन में कोरोना से कोई मौत भी नहीं हुई है। कोरोना महामारी शुरू होने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब राजधानी दिल्ली में कोविड का एक भी नया केस नहीं मिला। वर्तमान में दिल्ली में कोविड संक्रमितों की संख्या 10 है। इन में से 9 मरीज घर पर ही आइसोलेशन में हैं, जबकि एक मरीज इलाज के लिए अस्पताल में है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एक दिन पहले दिल्ली में 931 लोगों का टेस्ट किया गया था, लेकिन उनमें से एक भी पॉजिटिव नहीं आया। वर्तमान में शहर में संक्रमण दर 0.05 फीसदी रह गई है। देश में कोविड-19 के एक्सबीबी.1.5 स्वरूप से संक्रमण के मामले बढ़कर 26 हो गए हैं।

# शाहनवाज हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



## ● अदालत ने हुसैन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली एक महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के उच्च न्यायालय के आदेश को दी गई थी चुनौती

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता शाहनवाज हुसैन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली एक महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करेगा। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री हुसैन के अधिवक्ताओं से कहा, पहले इस मामले में निष्पक्ष जांच होने दें। यदि कुछ नहीं है, तो आप (हुसैन) आरोप मुक्त हो जाएंगे। हुसैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने पीठ से कहा कि शिकायतकर्ता महिला ने भाजपा नेता के खिलाफ एक के बाद एक कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। रोहतगी ने अपनी दलील में कहा, एक के बाद एक कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, जिनकी पुलिस द्वारा जांच की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। यह अनवरत जारी नहीं रहसकता। रोहतगी ने कहा कि हुसैन के खिलाफ अनवरत हमले किए जा रहे हैं। हालांकि, पीठ ने कहा, हम हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं पाते हैं।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि अपराध दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत शिकायतकर्ता के बयान आज तक दर्ज नहीं हुए हैं। यह धारा मजिस्ट्रेट के समक्ष कुबूलनामा और बयान दर्ज कराने से जुड़ी हुई है। लूथरा ने अपनी दलील में कहा कि शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसका हुसैन के भाई के साथ संबंध था। उन्होंने कहा, उसकी सभी शिकायतें हुसैन के भाई से हो सकती हैं... लेकिन उन्हें (हुसैन) इस तरह की परेशानी में नहीं डाला जा सकता। पीठ ने कहा, इसकी जांच होने दीजिए। उसने कहा कि इस मामले में निचली अदालत और उच्च न्यायालय के फैसले हुसैन के खिलाफ हैं। लूथरा ने कहा कि एक बार जब प्राथमीकि दर्ज हो जाती है, तो उसके परिणाम हो सकते हैं। इस पर पीठ ने कहा, कैसे परिणाम? आपको दोषी नहीं ठहराया जा रहा है। हम कानून पर अमल कर रहे हैं। ( शेष पेज 8 )

# एक जैसे विमान हादसों में गई पायलट पति-पत्नी की जान

**एजेंसी।** काठमांडू

## ● अंजू ने अपने पति की मृत्यु के बाद बीमा से प्राप्त धनराशि से लिया था पायलट बनने का प्रशिक्षण



## ● नेपाल विमान दुर्घटना में मारी गईं येति एयरलाइन की को-पायलट अंजू के पति की भी 16 साल पहले इसी एयरलाइन के विमान क्रैश में हुई थी मौत

**नेपाल** विमान हादसे में मारी गईं येति एयरलाइन की को-पायलट अंजू खातीवाड़ा के साथ यह कैसा संयोग कि उनके पति की मौत भी 16 साल पहले इसी एयरलाइन का हवाई जहाज उड़ाते समय हुए हादसे में हुई थी। इस जहाज के उतरने के बाद अंजू का प्रमोशन होने वाला था और वह भी पायलट बन जातीं, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता और अपनी की तरह सितारों से जा मिलीं। अंजू के पति भी पायलट थे। वह येति एयरलाइन का घरेलू यात्रा के लिए एक छोटा यात्री विमान उड़ा रहे थे। उनका विमान भी उतरने से कुछ मिनट पहले ही हादसे का शिकार होकर आग के गोले में बदल गया था। बीते रविवार को 44 वर्षीय अंजू खाटीवाड़ा की मृत्यु भी ठीक उसी प्रकार हो गई। वह काठमांडू से येति एयरलाइन की उड़ान में सह-पायलट थीं। उनका विमान पोखरा शहर के एयरपोर्ट पर उतरने से कुछ सेकेंड पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारत के पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में तीन दशकों में यह सबसे घातक विमान दुर्घटना है, जिसमें सवार सभी 72 लोग मारे गए। इनमें पांच भारतीय भी शामिल हैं।

समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार हवाई जहाज में सवार 72 लोगों में से अब तक कोई जीवित नहीं मिला है। एयरलाइन के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने खातीवाड़ा का जिक्र करते हुए बताया कि उनके पति दीपक पोखरियाल की 2006 में जुमला में येती एयरलाइंन के ट्विन ओटर विमान की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद बीमा से प्राप्त धनराधि से पायलट प्रशिक्षण प्राप्त किया था। बरतौला ने बताया कि अंजू खातीवाड़ा को 6,400 घंटे से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव हासिल था और वह बहुत अच्छी पायलट थीं। उन्होंने पहले भी कई बार राजधानी काठमांडू से देश के दूसरे सबसे बड़े शहर पोखरा के लोकप्रिय पर्यटन स्थल के लिए उड़ान भरी थी।

बता दें कि विमान के कैप्टन कमल केसी का शव मिल चुका है। उन्हें 21,900 घंटे विमान उड़ाने का अनुभव था। हालांकि, अभी तक का अंजू का शव नहीं मिल पाया है। स्थानीय प्रशासन घोषित कर चुका है कि इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। ऐसे में अंजू को भी मृत ही माना जा रहा है।येति एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि अंजू हमेशा हर ड्यूटी करने के लिए तैयार रहती थीं। वह पोखरा के लिए पहले भी कई बार उड़ान भर चुकी थीं। ऐसे में ये सफर उनके लिए अंजान या मुश्किल नहीं था। मालूम हो कि दुर्घटनाग्रस्त विमान में छह बच्चों सहित 15 विदेशी नागरिक भी सवार थे। एयरलाइंन ने एक बयान में कहा कि विमान में 53 नेपाली, 5 भारतीय, 4 रूसी, 2 कोरियाई और 1-1 अर्जेंटीना, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस के नागरिक सवार थे।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 जनवरी, 2023



# नई कारों में भविष्य, पुरानी में तलाश रहे पूर्वजों की यादें

## ऑटो एक्सपो 2023 : दो पहिया में 1969 की लैमरेटा, 1948 की जावा सहित अन्य स्कूटर व बाइक शामिल

रिंकू यादव। नोएडा

एक्सपो सेंडर एंड मार्ट में चल रहे कारों के मेले में चमचमाती के साथ ही अंग्रेजों के जमाने की कारें भी मौजूद हैं। मेले में आने वाली भीड़ में जहां एक तरफ नई कारों के प्रति दीवानगी दिख रही तो वहीं दूसरी तरफ पुरानी कारों के दीदार को भी लोग लालायित हैं।

नई कारों में भविष्य व पुरानी में पूर्वजों की यादों को तलाश रहे हैं। नई कारें बिकने के लिए तैयार हैं लेकिन पुरानी अनमोल हैं। आटो एक्सपो में नामी राष्ट्रीय.अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा नई.नई खूबियों से सुसज्जित कारों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

कारों में सोफे जैसी सीटए बिना चाबी लगाए स्टार्ट, आटो मेटिक गेयर, अंगुली से नाचने वाली स्टेयरिंग सहित तमाम सुविधाएं मौजूद हैं। चमचमाती कारों की खूबसूरती किसी का भी ध्यान अपनी ओ खींच सकती है। चमचमाती कारों के बीच ही ओल्ड इज गोल्ड पुरानी कारें भी मौजूद हैं। कारों के साथ ही लगभग सौ वर्ष पुरानी दो पहिया स्कूटर व मोटर साइकिल भी है। कारों में 1970 की मर्सडीज, 1989 की बीएमडब्ल्यू, 1950 की मोरिस मिनोर सहित अन्य पुरानी कारें मौजूद हैं।

दो पहिया में 1969 की लैमरेटा, 1948 की जावा सहित अन्य स्कूटर व मोटर साइकिल भी जलवा बिखेर रही है। इनके शौकीन भी कम नहीं हैं। कार व स्कूटर को देखकर लोगों को पुराना जमाना याद आ जाता है।

लोगों के द्वारा उनकी खूबसूरती को सराहा व विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की जा रही है। कुछ ऐसे भी हैं जो नई को छोड़ पुरानी कार या स्कूटर को खरीदना चाह रहे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही है। ऐसे में यादों को संजोने के लिए सेल्फी से ही काम चलाना पड़ रहा है। पुराने वाहनों के शौकीन बताते हैं कि उनके पास 15 पुरानी स्कूटर है। पिता की 1969 की लैमरेटा से परिवार की यादें जुड़ी हैं। स्कूटर को संभाल कर रखा गया है। स्कूटर में सभी पार्ट ओरिजनल लगे हैं। साइलेंसर को 65 हजार रुपये में अमरीका से मंगा कर लगवाया है। समय.समय पर स्कूटर को चलाते हैं। खरीदार कई आते हैं जो कुछ भी कीमत देने को तैया रहते हैं, लेकिन सभी को जवाब न ही मिलता है।



सोमवार को ऑटो एक्सपो के बाहर लगी दशकों की लंबी लाइन।

## तेल के सस्ते विकल्प पर कंपनियों का फोकस

घरेलू ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री तेज बदलाव के दौर से गुजर रही है। नई दिल्ली में चल रहे ऑटो एक्सपो में कंपनियों का फोकस जहां ग्राहकों को इलेक्ट्रिक व्हीकल ईवी के अलावा ईंधन के अन्य सस्ते और उन्नत विकल्प देने पर रहा। वहीं ग्राहक भी ज्यादा खर्च करने के लिए तैयार नजर आए। कुछ कंपनियों ने ऐसे इंजन सिस्टम भी दिखाए, जिसे पेट्रोल.डीजल गाड़ी में फिट करके उसे चलाने के लिए हाइड्रोजन, बायो.डीजल, एथेनॉल, सीएनजी और एलएनजी में से कोई भी विकल्प अपनाया जा सकता है। एक्सपो में इंजन से जुड़ी ढेर सारी वैकल्पिक टेक्नोलॉजी प्रदर्शित की गईं। ऐसे दर्जनों बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल दिखाए गए, जो कांसेप्ट या प्रोटोटाइप नहीं बल्कि प्रोडक्शन मॉडल हैं। यानी इन्हें इस साल या आगामी वर्षों में सड़क पर उतारा जा सकता है। फुल इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा एडवांस हाइब्रिड टेक्नोलॉजी वाली कुछ गाड़ियां भी दिखाई गईं। सेल्फ चार्जिंग टेक्नोलॉजी और प्लग.इन हाइब्रिड्स इनमें शामिल हैं। डीजल इंजन कंपनी कोलंबस ने फ्यूल एग्नॉस्टिक इंजन सिस्टम का प्रोडक्शन की अनूठी टेक्नोलॉजी शुरू करने की घोषणा की है। ये मल्टिपल फ्यूल इंजन हाइड्रोजन, बायो.डीजल, एथेनॉल, सीएनजी, एलएनजी और अन्य ईंधन पर भी चल सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



ग्रेटर नोएडा के शंभूदयाल स्कूल के छात्र एक्सपो देखने पहुंचे।

### स्कूली छात्रों ने देखे भविष्य के वाहन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे दुनिया के सबसे बड़े वाहन शो ऑटा एक्सपो-2023 में हर दिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं सोमवार को ग्रेटर नोएडा के शंभूदयाल स्कूल के 50 से अधिक छात्र ऑटो एक्सपो पहुंचे। जहां उन्होंने अत्याधुनिक तकनीक वाले भविष्य के वाहनों कार, बस, दोपहिया आदि को देखा और समझा। छात्रों ने भविष्य के वाहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की पहल की। छात्रों ने दिल्ली की सड़कों पर दौड़ने वाली जेबीएम बसों की 4 इलेक्ट्रिक बसों के बारे में देखा और समझा। जिसमें सबसे अधिक आकर्षण चार बसों के सिर्फ 45 मिनट से एक घंटे में पूरी तरह से चार्ज होने को लेकर रहा। ग्यारहवीं कक्षा के एक छात्र ने जोर देकर कहा कि उसके कई सहपाठी इलेक्ट्रिक बसों के अधिक इस्तेमाल के पक्ष में हैं, जो प्रदूषण मुक्त होने के साथ ही सबसे अच्छा विकल्प है।

### अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों की हड़ताल जारी

**गाजियाबाद।** प्रमुख सचिव स्टांप वीना कुमारी द्वारा तहसील के अधिवक्ताओं को संगठित गिरोह कहे जाने पर अधिवक्ता बिफरे हुए हैं। विरोध में अधिवक्ता और बैनामा लेखकर लगातार आठ दिनों से हड़ताल पर हैं। सदर तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय के चैनल बंद हैं। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा और सचिव विकास त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन में प्रमुख स्टांप सचिव वीना कुमारी ने तुगलकी फरमान जारी कर अधिवक्ताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। शासन और प्रशासन के अडियल रूख से अधिवक्ताओं में भारी रोष है। आज धरनास्थल पर दस्तावेज लेखक एसोेसिएशन के अध्यक्ष संजीव कौशिक, सचिव गौरव चौधरी, बैनामा लेखक रामानंद गोयल, उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, सह सचिव सचिन कुमार शिशौदिया, कोषाध्यक्ष शोभित सिंह, सांस्कृतिक सचिव शौकेन्द्र कुमार चौहान मौजूद रहे।

### स्वच्छता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक

**नोएडा।** स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर में नुक्कड़ नाटक कराए जा रहे है। इस नाटक के जरिए लोगों को कचरा नहीं फैलाने, डस्टबीन ए गीला और सूखे कचरे के लिए किन किन बिन्स का प्रयोग करने और प्रतिबंधित प्लास्टिक के बारे में लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के दौरान इन लोगों ने लोगों को कपड़े के थैले भी बांटे। प्राधिकरण डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए शहर भर में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है। रोस्टर 25 जनवरी तक है। उन्होंने बताया कि सोमवार को नाटक का मंचन सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-2 में चाय सुट्टा बार के पास और सेक्टर.12 के एक्स ब्लाक के बाजार में किया गया। बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन और अट्टा बाजार में नुक्कड़ नाटक किया जाएगा।

### 4 फरवरी को होगा इंडिया बिजनेस अवॉर्ड्स

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब में एमएमवाई प्रोडक्शन हाउस द्वारा इंडिया बिजनेस अवॉर्ड्स 2023 की घोषणा के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। एमएमवाई प्रोडक्शन हाउस के निदेशक मोहम्मद फैजान एंड संजय शर्मा ने बताया कि 4 फरवरी को आयोजित होने वाले इंडिया बिजनेस अवॉर्ड्स 2023 की तैयारियां शुरु हो चुकी है। फैजान का मानना है कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है ऐसे में मोदी जी का विजन मेड इन इंडिया अब साकार होने लगा है। उन्होंने बताया कि इस अवॉर्ड शो में मुख्य अतिथि के रूप में जानी मानी फिल्मी हस्तियां जयाप्रदा, रिमी सेन, शक्ति कपूर, गुलशन ग्रोवर, भाग्यश्री एवं द ग्रेट खली उपस्थिति रहेंगें। समारोह में विभिन्न कैटेगरी जैसे फैशन, रियल स्टेट, शिक्षा, फूड कैफे आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को देशभर से खोज कर ला रहे है।

# बेटे ने मां को मारी गोली



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरंजीव विहार सेक्टर-5 के भवन संख्या ए-5 में रहने वाले एडवोकेट अमित डबास ने अपनी मां ओमवती को गोली मारकर उन्हें मौत के मुहाने पर पहुंचा दिया।

पुलिस को दी गई सूचना के दौरान अमित डबास के पिता मदन सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी को गोली मारने के बाद भी उनका पुत्र अमित डबास परिजनों की हत्या के उद्देश्य से फायरिंग करता रहा।

सिंह ने बताया कि अमित डबास शराब पीकर आये दिन परिजनों को प्रताड़ित करता है। इस संदर्भ में एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि अमित डबास के पिता की तहरीर पर उसके खिलाफ हत्या के प्रयास जैसी कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके उसे हिरासत में ले लिया गया। श्रीवास्तव ने बताया कि हिरासत में लिये गए एडवोकेट के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### दोस्तों में हुई रार, सिर में गोली मारी

**गाजियाबाद।** पिछले दिनों हरियाणा में हुई एक चोरी की वारदात में चुराये गए माल के बंटवारे को लेकर दो दोस्त एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। माल के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के चलते सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के आस-पास मुरादनगर थाना क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में रहने वाले शमशाद को उसके दोस्त शौकीन ने गोली मार दी। सिर में गोली मारने के बाद बदमाश तमंचे को हवा में लहराते हुए मौके से चला गया। पुलिस के आला अफसरों ने घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल शमशाद को पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन उसकी हालत नाजुक होने की वजह से उसे दिल्ली रेफर कर दिया। एसीपी निमीष पाटिल का कहना है कि वारदात की रिपोर्ट दर्ज करके गोली मारने वाले बदमाश शौकीन की गिरफ्तारी के लिए कई टीम बनाई गई हैं।

# नोएडा को मिलेगा नया एलिवेटड, जाम से होगी मुक्ति

- रजनीगंधा से सेक्टर-57 तक 460 करोड़ से 5.5 किमी लंबा होगा रोड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

मास्टर प्लान रोड नंबर.1 पर सेक्टर.3 रजनीगंधा से सेक्टर.57 चौराहे के पास तक एलिवेटेड रोड बनाने की तैयारी एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है। सिविल विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार करना शुरू कर दिया है। अब फाइल को मंजूरी के लिए आला अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। अभी इस रास्ते पर यू-टर्न बनाने के बाद भी रास्ता सिग्नल फ्री नहीं हो पाया है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एक तरफ ये रास्ता सीधे डीएनडी और दूसरी तरफ सेक्टर-57, लेबर चौक होते हुए गाजियाबाद को जोड़ता है।

ऐसे में इस रास्ते पर वाहनों का दबाव काफी रहता है। जिसकी वजह से जाम की समस्या होती है। ऐसे में यहां पर एलिवेटेड रोड की जरूरत है। एलिवेटेड रोड रजनीगंधा अंडरपास के पास से बनाया जाएगा जो सेक्टर-57 चौराहे के पास उतरेगा। यह रास्ता करीब साढ़े पांच किलोमीटर होगा। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी का कहना है कि एलिवेटेड रोड बनाने को प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

बता दे इस एलिवेटेड का शिलान्यास नौ साल पहले हुआ था। योजना करीब 12 साल पहले बनी थी। सपा शासनकाल में करीब नौ साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री ने इस रास्ते पर एलिवेटेड रोड का शिलान्यास भी किया था।

उस समय एलिवेटेड रोड सेक्टर-10 से सेक्टर-12-22 तिराहे के पास तक बनाने की योजना थी। योजना के तहत एलिवेटेड के निर्माण में करीब 460 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इसे चार लेन का बनाया जाएगा। साथ ही पूरी एलिवेटेड सिंगल पिलर पर बनाने की योजना है।

अभी ये तय किया जा रहा है कि इस एलिवेटेड पर कितने लूप बनाए जाए। ताकि आसपास के सेक्टरों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। इस सड़क के एक ओर इंडस्ट्रियल और दूसरी ओर रिहाइशी सेक्टर है।




नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ए-11, सेक्टर-24, नौएडा-201301
जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी.
एन एफ एल NFL

निविदा आमंत्रण सूचना

खुली ई-निविदा दिनांक: 17.01.2023

आयातित बल्क फर्टिलाइजर की हैंडलिंग के लिए **विशाखापट्टनम पोर्ट में सीएफएस एजेंट की नियुक्ति हेतु** निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरणों के लिए वेबसाइट **www.nationalfertilizers.com** एवं **https://etenders.gov.in/eprocure/app** देखें। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 07.02.2023 (1430 बजे आईएसटी) है। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल एनएफएल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक (विपणन)

@NFL_Kisan @nationalfertilizers National Fertilizers Limited

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि देव सिंह/सुशांत नायर (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00004952971 एवं एलबीएनओडी00004913739 तथा पता फ्लैट नंबर एफ/2151, 20वां तल, ब्लॉक-एफ, गौड़ सिद्धार्थम, ब्लॉक एफ, प्लॉट नंबर 8/बीएस-01, सिद्धार्थ विहार, योजना सेक्टर-8, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 11 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि गौड़सन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 17 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

14-6hx8w-ICICI-HINDI-DEV

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि स्वाति राठी/विष्णु राठी (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00003299957 तथा पता फ्लैट नंबर 6065, छठा तल, टावर-एच, गौड़ सिटी-2, 14वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर- जीसी जीएच-03, सेक्टर-16 सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 11 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि गौड़सन्स प्रमाटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 17 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर करते थे दिल्ली में प्रवेश, पांच गिरफ्तार

- चालान से बचने के लिए करते थे फर्जीवाडा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा की सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस ने सोमवार को वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूमने वाले पांच चालकों को गिरफ्तार किया।

आरोपितों के कब्जे से पांच छोटे हाथी फर्जी नंबर प्लेट लगाए हुए और 17 फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुए हैं। आरोपितों की पहचान दीपू, नीरज, इशाक, जाबिर और इकरार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनके द्वारा फर्जी नंबर प्लेट लगाकर दिल्ली में एंट्री की जाती थी।

अगर वाहन का चालान होता है तो चालान संबंधित नंबर प्लेट के वास्तविक मालिक के पास पहुंचता था और वाहन से हादसा होने पर मुकदमा भी वास्तविक मालिक के खिलाफ होता था।

### ट्रेन से कटकर युवक और महिला की मौत

**गाजियाबाद।** विजयनगर कॉलोनी स्थित रेलवे ट्रैक पर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सुदामापुरी कॉलोनी निवासी कुलदीप उर्फ चीकू परिवार सहित रहते थे। बताया जा रहा है कि विजयनगर कॉलोनी में वह रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी बीच ट्रेन आ गई और कुलदीप को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेन युवक को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। इसके अलावा तिबड़ा मार्ग पर सोमवार सुबह सात बजे के आसपास को बंद रेलवे फाटक पार कर रही महिला एक एक्प्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जिस कारण महिला की मौत हो गई।

# पावर हाउस में सवा करोड़ का सामान की चोरी

- 220 केवीए ट्रांसमिशन पावर हाउस से निकाला गया कीमती सामान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विद्युत विभाग के 220 केवीए ट्रांसमिशन पावर हाउस में एक करोड़ 18 लाख की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। यह चोरी पावर हाउस परिसर में रखे 63 मेगावाट के दो ट्रांसफार्मरों में से की गई है। पुलिस इस चोरी को जहां संदिग्ध मान रही है, वहीं विद्युत विभाग के अधिकारी कुछ भी जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली मेरठ हाइवे पर रावली रोड तिराहे के सामने स्थित विद्युत विभाग के 220 केवीए ट्रांसमिशन पावर हाउस परिसर में 63 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर रखे हुए थे। जिसमे एक ट्रांसफार्मर नया व एक पुराना था। उन दोनों ट्रांसफार्मरों में से चोर करीब एक करोड़ 18 लाख रुपए का कीमती कॉपर, पीतल आदि चोरी कर ले गए।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग में जबरदस्त सिक्योरिटी होने के बावजूद इतनी बड़ी चोरी होना संदिग्ध लग रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने मौके का मुआयना किया तो पाया कि चोरों ने इस चोरी को कई दिन में अंजाम दिया होगा, क्योंकि मौके से पुलिस को बड़ी संख्या में झूठे पत्तल व बोतलें आदि मिले हैं।

ट्रांसमिशन विभाग के एसडीओ योगेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने चोरी होना तो स्वीकार किया लेकिन कितना सामान चोरी हुआ इसकी कोई जानकारी नहीं दी। एसडीओ योगेंद्र ने बताया कि 11 जनवरी की रात में चोरी हुई थी। इस मामले में एक्सईएन राहुल गुप्ता से फोन पर बात की गई तो उनका कहना है कि चोरी तो हुई है।

# नए जिला अस्पताल में 5 विभागों की ओपीडी शुरू

- कोविड अस्पताल को दोबारा भंगेल में स्थानांतरित किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिला अस्पताल की शिफ्टिंग का काम शनिवार से शुरू कर दिया गया है। आज से पांच चिकित्सकीय विभागों की ओपीडी सेक्टर-39 स्थित नए जिला अस्पताल में शुरू कर दी गई है।

31 जनवरी तक पूरा अस्पताल शिफ्ट होने की संभावना है। एक सप्ताह पहले ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसी महीने अस्पताल की शिफ्टिंग के निर्देश दिए थे। वर्तमान में जिला अस्पताल सेक्टर-30 में चल रहा है। यहां से होम्योपैथी, टीबी, मानसिक रोग, गैर संचारी रोग और एड्स नियंत्रण की ओपीडी सेक्टर-39 में स्थानांतरिती कर दी गई है। शनिवार को इन पांचों ओपीडी के कुछ सामान भी ले जाया गया है। धीरे-धीरे अन्य ओपीडी शुरू की जाएगी। कुछ दिनों तक इन पांचों विभागों की जांच के नमूने ओपीडी में ही लिए जा रहे है। जांच जिला अस्पताल की लैब में होगी। रिपोर्ट नए अस्पताल की ओपीडी से मिलेगी। जिला अस्पताल की शिफ्टिंग पिछले छह महीनों से टलती आ रही थी। चीन में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद सेक्टर-39 को दोबारा कोविड अस्पताल में तब्दील कर दिया गया है, लेकिन दस दिनों से एक भी मरीज भर्ती नहीं हुआ है। ऐसे में कोविड अस्पताल को दोबारा भंगेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। हालांकि अभी भी बिजली का नया कनेक्शन सेक्टर-39 के नए जिला अस्पताल को नहीं मिला है।

इसी कारण पूरे अस्पताल को तत्काल शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। नए बिजली कनेक्शन मिलने के बाद ही अस्पताल पूरी तरह से शिफ्ट हो जाएगा। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ पवन कुमार ने बताया कि कई विभागों की ओपीडी शिफ्ट की गई है।

जनवरी अंत तक सभी चिकित्सकीय विभाग शिफ्ट कर दिए जाएंगे। अभी अस्पताल में गाइनी, हड्डी विभाग, ईएनटी के अलावा फिजीशियन विभाग को इसके बाद शिफ्ट किया जाएगा।




# भाजयुमो कोषाध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज, मगर गिरफ्तारी नहीं

- रेस्तरां में बिना अनुमति शराब परोसी जा रही थी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भाजपा युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष संयम कोहली कविनगर थाना क्षेत्र के आरडीसी व्यवसायिक केंद्र में स्थित फूड वर्कशॉप रेस्टोरेंट का संचालन करता है। वहां बिना अनुमति शराब परोसी जा रही है।

कविनगर थाने के एसएचओ अमित सिंह काकरान ने रेस्टोरेंट पर छापा मारा। मौके पर बिना अनुमति के शराब दी जा रही थी। नृत्य करती कुछ विदेशी लडकियां भी मिलीं। भाजयुमों के कोषाध्यक्ष संयम कोहली व उसके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन इस मामले में गिरफ्तारी नहीं की जा सकती।

डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने बिना अनुमति के होटल में कार्यक्रम करवाने और शराब परोसने के अभियोग में यूं तो रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी लेकिन इस मामले में अभी किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले में भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष को पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 जनवरी, 2023



# सदन स्थगित, सड़क पर उतरी सरकार

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आप विधायकों का एलजी हाउस तक मार्च

## उपराज्यपाल हमारे प्रधानाध्यापक नहीं हैं, जो होमवर्क जांचेंगे : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के कामकाज में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कथित हस्तक्षेप के खिलाफ सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों के विरोध के बीच सोमवार को दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया।

इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने दिल्ली सरकार के कामकाज में कथित हस्तक्षेप के विरोध में सोमवार को उपराज्यपाल कार्यालय तक मार्च निकाला।

इससे पहले भाजपा विधायकों के सदन में ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने सुरक्षा का सवाल उठाते हुए विधायकों को सदन से बाहर करते हुए कार्रवाई स्थगित कर दी। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले को लेकर सुरक्षा कर्मियों को अपने कक्ष में तलब किया।

विधानसभा कार्रवाई के दौरान आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने बच्चों की शिक्षा और शिक्षकों के प्रशिक्षण में अवैध और अवांछित बाधा और हस्तक्षेप के मुद्दे पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा शुरू की थी। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इस मुद्दे पर विरोध जताया और उपराज्यपाल का बचाव किया।

विधानसभा अध्यक्ष गोयल ने बिधूड़ी पर उप राज्यपाल का प्रवक्ता बनने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जिसके बाद आप विधायक सदन में अध्यक्ष के आसन के निकट आ गए। सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद आप विधायकों ने दिल्ली सरकार के शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए फिनलैंड भेजने पर उपराज्यपाल की आपत्ति को लेकर फिर से नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद अध्यक्ष ने फिर से सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी।

बाद में सदन की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित किए जाने के बाद केजरीवाल और आप विधायकों ने विधानसभा से एलजी हाउस तक दो किलोमीटर का मार्च किया। लेकिन पुलिस ने उपराज्यपाल के आवास से कुछ मीटर की दूरी पर उन्हें रोक दिया। आप विधायक उपराज्यपाल वी के सक्सेना से मिलने की अपनी मांग पर अड़े रहे। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद केजरीवाल और विधायक विधानसभा लौट गए।



मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व में आप के विधायकों ने सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हुए उपराज्यपाल कार्यालय तक मार्च निकाला।

केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप विधायकों को उपराज्यपाल कार्यालय तक मार्च करना पड़ रहा है। मुझे उम्मीद है कि उपराज्यपाल अपनी गलती पर गौर करेंगे और शिक्षकों को फिनलैंड में प्रशिक्षण की अनुमति देंगे।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकते लेकिन वह ऐसा कर रहे हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के काम जानबूझकर राजनीतिक कारणों से बाधित किए जा रहे हैं और कहा कि उपराज्यपाल कोई हमारे प्रधानाध्यापक नहीं हैं जो हमारा होमवर्क जांचेंगे।

उन्हें हमारे प्रस्तावों के लिए केवल हां या ना कहना है। मुख्यमंत्री ने पूछा कि अगर निर्वाचित सरकार के पास फैसले लेने का अधिकार नहीं होगा तो वह कैसे काम करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के काम जानबूझकर राजनीतिक कारणों से बाधित किए जा रहे हैं।

## प्रस्ताव को खारिज नहीं किया : एलजी हाउस



*उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि उसने प्रस्ताव को खारिज नहीं किया है बल्कि सलाह दी है कि सरकार को इस बारे में समग्र रूप से मूल्यांकन करे। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल को एक संदेश भेजा गया था कि सक्सेना उनसे और उपमुख्यमंत्री से मिलने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी पुष्टि की कि उन्हें एक संदेश मिला है कि उपराज्यपाल उनसे और उपमुख्यमंत्री से मिलने के लिए तैयार हैं। हालांकि, केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि उनके विधायकों को भी बैठक में शामिल होने की अनुमति दी जाए। मार्च के दौरान आप विधायकों ने शिक्षकों को फिनलैंड भेजने के सरकार के प्रस्ताव पर कथित तौर पर आपत्ति जताने को लेकर उपराज्यपाल के खिलाफ नारेबाजी की। विधायकों के हाथ में तख्तियां थीं, जिन पर सक्सेना से शिक्षकों को फिनलैंड भेजने की अनुमति देने का आग्रह करते हुए नारे लिखे थे।*

## उपराज्यपाल देंगे अनुमति : केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि उपराज्यपाल अपनी गलती पर गौर करेंगे और शिक्षकों को फिनलैंड में प्रशिक्षण की अनुमति देंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकते, लेकिन वह ऐसा कर रहे हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के काम जानबूझकर राजनीतिक कारणों से बाधित किए जा रहे हैं और कहा कि उपराज्यपाल कोई हमारे प्रधानाध्यापक नहीं हैं जो हमारा होमवर्क जांचेंगे। उन्हें हमारे प्रस्तावों के लिए केवल हां या ना कहना है। मुख्यमंत्री ने पूछा कि अगर निर्वाचित सरकार के पास फैसले लेने का अधिकार नहीं होगा तो वह कैसे काम करेगी। मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल से सवाल करते हुए उनसे लिखित में यह देने का आग्रह किया कि प्रस्ताव को



खारिज नहीं किया गया है। केजरीवाल ने कहा कि उपराज्यपाल ने कहा कि उन्होंने शिक्षकों को फिनलैंड प्रशिक्षण के लिए भेजने संबंधी प्रस्ताव को कभी भी खारिज नहीं किया।


विधानसभा की बैठक स्थगित करने के बाद धरने पर बैठे भाजपा विधायक।

## सिलेंडर लेकर सदन में पहुंचे भाजपा विधायक

- विधानसभा की बैठक स्थगित करने के बाद धरने पर बैठे, किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र सोमवार को शुरू होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक वायु प्रदूषण को रोकने में, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी सरकार की कथित निष्क्रियता के विरोध में सदन के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर ले कर पहुंचे।

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने भाजपा सदस्यों से सिलेंडर बाहर ले जाने को कहा और सवाल किया कि सुरक्षा के बावजूद वे सदन में सिलेंडर कैसे ले आए। इस चूक का संज्ञान लेते हुए उन्होंने इस मुद्दे पर सुरक्षाकर्मियों को अपने कक्ष में बुलाया। प्रदूषण से निपटने में आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार की कथित निष्क्रियता के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सोमवार को दिल्ली विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन ऑक्सीजन मास्क और सिलेंडर लेकर पहुंचे।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली गैस चैंबर बन गई है लेकिन आप नीत सरकार प्रदूषण की समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। कार्यवाही शुरू होते ही आप के विधायकों ने मास्क पहने और ऑक्सीजन सिलेंडर लाने वाले भाजपा विधायकों का विरोध शुरू कर दिया। नाराजगी प्रकट करते हुए विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने निर्देश दिया कि भाजपा सदस्यों से सिलेंडर ले लिया जाए और सवाल किया कि सुरक्षा प्रतिबंधों के बावजूद वे उन्हें सदन में कैसे लाए। चूक का संज्ञान लेते हुए और यह देखते हुए कि सिलेंडर का इस्तेमाल किसी को घायल करने के लिए किया जा सकता है, उन्होंने इस मुद्दे पर सुरक्षा कर्मियों को अपने कक्ष में बुलाया।

भाजपा विधायकों बिधूड़ी, अभय वर्मा, मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा और जितेंद्र महाजन भी अपने गले में तख्तियां पहने हुए देखे गए। इन तख्तियों पर लिखा था कि जहरीली हवा के कारण दिल्ली के लोग मर रहे हैं। विपक्षी दल के विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की।

## मुख्यमंत्री का व्यवहार अराजक : वीरेन्द्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि विधानसभा भवन में और उसके बाद उपराज्यपाल कार्यालय के बाहर मुख्यमंत्री एवं उनके विधायकों के व्यवहार ने स्थापित कर दिया की यह लोग अलटीमेट अराजक हैं। सचदेवा ने कहा है कि विधानसभा को सुचारू रूप से चलाने की नैतिक जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की होती है पर लोगों ने आज खुद मुख्यमंत्री को ना सिर्फ अपने विधायकों से विधानसभा में हंगामा करवाते देखा बल्कि बाद में स्वयं उपराज्यपाल कार्यालय तक विरोध मार्च का नेतृत्व किया। इसके पीछे मुख्यमंत्री की मंशा स्पष्ट थी की वह कुछ साल पहले उपराज्यपाल कार्यालय में किये धरने की पुनरावृति करना चाहते थे।

## विस सत्र का पहला दिन आरोप प्रत्यारोप में गंवाया : कांग्रेस

- चौधरी अनिल ने कहा- केजरीवाल और भाजपा को लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी और भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन का इस्तेमाल लोगों के लिए काम करने के बजाय राजनीतिक नौटंकी करने व एक दूसरे पर आरोप लगाने में में गंवा दिया।

यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्रींसिपल व वाईस



प्रिंसिपल सहित हजारों शिक्षकों के खाली पदों को भरने की कोई परवाह नहीं है। यह चौंकाने वाला है कि दिल्ली को एक बार फिर दूसरा सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है, लेकिन आम आदमी पार्टी और भाजपा को लोगों के स्वास्थ्य के प्रति कोई चिंता नहीं है। वायु प्रदूषण लोगों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर रहा है। अनिल कुमार ने कहा कि जब कांग्रेस 15 साल तक दिल्ली में सत्ता में थी, तब शीला दीक्षित सरकार ने कभी भी राजनीतिक लाभ के लिए विधानसभा सत्रों का दुरुपयोग नहीं किया।

## एलजी के सामने नहीं पेश कर रही सरकार 3 सीएजी रिपोर्ट!

- आप सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने अभी तक उपराज्यपाल वीके सक्सेना को कैग की तीन रिपोर्ट नहीं भेजी है, जिसे विधानसभा में पेश किया जाना है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मंजूरी के बाद ही यह रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जा सकेगी। आप सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार, 31 मार्च, 2021 को समाप्त




वर्ष के लिए तीन कैग रिपोर्ट, राज्य के वित्त पर आडिट रिपोर्ट, दिल्ली में वाहनों के वायु प्रदूषण की रोकथाम और शमन पर प्रदर्शन आडिट और राजस्व, आर्थिक, सामाजिक एवं सामान्य क्षेत्रों और पीएसयू पर रिपोर्ट लंबे समय से उपमुख्यमंत्री कार्यालय के पास लंबित हैं। सूत्रों ने कहा कि राज्य की वित्त रिपोर्ट पिछले साल जून से लंबित है, वाहन प्रदूषण के शमन पर प्रदर्शन रिपोर्ट सीएजी द्वारा सितंबर 2022 में दिल्ली सरकार को भेजी गई थी और तीसरी रिपोर्ट राजस्व, आर्थिक, सामाजिक और सामान्य क्षेत्रों और पीएसयू के पास पड़ी है। 10 नवंबर से लंबित है। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली सरकार को उन्हें सदन में पेश करने से पहले उपराज्यपाल की मंजूरी लेनी होगी।

एक अधिकारी ने कहा कि ये सभी रिपोर्ट प्रधान लेखा कार्यालय द्वारा उपमुख्यमंत्री के कार्यालय में वित्त विभाग के माध्यम से विधानसभा के पटल पर रखने के लिए एलजी की मंजूरी लेने के लिए प्रस्तुत की गई थीं। फ़ाइल निगरानी प्रणाली के अनुसार, उक्त सभी फाइलें उप मुख्यमंत्री कार्यालय के पास हैं।

## जैकलिन की विदेश यात्रा को लेकर नई अर्जी पर ईडी से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिज की विदेश जाने की अनुमति मांगने संबंधी अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब तलब किया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने ईडी को निर्देश दिया कि वह फर्नांडिज द्वारा पेशेवर कार्यों के लिए इस महीने के आखिरी हफ्ते में दुबई जाने की अनुमति प्रदान करने संबंधी अर्जी पर 25 जनवरी तक जवाब दाखिल करे। अभिनेत्री ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात करने के लिए विदेश जाने की अनुमति मांगने वाली याचिका न्यायाधीश के इस सुझाव पर वापस ले ली थी।

## मेयर के चुनाव के लिए 24 को होगी बैठक

- सदन में हंगामे की भेंट चढ़ गई थी पहली बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नवनिर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण और मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए 24 जनवरी को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की अगली बैठक बुलाने को मंजूरी दे दी है। राज निवास के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व, एमसीडी सदन की पहली बैठक नवनिर्वाचित पार्षदों के हंगामे के बाद मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के बिना ही स्थगित कर दी गई थी।

अधिकारी ने कहा कि उपराज्यपाल ने पार्षदों को शपथ दिलाए जाने, मेयर, डिप्टी मेयर एवं स्थाई समिति के छह सदस्यों के चुनाव के लिए 24 जनवरी को दिल्ली नगर निगम की अगली बैठक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी



है। अधिकारियों के अनुसार यह बैठक डॉ. एस.पी. मुखर्जी सिविक सेंटर के अरुणा आसफ अली सभागार में सुबह 11 बजे शुरु होगी। नवनिर्वाचित एमसीडी की पहली बैठक छह जनवरी को हुई थी और मेयर एवं डिप्टी मेयर का चुनाव किए बिना ही स्थगित कर दी गई क्योंकि आम आदमी पार्टी (आप) पार्षदों ने सदन के 10 एल्डरमेन (मनोनीत) सदस्यों को शपथ दिलाए जाने को लेकर विरोध जताया था। सदन में हुई झड़प के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आप ने एक-दूसरे पर अपने पार्षदों पर हमला करने का आरोप लगाया था।

## राम मंदिर, पार्टी उपलब्धियों का कार्यकारिणी स्थल पर उल्लेख

- एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी स्थल पर लगाई गई एक प्रदर्शनी में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण कार्य पर विशेष ध्यान दिया गया है।

दो दिवसीय कार्यकारिणी सोमवार को यहां स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कनवेंशन सेंटर में आरंभ हुई। प्रदर्शनी मोटे तौर पर छह विषयों पर आधारित है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को संस्कृति के ध्वजवाहक के रूप में दिखाया गया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे पार्टी ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और काशी विश्वनाथ और महाकालेश्वर मंदिरों के कायाकल्प द्वारा भारत की प्राचीन संस्कृति को संरक्षित और बहाल किया है।

प्रदर्शनी में भाजपा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि भारत कैसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु के रूप में उभर रहा है। प्रदर्शनी में पार्टी के राष्ट्रवादी एजेंडे, भारत को मजबूत करने के लिए मोदी सरकार द्वारा किए गए विभिन्न उपायों और विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान पार्टी द्वारा किए गए कल्याण और सार्वजनिक सेवा कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।

## राजधानी में पारा 1.4 डिग्री पर पहुंचा, दिन में धूप निकलने से राहत

- दो दिन में नौ डिग्री तक गिरा तापमान, अभी तीन दिन सताएगी शीतलहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में सोमवार को सुबह शीतलहर का प्रकोप रहा और सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह एक जनवरी 2021 के बाद से इस महीने सबसे कम तापमान है। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान महज दो दिन में करीब नौ डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है।

शनिवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस और रविवार को 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।मौसम विभाग के अनुसार राजधानी दिल्ली में औसत



न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं दिन का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 18.7 डिग्री सेल्सियस रहा। लोधी रोड पर स्थित मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोधी रोड पर ही भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का मुख्यालय स्थित है। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस, मध्य दिल्ली के रिज में दो डिग्री सेल्सियस और पश्चिम दिल्ली के जफरपुर में 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सफदरजंग में एक जनवरी 2021 को न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। इस साल आठ जनवरी को न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में पांच से नौ जनवरी तक भीषण शीतलहर चली जो एक दशक में इस महीने में प्रचंड शीतलहर की दूसरी सबसे लंबी अवधि रही।

अभी तक इस महीने 50 घंटे तक घना कोहरा दर्ज किया गया जो 2019 के बाद से सबसे अधिक है। आईएमडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में साफ मौसम और कोहरा न होने के कारण धूप खिलेगी तथा दिन का तापमान सामान्य रहेगा, लेकिन रात और सुबह के समय शीतलहर चलेगी। हालांकि इस शीतलहर की तुलना पहले से नहीं की जा सकती। स्काईमेट वेदर के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी महेश पालावत ने कहा कि मंगलवार को न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के 14 जनवरी को पीछे हटने के बाद मैदान में ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं चली।

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण 19 से खत्म हो जाएगी शीतलहर

दिल्ली के अलावा उत्तर और उत्तर पश्चिम भारत में सोमवार को कड़ाके की ठंड का प्रकोप रहा और कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में 19 जनवरी से शीत लहर की स्थिति समाप्त हो जाएगी, जो इस क्षेत्र में एक के बाद एक कम अंतराल पर प्रभावी होंगे। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली के कई हिस्सों समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। राजस्थान के चूरू में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया जो सोमवार को मैदानी इलाकों में सबसे कम था।

# पहले था व्यापारी का ड्राइवर अब नौकरी छोड़ मांगी एक करोड़ रुपये की फिरौती

**10 जनवरी 2023 को मकान के गेट पर लिफाफे में मिली थी धमकी भरी चिट्ठी**

**एक करोड़ का प्रबंध होने पर कंपनी के गेट पर झंडा लगाने की भी दी थी सलाह**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पुलिस गिरफ्त में एक करोड़ रुपये फिरौती मांगने का आरोपी।

**एक** व्यापारी से एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। उसने बीती 10 जनवरी 2023 को व्यापारी के घर के गेट पर एक लिफाफे में फिरोती देने की चिट्ठी डाली थी। आरोपी को व्यापारी के घर-परिवार की पूरी जानकारी थी। वह पहले उनकी गाड़ी पर ड्राइवर था। 11 जनवरी को सेक्टर-14 निवासी एक व्यापारी ने पुलिस थाना सेक्टर-14 में शिकायत देकर कहा था कि 10 जनवरी 2023 को सुबह इसके मकान के गेट पर इसके ड्राइवर को एक लिफाफा मिला, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने 11 जनवरी 2023 तक उसको एक करोड़ रुपये दे। रुपये ना देने की सूरत में उसको व उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। उस अज्ञात पत्र में यह भी लिखा था कि रुपयों का इंतजाम होने के बाद यह (शिकायतकर्ता) अपनी कम्पनी के गेट पर झंडा लगाएगा, ताकि ये समझ जाए कि रुपयों का इंतजाम हो गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। अपराध शाखा सेक्टर-17 प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र ने अपनी पुलिस टीम के साथ इस शिकायत पर तत्परता से कार्यवाही शुरू की। आरोपी को 15 जनवरी 2023 को इफ्को चौक से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान संदीप त्यागी उर्फ जितेन्द्र (32) के रूप में हुई। वह 12वीं पास है।

### मई-2022 में छोड़ी थी ड्राइवर की नौकरी

**आरोपी** संदीप त्यागी ने बताया कि वह शिकायतकर्ता की कम्पनी में आरोपी एक गाड़ी पर चालक की नौकरी करता था। मई-2022 में वह नौकरी छोड़कर चला गया था। वह कम्पनी के मालिक (शिकायतकर्ता/पीड़ित) के घर व घर के सभी सदस्यों के बारे में जानता था कि कौन किस समय कहां जाता है। उसने आसानी से बड़ी रकम प्राप्त करने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया।

# प्रदेश में चार लाख पन्ना प्रमुखों का लक्ष्य पूरा करने में जुटी भाजपा

**प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भाजपा का कुनबा बढ़ा रहे**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



ओमप्रकाश धनखड़।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ पार्टी को नई उंचाईयों तक पहुंचाने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष ने 4 लाख पन्ना प्रमुखों को जोड़ने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया है, ताकि 31 जनवरी तक सभी को दायित्व दिया जा सके।

प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के स्थापना दिवस यानि 6 अप्रैल तक इन सभी पन्ना प्रमुखों की कार्यशाला का आयोजन करने का लक्ष्य भी अपनी पार्टी के पदाधिकारियों को दिया है। हाल ही में इस विषय को लेकर कई बैठकें हो चुकी है, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में जल्दी से जल्दी इस टारगेट को पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि मिशन 2024 के लिए बनाए गए रोडमैप के अनुसार आगे बढ़ा जा सके।

संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए कोई दिन ऐसा नहीं जाता, जब पार्टी अध्यक्ष संगठन की बैठकें ना करते हों या फिर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनका संवाद नहीं होता हो। पिछले दो साल से अधिक के कार्यकाल में उन्होंनें लगभग हर दिन कोई न कोई बैठक प्रदेश भर में जरूर की, जिससे धनखड़ की छवि एक क्रियाशील और पार्टी कार्यकर्ताओं की संभाल करने वाले अध्यक्ष के रूप में बनी हैं। श्रीधनखड़ भी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को और उनके काम करने के जज्बे को बार-बार मंचों से सराहते रहे हैं। यही कारण है कि ओमप्रकाश धनखड़ कार्यकर्ताओं को जो संगठन मजबूती के लिए जो टारगेट देते हैं, कार्यकर्ता भी पूरा करने के लिए लग जाते हैं।

# घर बैठे मिला बीपीएल कार्ड तो भरत सिंह ने किया सरकार का धन्यवाद



गुरुग्राम के खंड पटौदी में घर बैठे ही बने राशन कार्ड को दिखाते भरत सिंह व उनका परिवार।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अंत्योदय** उत्थान के लक्ष्य के साथ धरातल पर काम कर रही हरियाणा सरकार अब विभिन्न जनसेवाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही दे रही है और इसका सशक्त माध्यम बना है परिवार पहचान पत्र। राशनकार्ड सेवा को परिवार पहचान पत्र से जोड़ने के बाद अब आमजन को राहत मिलने लगी है। अपात्र व्यक्तियों को भी सरल माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा वास्तविक लाभपात्रों का योजनाओं का लाभ देने के लिए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के माध्यम से राशनकार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय सत्यापित हो चुकी है, उनके उसी श्रेणी के आधार पर राशन कार्ड भी बन गए हैं। जिन परिवारों के पास मैसेज आ चुके हैं, वह उस लिंक पर क्लिक करके अपने राशन कार्ड का प्रिंट ले सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि इस नई व्यवस्था के माध्यम से गुरुग्राम जिला में जनवरी माह में 31 हजार 405 परिवारों के आय के अनुसार उनके एएवाई और बीपीएल श्रेणी के कार्ड बन गए हैं। यह कार्ड सीधे ही लाभपात्रों के मोबाइल पर लिंक के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। आए हुए मैसेज पर क्लिक करके वह अपना राशन कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और उसमें दिए गए डिपो होल्डर की दुकान से अपना राशन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पात्र परिवार जब भी कॉमन सर्विस सेंटर पर राशन कार्ड बनवाने के लिए जाएं तो वे अपना परिवार पहचान पत्र व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर जरुर साथ ले जाएं। राशन कार्ड के लिए ओटीपी परिवार पहचान पत्र में दर्ज मोबाइल नंबर पर ही आएगा। कॉमन सर्विस सेंटर से जो प्रिंट प्राप्त होगा, वही राशन कार्ड के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकेगा।

**घर बैठे राशन कार्ड मिला तो भरत सिंह का परिवार हुआ खुश :** परिवार पहचान पत्र के माध्यम से बीपीएल राशनकार्ड प्राप्त करने वाले पटौदी खंड के गांव बलेवा के लाभार्थी भरत सिंह का कहना है कि हरियाणा सरकार परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आम आदमी को लाभ पहुंचा रही है। राशनकार्ड के लिए उन्हें उनके परिवार पहचान पत्र में दर्ज नंबर पर एक लिंक प्राप्त हुआ था। जिसे उन्होंने गांव में स्थित सीएससी केंद्र पर जाकर सीएसई संचालक को दिखाया और उनका राशनकार्ड प्रिंट कर उन्हें उपलब्ध करा दिया।

# सुपर ग्रेजुएट तैयार करेगा श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय



श्रीविश्वकर्मा विश्वविद्यालय में दौरा करते हरियाणा के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) जेएस नैन।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) जेएस नैन ने कहा कि श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सुपर ग्रेजुएट तैयार करेगा। इनकी देश और दुनिया में अलग पहचान होगी। उन्होंने इसका श्रेय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू की प्रतिभा और नवाचारी सोच को दिया। वह सोमवार को विश्वविद्यालय के दुधौला परिसर में सभी संकायों के प्रतिनिधियों का संबोधित कर रहे थे।

जेएस नैन ने कहा कि श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय एक आदर्श के मुताबिक भविष्य के लिए काम कर रहा है। उन्होंने मौके और जरूरत के हिसाब से अपने आप को बदलने की प्रेरणा दी और शिक्षा के क्षेत्र में श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को इसका सबसे उत्कृष्ट उदाहरण बताया। श्रीनैन ने कहा कि विद्यार्थियों की योग्यता और कुशलता को चिन्हित कर उनमें समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन लाना अत्यंत आवश्यक है। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस काम को मिशन के रूप में कर रहा है। उन्होंने बड़े लक्ष्य रखने और उन्हें पूरा करने की हिम्मत जुटाने की प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि नवाचार से जुड़ना और उसे विकसित करना सबसे महत्वपूर्ण है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इसी विजन पर काम कर रहा है। कुलपति राज नेहरू ने ऑन द जॉब ट्रेनिंग से लेकर पढ़ाई के साथ कमाई की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला। सेवानिवृत फौजियों के लिए रिकोग्नेशन ऑफ प्रायर लर्निंग में काम करने की योजना पर भी विचार किया गया। कुलपति राज नेहरू ने कहा कि जब तक कंफर्ट जोन से बाहर आकर दूरदृष्टि से जोखिम नहीं लेंगे, तब तक उद्यमिता का विकास नहीं हो सकता। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए नवाचारी होना और नए क्षेत्रों में नूतन प्रयोग करना जरूरी है।

लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) नैन को कंस्ट्रक्शन स्किल एकेडमी, सीएनसी लैब, सोलर लैब और एडवांस्ड इलेक्ट्रिक लैब का भ्रमण करवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन लैब के माध्यम से न केवल श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, बल्कि इनोवेटिव स्किल स्कूल और आईटीआई विद्यार्थियों को भी स्किल्ड बनाया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) जेएस नैन विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक और विश्व स्तरीय लैब को देख अभिभूत हुए और उन्होंने उपकरणों की बारीकी से जानकारी ली। पहली बार विश्वविद्यालय पहुंचे श्रीनैन का बंचारी के लोक वाद्य और स्वर लहरियों के साथ भाव-भीना स्वागत किया गया। कुलपति ने बताया कि बंचारी की लोक गायन और वाद्य कला को इनोवेटिव स्किल स्कूल के माध्यम से ब्रांड बनाने की कोशिश है।

# बदलते मौसम से नागरिक हो रहे चरम रोग के शिकार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के नागरिक अस्पताल में उपचार लेते चर्म रोग से पीड़ित नागरिक।

**मौसम** में हो रहे बदलाव के कारण आम नागरिक चरम रोग से ग्रस्त हो रहे है। नागरिक अस्पताल में आने वाले हर दिन रोगियों में से 50 फीसदी चर्म रोग से ग्रस्त आ रहे हैं।

मौसम में आए बदलाव से आग नागरिक चरम रोग का सबसे ज्यादा रोगी बन रहा है। जिसके कारण नागरिक अस्पताल में उपचार लेने पहुंचे रहे नागरिकों में 50 फीसदी चरम रोग से ग्रस्त है। जिनमें से 20 फीसदी नागरिक प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्वाच्छता सर्वेक्षण के तहत उपचार ले रहे हैं।

बाकी 80 फीसदी नागरिक सरकार द्वारा दी जा रही अन्य प्रकार की सुविधाओं से उपचार ले रहे है। नागरिक अस्पताल के आयुष विभाग के डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि मौसम बदलाव के दौरान सर्दी में शरीर के अंदर नमी की मात्रा घट जाती है। जबकि बरसात के मौसम में शरीर के अंदर नमी की मात्रा क्षमता से अधिक बढ़ जाती है। इन्ही कारणों के कारण दोनों की मौसम में आम नागरिक चरम रोग का शिकार सबसे ज्यादा होता है। सर्दी के मौसम में शरीर के अंदर खुश्की होने के कारण चमड़ी पर फ्यास या सूखापन आ जाता है। जिसे बार-बार खुजलाना पड़ता है।

**पसीना निकालने को योग अधिक करें :** डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि चरम रोग से बचने के लिए नागरिकों को सर्दी के मौसम में इतना योग करना चाहिए। जिससे उसके शरीर में पसीना निकल सके। शरीर से पसीना निकलने पर नमी बनती है। चरम रोग समेत अन्य मौसमी बीमारियों से बचना आसान होता है। हर मौसम में योग शरीर को निरोग बनता है।

**चरम रोग ठीक करने का मंत्र :** सर्दी व बरसात के मौसम में चरम रोग से बचने के लिए अपने खानपान को सही रखें। चरम रोग की शिकायत होने पर लाल मिर्च से लेकर खट्टा खाने से गुरेज करे। डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि योग के साथ-साथ खानपान में सावधानियां बरतना भी सबसे बड़ी दवा है।

# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोमवार को सोहना के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर नुक्कड़ नाटक करतीं एनएसएस की छात्राएं।

**राजकीय** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की छात्राओं ने शहर में नुक्कड़ नाटक करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर और असामाजिक तत्व के खिलाफ मुंह तोड़ जबाव देने के लिए आत्मशक्ति का उपयोग करने का संदेश दिया। वहीं नगर की अनाज मंडी में सामूहिक रूप से सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश भी दिया।

शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में चल रहा एनएसएस शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और सामूहिक रुप से सफाई करते हुए आम नागरिकों को जागरुक किया। सोमवार को एनएसएस में भाग लेने वाली छात्राओं ने सामूहिक रुप से अनाज मंडी में सफाई की। अनाज मंडी में आने जाने वाले आम नागरिकों छात्राओं ने अपने आस-पास साफ सफाई रखने का संदेश दिया। आने व जाने वाले नागरिकों को गंदगी से होने वाली बीमारियों के विषय में और स्वच्छता से होने वाले लाभ की भी जानकारी दी। उसके बाद छात्राओं ने शहर के मुख्य चौक शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर महिला सशक्तिकरण के माध्यम से आत्म निर्भर और आत्मबल की पहचान करने का संदेश नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया। छात्राओं के नुक्कड़ नाटक के देखने वाली महिलाओं को देखते-देखते भीड़ लग गई। छात्राओं ने बताया कि महिलाएं असामाजिक तत्वों का कैसे मुकाबला कर सकती है। मुकाबला करने से महिलाओं के अंदर आत्मबल की शक्ति बढ़ती है। इससे अन्य महिलाएं और लड़कियों को भी ताकत मिलती है।

छात्राओं ने नाकट के माध्यम से महिलाओं के प्रति फैली कुरीतियों का मुकाबला करने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ स्कूल प्रधानाचार्य जयवीर सिंह, प्राध्यापक कृष्णपाल, एनएसएस शिविर की प्रभारी शिक्षिका विजय लक्ष्मी समेत अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

# ...पाले ने फिर किसानों के माथे पर खिंची चिंता की लकीर

**पिछली दो रात से पड़ रहे पाले ने किया फसलों को 30 से 40 फीसदी नुकसान**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



रविवार की रात को पड़े पाले की सफेद चादर नजर आती हुई।

**पिछली** दो रात से पड़ रहे पाले से फसलों को 30 से 40 फीसदी नुकसान हुआ। पाले ने एक बार फिर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच दी हैं। शनिवार और रविवार की रात को पाला पड़ने से किसान अपनी फसलों को लेकर चिंता में पड़ गया है।

इस बार पाले का असर सरसों और सब्जी वाली फसलों पर 30 से 40 फीसदी नुकसान हुआ है। सरसों की फली में पड़ रहा दाना पानी बनकर पिघलने लगा है। जिससे सरसों की पैदावार समाप्त होने का पूरा-पूरा खतरा बन गया है। किसान हरकेश ने बताया कि सरसों की फसल का दाना कच्चा है। पाला की ठंड से दाना फली में ही अधिक ठंड के कारण समाप्त हो जाता है। जबकि जिस सरसों की फसल में अभी फूल आना शुरू हुआ है। उसमें फली नहीं बन रही है।

**सब्जी की फसलों पर दिखा पूरा असर :** पाला अधिक पड़ने से सब्जी देने वाली फसलों पर इसका पूरा असर पड़ रहा है। पाले से फसलों के पत्ते झूलने लगे हैं। बैंगन, टमाटर, मिर्च, फूल गोभी सिकुड़ने लगी है। जिससे फसल की पैदावार 50 फीसदी कम होने की आशंका सता रही है।

सब्जी की पौध वाली फसलें भी काली पड़ने लगी हैं। किसान ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि पाले की मार से सब्जी वाली फसलों को उखाड़ कर फेंका जाएगा, क्योंकि उनकी पैदावार पूरी तरफ से बरबाद हो गई है। इससे किसानों को कुल पैदावार से 50 फीसदी का नुकसान हो गया है।

> “**पाले** से अपनी फसल को बचाने के लिए किसानों को लगातार पानी देना होगा। फसल को पानी मिलने से किसी भी फसल पर पाले का असर कम होता है।
>
> **अरुण सोलंकी**
> **(खंड अधिकारी कृषि विभाग)**

# आशा वर्कर्स लोगों को चिरायु योजना से जुड़ने को करेंगी प्रेरित

**मुख्यमंत्री सर्वेक्षण योजना में स्वास्थ्य जांच कराने और बीमारी होने पर इलाज कराने की सलाह देंगी**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के नागरिक अस्पताल में आशा वर्कर्स को पाठ पढ़ाते डॉक्टर कुलभूषण।

**केन्द्र** सरकार की चिरायू योजना को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से आशा वर्कर्स को आम नागरिकों को जागरुक करने का पाठ पढ़ाया। नागरिक योजना का लाभ लेने में अपनी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिसके कारण इस योजना सिरे से नहीं चढ़ पा रही है।

केन्द्र सरकार की चिरायु और प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग अधिकारी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन इस योजना का लाभ लेने के लिए आम नागरिक अपनी सही भागीदारी नहीं दिखा रहा है। जिसके कारण दोनों ही योजनाएं दम तोड़ती हुई नजर आने लगी है। योजना का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने आशा वर्कर्स को घर-घर जाकर नागरिकों को अपना चिरायु कार्ड का अपडेट कराने के लिए प्रति जागरुक करने को कहा है। इसके साथ-साथ प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना के तहत आम नागरिक अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं तथा बीमारी मिलने पर उसका फ्री उपचार कराने की सलाह दी जा रही है। ताकि प्रदेश का आम नागरिक निरोग बन सके।

**आशा वर्कर्स को पढ़ाया पाठ :** सोमवार को नागरिक अस्पताल में डॉक्टर कुलभूषण ने आशा वर्कर्स के साथ बैठक करते हुए उन्हे घर-घर जाकर चिरायु योजना का लाभ न लेने वाले परिवारों की पहचान करने का निर्देश दिया है। जिन नागरिकों ने अभी तक योजनाओं का लाभ नहीं लिया है। उन्हें योजना से जुड़ने का तरीका और उससे मिलने वाले फायदों की जानकारी बारीकी से देने को कहा है। जिससे योजना का लाभ अधिक नागरिक ले सके।

> “**तकनिकी** परेशानियों के कारण केन्द्र सरकार की चिरायु और प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना का अधिक नागरिक लाभ नहीं ले पा रहे है। दोनों की योजनाओं को पहले परिवार मुखिया से जोड़ना था। लेकिन अब परिवार पहचान पत्र से जोड़ने की कार्रवाई से परेशानियां आ रही है।
>
> **डॉ. कुलभूषण**
> **(नागरिक अस्पताल सोहना)**

# जुवेना हर्बल्स ने हर मौके के लिए अलग शेड्स के साथ लॉन्च की स्वास्थ्यप्रद एम'लेडी लिपस्टिक

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**लोकप्रिय** हर्बल ब्यूटी ब्रांड जुवेना हर्बल्स ने हाल में शानदार तरीके से लिपस्टिक के क्षेत्र में कदम रखा है। भारत में 1952 में लिपस्टिक आई थी और उस समय इसे देश में महिलाओं के लिए सबसे क्रांतिकारी मेक-अप प्रोडक्ट कहा गया था। जुवेना हर्बल्स ने अपनी एम'लेडी ब्रांड की लिपस्टिक के साथ इस दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। कंपनी का लक्ष्य इस उद्योग में गुणवत्ता एवं सौंदर्य के मामले में अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करना है।

एम'लेडी ब्रांड के तहत अनूठी और विस्तृत रेंज की लिपस्टिक्स को कई कारणों से हर्बल ब्यूटी मार्केट में पसंद किया जा रहा है। इनमें लैवेंडर ऑयल, टी ट्री ऑयल, ऑरेंज ऑयल आदि जैसे कई एसेंशियल ऑयल्स हैं। इनमें आलमंड ऑयल, विटामिन ई, बीवैक्स, कोकोआ बटर आदि जैसे कई अन्य अहम घटकों का भी प्रयोग किया गया है। इन लिपस्टिक्स में प्रयोग किए गए पिगमेंट उच्च गुणवत्ता वाले हैं और शानदार परिणाम देते हैं। इनके साथ प्री और पोस्ट लिप केयर किट भी मिलती है। बाजार में उपलब्ध अन्य ज्यादातर लिपस्टिक से इतर इन लिपस्टिक्स से आपके होठों पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

लिपस्टिक्स की यह एक्सक्लूसिव और स्वास्थ्यपूर्ण रेंज दो वैरिएंट में उपलब्ध है, लिक्विड मेट फिनिश लिपस्टिक्स के 6 अनूठे शेड्स और बुलेट मॉइश्चराइजिंग लिपस्टिक्स के 9 खूबसूरत शेड्स। लिक्विड मेट फिनिश लिपस्टिक्स के शेड्स में जयपुरी पिंक, परफेक्ट रेड, चेरी रेड, विंटेज वाइन, लाइलेक ऑल डे और ब्रिक नेचुरल शामिल हैं। बुलेट मॉइश्चराइजिंग लिपस्टिक्स में क्रश रोज, लीची, स्कारलेट, रेड चिली, न्यूड पिंक, पिंक फॉरेवर, प्लम वाइन, पार्टी कोक और ऑरेंज फ्लेम शेड्स शामिल हैं। जुवेना हर्बल्स की



संस्थापक एवं सीईओ मेधा सिंह ने कहा कि एम'लेडी की लिक्विड लिपस्टिक्स को होठों को मेट फिनिश और टिकाऊ लुक देने के लिए बनाया गया है। इनमें व्हीट जर्म, बीवैक्स, कोकोआ बटर और कई अन्य आवश्यक तेल की पर्याप्त मात्रा है। इससे ये लिपस्टिक 100 प्रतिशत नॉन ट्रांसफरेबल बनती हैं, होठों को सही शेप देती हैं और पोंछने पर होठों को रूखा नहीं करती हैं। लिपस्टिक को मिटाने के बाद भी होंठ नरम बने रहते हैं। आमतौर पर बाजार में उपलब्ध बुलेट लिपस्टिक बहुत टिकाऊ नहीं होती हैं और आसानी से मिट जाती हैं। इसलिए इन्हें बार-बार लगाना पड़ता है। एम'लेडी बुलेट लिपस्टिक्स को खासतौर पर टिकाऊ होने के लिहाज से बनाया गया है, जो होंठों को नरम रखती हैं।

सभी उम्र की लड़कियां और महिलाएं अलग-अलग ब्रांड और रंग की लिपस्टिक प्रयोग करती हैं। कई लिपस्टिक ने भारत की कॉस्मेटिक इंडस्ट्री में अपनी अमिट छाप छोड़ दी है। हर कंपनी अच्छी लिपस्टिक बनाने के लिए अलग कंपोजिशन और फॉर्मूला का प्रयोग करती है। जुवेना हर्बल्स की एम'लेडी लिपस्टिक्स को इस लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है कि लड़कियां और महिलाएं होंठों को कोई नुकसान होने का डर छोड़कर नए रंग और वैरिएंट को आजमा सकें।

# स्किल लैब: जच्चा-बच्चा की देखभाल का दिया प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण लेने वालों में छह जिलों के 16 सदस्य रहे शामिल : डॉ. अहलावत

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल की स्किल लैब में नौ से 14 जनवरी तक चले बैच में एक मेडिकल ऑफिसर समेत 15 नर्सिंग ऑफिसरों को प्रशिक्षण दिया गया। बैच में रेवाड़ी, नारनौल, मेवात, पलवल, गुरूग्राम और फरीदाबाद के डॉक्टर और स्टाफ शामिल रहे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी/डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुशील अहलावत ने बताया कि उन्हें जच्चा-बच्चा की देखभाल करने की पूरी जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षण लेने आए लोगों को यहां रहने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**यहां से आए थे प्रशिक्षु :** डॉ. अहलावत ने बताया कि फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम, नारनौल, रेवाड़ी और मेवात के अस्पतालों से प्रसूति वार्डों में स्टाफ की कमी को देखते हुए गर्भवती महिलाओं और बच्चों की ठीक से देखभाल के लिए प्रशिक्षण बीके सिविल अस्पताल की स्किल लैब में दिया जाता है। इस साल के पहले बैच को प्रशिक्षण पिछले दिनों दिया गया। इसमें गुरुग्राम सिविल अस्पताल से एक मेडिकल ऑफिसर और तीन नर्सिंग ऑफिसर, मेवात, नारनौल व पलवल से दो-दो नर्सिंग ऑफिसर, रेवाडी और फरीदाबाद के तीन-तीन नर्सिंग ऑफिसर मौजूद रहे।



प्रशिक्षु नर्सिंग ऑफिसरों और डॉक्टर के संग ट्रेनर।

**पढ़ाया ये पाठ :** डॉ. अहलावत ने बताया कि 16 सदस्यों को इस स्कील लैब में नॉर्मल डिलीवरी से लेकर मैटरनल एवं चाइल्ड हेल्थ से सम्बंधित, नवजात शिशु सुरक्षा और डिलीवरी के समय होने वाली ब्लीडिंग से बचाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। स्किल लैब में नए स्टाफ व छात्राओं को प्रेक्टीकल नॉलेज देने का कार्य किया जा रहा है। स्किल लैब में प्रशिक्षण के दौरान एक सप्ताह का पाठ पढ़ाया जाता है कि किस प्रकार से गर्भवती महिलाओं की देखभाल की जाती है। नवजात शिशु का किस प्रकार से रख रखाव किया जाता है। उन्हें प्रसूति वार्ड में दो सप्ताह के लिए भेजा जाता है।



डॉ. सुशील कुमार अहलावत।

ताकि वह इस कार्य के लिए पूरी तरह तैयार हो सके। इसकी ट्रेनिंग ट्रेनर मीनाक्षी, अर्चना और सरिता ने दी।

**रहने की परेशानी :** प्रशिक्षुओं ने बताया कि उन्हें यहां कठिनाईयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि यहां रहने के लिए कोई प्रबंध नहीं था। न ही कोई हॉस्टल की व्यवस्था थी। जिस कारण कुछ ने यहां-वहां पीजी में रहकर प्रशिक्षण लिया तो कुछ सदस्यों को अपने घरों से आना-जाना करना पड़ा। जिससे उन्हें परेशानियां हुई। उन्होंने कहा कि स्किल लैब बनी है, तो प्रशिक्षुओं के लिए होस्टल बने या फिर रुकने की व्यवस्था आसपास की जाए। ताकि प्रशिक्षण लेने वाले सदस्य परेशान न हों।

# अज्ञात बदमाशों ने कबाड़े के व्यापारी की हथोड़े से वार कर की हत्या

## हत्या के बाद आरोपी शव को रिजाई से ढक कर हो गए फरार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर बाटा मोड़ के निकट रामनगर में स्थित एक कबाड़ के गोदाम में बीती अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने गोदाम में मौजूद मालिक पर हथोड़े से वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट आने से गोदाम मालिक की मौके पर मौत हो गई। वारदात के बाद बदमाश शव को रिजाई से ढक कर फरार हो गए। सोमवार सुबह मृतक का भाई गोदाम पर पहुंचा।

जहां उसने चारपाई पर रिजाई से ढके शव को देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर आठ प्रभारी और सेक्टर 11 पुलिस चौकी के प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर अपराध शाखा और एफएसएल टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेजा गया। समाचार लिखे जाने तक हत्यारों का सुराग नहीं लग पाया है।





हत्या के बाद रोते बिलखते मृतक के परिजन। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस की टीम। इनसेट में मृतक रंजीत को फाइल फोटो

पलवल के समसाबाद स्थित नई बस्ती में रहने वाले शिव सिंह का कहना है कि उसका 68 वर्षीय बढ़ा भाई रंजीत सिंह राम नगर में अपना कबाड़े का गोदाम चलाता था। वह अपने भाई के गोदाम में काम करता है। वह हर रोज पलवल से रामनगर आना जाना करता है। अन्य दिनों की तरह सोमवार सुबह करीब पौने नौ बजे जब वह गोदाम में पहुंचा तो दरवाजा खुला हुआ था। अंदर चारपाई पर रजाई ओढ़ कर रंजीत सो रहा था। कई आवाज देने पर भी वह नहीं उठे तो उसने रजाई हटा देखा तो होश उड़ गए। उसने देखा कि रंजीत सिंह के सिर और नाक मुंह से खून बह रहा था।

चोट लगने और ज्यादा खून बहने से रंजीत सिंह की मौत हो चुकी थी। उसने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दे दी। जिसके बाद उसने परिजनों को फोन करने शुरू कर दिये। थोड़ी ही देर अधिकारी पुलिस बल के साथ गोदाम पर पहुंच गए। इस दौरान मौके पर अपराध शाखा और एफएसएल की टीमों को भी बुलाया गया। मौके का मुआयना करने के बाद पुलिस मामले की गहनता के साथ जांच शुरू कर दी। मौके से हत्या की वारदात में इस्तेमाल हथोड़ा बरामद कर लिया गया है। शव के पास बीयर और शराब की खाली बोतले भी रखी हुई। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या करने वाले मृतक के परिचित हो सकते हैं। वहीं लूटपाट की नियत से भी हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले की तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सूरजकुंड** मेले की नोडल अधिकारी एवं एडीसी अपराजिता ने कहा कि सूरजकुंड मेला अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदेश सहित पूरे देश की शान है। इसलिए इस मेले का आयोजन भव्य एवं विशाल होना चाहिए। इस बार का 36वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पूरी दुनिया में भारत का सिग्नेचर फेस्टिवल होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने यह बात आज सोमवार को सूरजकुंड मेला परिसर में चल रही 36वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले की तैयारियों का जायजा लेते हुए कही। सूरजकुंड मेले की नोडल अधिकारी एवं एडीसी अपराजिता ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, बिजली सहित तमाम व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। मौके पर उपस्थित सम्बंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां फुल प्रूफ तरीके से पूरी की जाएं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेले में पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इसके



लिए पूरे मेला परिसर में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे समय से लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में तालमेल कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाएं। मेला परिसर में हर समय डॉक्टरों सहित एम्बुलेंस की पर्याप्त टीमें उपलब्ध हों।

अतिरिक्त उपायुक्त ने मेला परिसर तक आने वाली सड़कों व उनपर लगीं स्ट्रीट लाइटों का मौके पर जाकर निरिक्षण किया। उन्होंने कहा कि पार्किंग पर पुलिस के जवान तैनात हों ताकि ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न न हो सकें। एडीसी ने मेला परिसर की बड़ी चौपाल का विस्तार करने के लिए चल रहे कार्य का मुआयना किया तथा चौपाल पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मचान स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि इस बार का मेला भव्य और बेहतरीन होगा और जी-20 के सभी देशों के राजदूत भी इस मेले में शिरकत करेंगे।

# हिसार कमिश्नरी का घेराव कर हल्ला बोलेंगे कर्मचारी



**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ की सोमवार को एक आवश्यक बैठक एनआईटी फरीदाबाद के हार्डवेयर चौक स्थित 11 केवी स्विटचिंग सिस्टम पावर हाउस पर हुई। जिसमें प्रदेश में होने वाले हरियाणा कर्मचारी महासंघ आगामी कार्यक्रमों के बारे में रूपरेखा तैयार कर आगामी रणनीति पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया।

जिसमें मुख्यरूप से उपस्थित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने अपने एक प्रेस बयान पर कहा कि आगामी 20 जनवरी 2023 को प्रदेश के भिन्न-भिन्न विभागों के हजारों कर्मचारी भारी संख्या में पूरे दलबल के साथ पूरे हुजूम में हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनरतले एवम आह्वान पर संघर्ष के दूसरे चरण में हिसार कमिश्नरी पर अपना जोरदार हल्ला बोलेगा और कर्मचारियों दवारा किये जाने वाले कड़े विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कमिश्नर के माध्यम से प्रदेश के मुखिया को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें हिसार कमिश्नरी के सभी जिलों के कर्मचारी साथी भारी से भारी संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपका संघर्ष ही आपकी कामयाबी है और यह संघर्ष तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक आपकी लाम्बित मांगों को प्रदेश सरकार पूरा ना कर दे। प्रदेश में कर्मचारियों की भारी कमी के बावजूद भी प्रदेश सरकार स्थाई भर्ती को नहीं कर रही है।

# सरकारी स्कूल अच्छे फिर भी पढ़ें प्राइवेट स्कूलों में : शर्मा

**फरीदाबाद।** हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई चिराग योजना का विरोध करते हुए इसे सरकारी स्कूलों को समाप्त करने की साजिश बताया है।

मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा, प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा ने कहा है कि एक ओर हरियाणा सरकार दाबा कर रही है कि उसने अपने सरकारी स्कूलों को मॉडल संस्कृति विद्यालय बनाकर व उनमें से कईयों को सीबीएसई की मान्यता दिला कर अपने स्कूलों को आधुनिक संसाधनों से युक्त बनाया है, सरकारी स्कूल पहले से बेहतर हो गए हैं। उनमें अच्छी पढ़ाई होती है। अत: अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला कराएं। वहीं दूसरी ओर सरकार अपने ही सरकारी स्कूलों के बच्चों को चिराग योजना के तहत प्राइवेट स्कूलों में भेजने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मंच ने चिराग योजना के दावों की पोल खोल दी है। मंच का कहना है कि शिक्षा अधिकार कानून के तहत प्रत्येक प्राइवेट स्कूलों में दाखिले में 25 फीसद परिवारों के बच्चों को आठवीं तक मुफ्त शिक्षा देने का नियम है।

# कागज उद्योग को कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इंडियन** पेपर मेन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (इप्मा) ने कहा कि भारत विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ कागज का बाजार है। हालांकि कागज की बढ़ती मांग को पूरा करने की राह में कच्चे माल की आपूर्ति कागज उद्योग के लिए चिंता का विषय है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे अच्छी स्थिति में है और इसे देखते हुए कागज उद्योग में विकास की रफ्तार आगे भी बनी रहने की उम्मीद है।

इप्मा के निवर्तमान प्रेसिडेंट एएस मेहता ने कहा कि कोविड महामारी को पीछे छोड़ने के बाद चालू वित्त वर्ष में कागज की मांग तेजी से बढ़ी है और यह महामारी के पहले के स्तर से भी आगे निकल गई है। अर्थव्यवस्था में 6 से 8 प्रतिशत की सालाना विकास दर का अनुमान है। मेहता ने आगे कहा कि उद्योग के सतत विकास के लिए कच्चे माल की सुनिश्चित आपूर्ति बहुत आवश्यक है। इस समय भारत में कागज में प्रयोग होने वाली लकड़ी को




खरीदने की कीमत 100 डॉलर प्रति टन से ऊपर निकल गई है, जबकि अन्य प्रतिस्पर्धी देशों में यह 60 डॉलर प्रति टन है। कागज उद्योग में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने के लिए कीमतों के मामले में प्रतिस्पर्धी होना अहम है और इसके लिए कच्चे माल की आपूर्ति को मजबूती देने की आवश्यकता होगी। कागज उद्योग द्वारा कृषि वानिकी की पहल को 5 लाख से ज्यादा किसानों के साथ मिलकर आगे बढ़ाया जा रहा है। लकड़ी आधारित पेपर मिल्स के प्रयासों से अब तक देश में 12 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि वानिकी की गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण के स्तर पर भी व्यापक लाभ मिल रहा है। जेके पेपर लिमिटेड के वाइस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षपति सिंघानिया ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए प्लाईवुड, फर्नीचर मेन्यूफैक्चरर्स और कंस्ट्रक्शन उद्योग समेत अन्य लकड़ी आधारित उद्योगों के भी आगे आने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्रोत पर ही पृथक करने, प्रभावी तरीके से एकत्र करने और रद्दी कागज के बेहतर प्रयोग के माध्यम से देश में रद्दी कागज के रिकवरी रेट को बढ़ाने की भी जरूरत है।

# नागरिकों से कराया सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ

## स्थानीय नागरिकों द्वारा रखी गई पहली करसी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**अंखीर** गोल चक्कर से लेकर दिल्ली सूरजकुंड रोड गोल चक्कर तक की सड़क का नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक सीमा त्रिखा की उपस्थिति में स्थानीय नागरिकों ने नारियल तोड़कर एवं लडडू बांटकर किया। आपको बता दें कि सड़क के नवनिर्माण कार्य में कुल लागत 21 करोड़ 38 लाख है।

नवनिर्माण का कार्य लगभग 9 महीने में पूरा होगा और सड़क की लंबाई 8.5 किलोमीटर है। इस सड़क के कार्य का शुभारंभ होने के अवसर पर विधायिका सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर का विकास कार्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए



सड़क के निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा का स्वागत करते स्थानीय निवासी।

कहा कि इस सड़क से हजारों आने जाने वाले लोगों का भला होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में बड़खल विधानसभा में पिछले 8 वर्षों में विकास कार्य की गंगा बहती हुई विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में बड़खल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बड़खल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बड़खल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा।

जो ऐतिहासिक बडख्ल झील कभी पूरे भारतवर्ष के लोगों का आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी, वह अब फिर एक बार पानी से सरोबार होगी। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे काम करने का जो आशीर्वाद दिया, उसमें कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़खल विधानसभा में अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा, क्षेत्र को सुंदर एवं सुसज्जित बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। क्षेत्र में जहां भी जरूरत होगी, वहां कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही क्षेत्र की जो अन्य सड़कें टूटी हुई हैं उन सड़कों पर भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जहां कहीं भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं, वो संपर्क करें, जल्द से जल्द वहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर मुख्य रूप से हरेंद्र भड़ाना, सत्येंद्र पांडे, चमन गर्ग, शालिनी मंगला, प्रेम दीवान, रूद्र देव शर्मा, साधना शर्मा, अनिकेत भड़ाना, धुरण झा, आनंद कश्यप, नारायण शर्मा, रवि भड़ाना, सीताराम, हरीश, दीपक, नवीन, अमित, लक्की मैसी, गौतम मौर्य, रामनरेश सिंह, लता, आशीष, सुनीता, आरती, सीमा, विमला, महेश आर्य आदि स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित जागरुकता रैली में भाग लेतीं राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए की छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान के अन्तर्गत नारा लेखन एवं पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिताएं करवाईं गईं तथा एक रैली का भी आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका अर्चना वर्मा व सतविन्द्र कौर द्वारा किया गया। रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी कुमारी मीनल सभ्रवाल ने छात्राओं को संबोधित किया और सडक सुरक्षा नियमों से अवगत करवाया तथा साथ ही उन्होने छात्राओं से आहवान किया कि सभी सडक सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। इस मौके पर दिवेश, संगीता कंजानी, चेतना शर्मा, धीरज कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## रविन्द्र फागना ने पांच विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** प्रैक्टिस मैच शर्मा क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया और यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर और शर्मा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर ने शर्मा क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40 ओवर का था। शर्मा क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। शर्मा क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 280 रन का लक्ष्य दिया। शर्मा क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए हर्ष ने 40 गेंदों पर 16 चौकों और 4 छक्कों की मदद से सार्वाधिक 102 रन, समक्ष ने 40 गेंदों पर 7 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 47 रन, शिरसाजित ने 49 गेंदों पर 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए तनुष ने 8 ओवर 51 रन देकर 4 विकेट, भव्य और सागर ने 1/1विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर ने 40 ओवर में 5 विकेट खोकर 281 रन बनाकर जीत हासिल की। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर की ओर से शिवांश भार्गव ने 111 गेंदों पर 23 चौकों और छक्के की मदद से सर्वाधिक 132 रन और लक्ष्य ने 62 गेंदों पर 10 चौके की मदद से 50 रन, हाशिम ने 31 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 26 रन बनाए। शर्मा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए समक्ष ने 8 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट पैर जितेंद्र ने एक विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच शिवांश भार्गव को घोषित किया गया।

## कॉलेज में दिया सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा का संदेश




**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने व युवाओं में जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी एसके यादव ने बताया कि कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसके अंतर्गत जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सह प्रभारी डॉ दुर्गेश द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई। सभी को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम बताए और जागरूक किया कि सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा के मूल मन्त्र को अपनाते हुए, जब भी वाहन चलाएं, गति पर नियन्त्रण रखे, हेल्मेट लगा कर चलें। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह भारत सरकार के सड़क व परिवहन मंत्रालय व हरियाणा सड़क सुरक्षा परिषद् द्वारा पूरे प्रदेश व देश में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटना को कम किया जा सके। कार्यक्रम के प्रभारी एस के यादव ने युवाओ को सम्बोधित करते हुए कहा की युवा देश का भविष्य है उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहना चाहिए। अंकित कौशिक ने बताया कि सभी को यातायात के मियमों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में गिरिराज व अंशु भट्ट सहित एनएसएस और वाईआरसी के भी वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

## अग्रवाल कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था-उपभोक्ता अधिकार और जिम्मेदारियां। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभना गोयल, डॉ. डिंपल व पूजा ने मुख्य वक्ता प्रदीप बंसल को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। सीए प्रदीप बंसल ने उपभोक्ता अधिकार और जिम्मेदारियां विषय पर अपने विचार छात्रों के साथ साझा किए। मुख्य वक्ता ने बताया कि सुरक्षा के अधिकार के अंतर्गत वस्तु की मैन्युफैक्करिंग के बारे में जानने का हमें पूरा अधिकार है कि वस्तु सही प्रकार से मैन्युफैक्चरर की गई है कि नहीं, वस्तु को बनाने में सही चीजों का प्रयोग किया गया है या नहीं, आपको इसकी गारंटी और गुणवत्ता चिन्ह और प्रमाण पत्र सहित उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में पूछने का अधिकार है। मुख्य वक्ता ने राइट टू एजुकेशन के साथ-साथ राइट टू सर्विस एक्ट, एमआरपी, एक्सपायरी डेट, फूड सेफ्टी ऑफिसर की महत्ता के बारे में भी बताया। उन्होंने उत्पाद की मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और माल की कीमत के अलावा उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में भी अपने विचार साझा किए। कार्यशाला का आयोजन डॉ. डिंपल एवं पूजा के अथक प्रयासों से संपन्न हुआ।

## जेसी बोस ने शोध पत्र लेखन विशेषज्ञ सत्र का आयोजन हुआ



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ प्रकोष्ठ ने आज शोध पत्र लेखन और प्रकाशन पर संवाद सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में मैरीलैंड विश्वविद्यालय, बाल्टीमोर (अमेरिका) से डॉ. दीपा मदान विशेषज्ञ वक्ता रहीं। यह सत्र विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई अकादमिक सेमिनार श्रृंखला का एक हिस्सा था, जोकि कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की पहल पर शुरू की गई है। इस सत्र का का उद्देश्य प्रतिभागियों मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण लेखन के तौर-तरीके से परिचित करवाना था। सत्र की अध्यक्षता निदेशक (आरएंडडी) डॉ. नरेश चौहान ने की। विशेषज्ञ सत्र में डॉ. दीपा मदान ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं के लिए शोध लेखन पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने सार, परिचय, प्रयोगात्मक विधियों, परिणाम, चर्चा और निष्कर्ष सहित शोध पत्र लिखने की तकनीकों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने शोध कार्य की नवीनता और मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के तौर-तरीके पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि गुणवत्तापूर्ण लेख कैसे लिखे जाते हैं और उन्हें प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में कैसे प्रकाशित करवाया जाता है। सत्र का संचालन डॉ. सोनिया बंसल और डॉ. राजीव साहा द्वारा किया गया। इस सत्र में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों तथा शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## बाल सुधारगृह के बस और कार की जोरदार टक्कर





एनएच पांच स्थित मुंगफली चौक पर एक तेज रफ्तार बस ने कार में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में कार काफी क्षतिग्रस्त हुआ। गनीमत रही कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। बस बाल सुधार गृह की बताई जा रही है। साथ ही उसमें सुधार गृह के करीब 10 बच्चे सवार थे। उन्हें गुरुग्राम पेशी के लिए ले जाया जा रहा था। मामले में किसी ने पुलिस में शिकायत नहीं दी है। एनएच पांच स्थित भगत सिंह कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति सोमवार सुबह अपनी कार पर सवार होकर एफ ब्लॉक जा रहे थे। कार में उनकी बहन व पांच साल की भांजी बैठी थी। उनकी बहन एक लैब में जॉब करती है। बताया जा रहा है कार जैसे ही मूंगफली चौक पर पहुंची, सामने से आ रही बस ने उसमें टक्कर मार दी। बस की टक्कर से कार काफी हदतक क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की मानें तो बच्ची व महिला कार की पिछले सीट पर बैठी थी। इसलिए बच गई। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। थाना एनआइटी की प्रभारी सुनीता रानी ने बताया कि मामले में अभी तक किसी ने शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# चीन में कोरोना

## भयंकर प्रकोप

**चीन** ने स्वीकार किया है कि 8 दिसंबर, 2022 तथा 12 जनवरी, 2023 के बीच वहां लगभग 60,000 लोग कोविड संक्रमण के कारण मरे। वैसे चीन के बारे में सब कुछ अनुमान है जिसमें आर्थिक आंकड़े भी शामिल हैं। नोवेल कोरोनावायरस के बारे में बीजिंग के बयान और आंकड़े अत्यधिक भ्रामक रहे हैं। चीन से प्रभावित समझे जाने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ ने कुछ ही दिनों पहले दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या 34,000 से कम बताई थी। चीन का दावा था कि 21 अप्रैल, 2020 तथा 16 अप्रैल, 2022 के बीच दो साल में देश में कोविड से केवल 6 मौतें हुई थीं। इस कालखंड में भारत समेत सारी दुनिया में कोरोनावायरस की डेल्टा लहर का गंभीर प्रकोप था जिसमें लाखों लोग मरे थे। अकेले भारत में 5.31 लाख लोग मरे थे जिनमें से अधिकांश मौतें दूसरी लहर में हुई थीं। निश्चित रूप से कोई नहीं जानता कि चीन द्वारा कोरोना पर नियंत्रण का दावा कितना सही था। उसने सर्वाधिक क्रूर दबावों व निगरानी के रास्ते इस पर नियंत्रण का दावा किया था। जहां चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी ने क्रूर दमन की सीमा पार कर दी, वहीं इसने नागरिकों का टीकाकरण नहीं कराया। इसका एक कारण यह भी था कि भारत समेत दुनिया के अन्य भागों में प्रयोग की जाने वाली वैक्सीनों की तुलना में चीन की स्वदेशी वैक्सीनें कम प्रभावी थीं। उस कालखंड में



बीजिंग ने घातक वायरस पर नियंत्रण करने में 'सफलता' को लोकतंत्र पर साम्यवादी सर्वसत्तावाद की सफलता के रूप में पेश किया था। उसने गरीब देशों को वैक्सीनें व रक्षात्मक उपकरण सप्लाई करने का दावा भी किया था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग के सेंट्रल पार्टी स्कूल में 2021 की शुरुआत में कहा था, 'दुनिया भर के विभिन्न नेताओं व राजनीतिक व्यवस्थाओं द्वारा इस वैश्विक महामारी से निपटने के तरीकों को देख कर स्पष्ट है कि हमने बहुत अच्छा किया है।'

लेकिन इसके कुछ ही महीने बाद स्थिति बदल गई। शी जिनपिंग ने सारी शक्तियों पर कब्जा कर लिया, विभिन्न विभागों में अपने समर्थक बैठा दिए तथा आलोचकों को हाशिए पर धकेल दिया। लेकिन उनको तभी एक अरब से अधिक नागरिकों पर थोपे गए कठोर लाकडाउन के कारण जनता का भारी विरोध झेलना पड़ा। जब शी ने सोचा कि वे देश के सर्वाधिक शक्तिशाली व्यक्ति हैं और उनकी सत्ता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता है तभी जनता में काफी समय से इकट्ठा हो रहा गुस्सा व निराशा फूट पड़ी और लोग सड़कों पर उतर आए। कुछ ही दिनों में उनकी सरकार पहले की तुलना में कम मजबूत दिखने लगी। इसके कारण शी जिनपिंग को कठोरतम कोरोना नियंत्रण हटाने को मजबूर होना पड़ा जिन्होंने लोगों को लगभग 'गुलाम' बना दिया था। जिस प्रकार नियंत्रण निर्मम तरीके से थोपे गए थे, उसी प्रकार अचानक उनका हटाना विनाशकारी सिद्ध हुआ। चीन ने 8 दिसंबर, 2022 व 12 जनवरी के बीच 59,938 कोविड-संबंधी मौतें स्वीकार कीं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के अंतर्गत चिकित्सा प्रशासन ब्यूरो के प्रमुख जियाओ याहुई ने प्रेस सम्मेलन में यह जानकारी दी। वास्तविक संख्या इससे अधिक होने की आशंका है क्योंकि जियाओ ने जो आंकड़े दिए वे केवल चिकित्सा सुविधाओं में मृतकों के हैं। इसके पहले बीजिंग ने कोविड मौतों को परिभाषित करने का तरीका बदला था और इनमें केवल उन लोगों को शामिल किया गया था जिनकी मौत वायरस संक्रमण के कारण श्वसन तंत्र विफल हो जाने पर हुई हो। उम्मीद की जाती है कि चीन में स्थिति सुधरेगी, पर उनकी सरकार को झूठ बोलना बंद करना चाहिए।

# गुणवत्तापूर्ण श्रमशक्ति का विकास जरूरी

भारत का जनसंख्या लाभांश देश को एक अवसर प्रदान करता है। कुशल श्रमशक्ति के विकास से हम इसका लाभ उठा सकते हैं।



**दिनेश सूद**
(लेखक, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से संबद्ध हैं)



हमारी लगातार बढ़ रही जनसंख्या का प्रबंधन बहुत कठिन काम है। यह एक अवसर भी सिद्ध हो सकता है, लेकिन सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपनी जनसंख्या के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। विश्व जनसंख्या संभावनाओं-2022 के अनुसार भारत की जनसंख्या 1 जुलाई, 2023 को 1.428 बिलियन हो जाएगी। यह उस समय चीन की 1.426 बिलियन जनसंख्या से थोड़ी अधिक होगी। इस प्रकार हम दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश चीन को पीछे छोड़ने के लिए तैयार हैं। लेकिन हमें यह लाभ भी प्राप्त है कि हमारी कुल जनसंख्या का 65 प्रतिशत 35 साल से कम आयु वाले नौजवानों का होगा। यह जनसंख्या लाभांश हमें एक अवसर प्रदान करता है जिसका प्रयोग बाकी दुनिया के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कुशल श्रमशक्ति के निर्माण से हो सकता है। हर साल भारत में 12 मिलियन से अधिक युवा रोजगार योग्य आयु में प्रवेश करते हैं, लेकिन हम उन सबको रोजगार नहीं दे पाते हैं, जबकि उनमें से बहुत से उच्च श्रेणी की डिग्रियां प्राप्त होते हैं। लेकिन विडंबना है कि उनमें से अनेक के पास रोजगार योग्य कौशल नहीं होता है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-आईएसआर, 2022 के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थाओं से बाहर निकलने वाले केवल 46.2 प्रतिशत लोग ही नौकरियों योग्य होते हैं। समय आ गया है कि भारत 'नौकरी योग्य' युवा कार्यबल तैयार करे। यह इसलिए भी जरूरी है कि आज बड़े विकासशील देश, जैसे अमेरिका, यूरोप, जापान, जर्मनी और चीन वृद्ध होती जनसंख्या के बोझ से दबे हैं। कुछ अर्थशास्त्री व समाज वैज्ञानिक भूख, कुपोषण व बेरोजगारी को भारत की विशाल जनसंख्या से जोड़ते हैं।

यह अत्यधिक दु:ख की बात है कि स्वतंत्रता के 75 साल बाद और वर्तमान समय में दुनिया की युवतम जनसंख्या होने के बावजूद हम दुनिया की प्रमुख व विस्तार लेती अर्थव्यवस्थाओं को कुशल श्रमशक्ति का निर्यात नहीं कर पा रहे हैं। हमारे यहां नौजवान लोग हैं, पर उनको ज्यादा बेहतर रोजगार प्राप्त करने का कौशल नहीं है। दुर्भाग्य से अब तक कौशल प्रदान करने की हमारी यात्रा ज्यादा सफल नहीं रही है। कौशल विकास एवं उद्यमिता की राष्ट्रीय नीति-एनपीएसडीई 2015 का लख्य 40 करोड़ लोगों को 2022 तक विभिन्न कौशलों से लैस करना था, लेकिन लगभग चार करोड़ लोगों को ही प्रशिक्षित किया जा सका। एनपीएसडीई का अनुमान था कि हम अपने देश में कार्यबल के केवल 5.4 प्रतिशत को ही औपचारिक कौशल प्रशिक्षण दे पाए हैं, जबकि इसकी तुलना में ब्रिटेन में 68 प्रतिशत, जर्मनी में 75 प्रतिशत तथा दक्षिण कोरिया में 96 प्रतिशत लोगों को प्रशिक्षित किया गया। तथ्य यह है कि हमारे कार्यबल का 83 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में है, जहां प्रशिक्षण सुविधायें व कौशल उच्चीकरण की संभावनायें सीमित हैं। विनिर्माण व सेवा क्षेत्रों में यह चुनौती बनी हुई है।

नीति आयोग के अनुसार, कौशल विकास की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रवार व भौगोलिक दृष्टिकोण से कौशल आवश्यकताओं की मैपिंग, शिक्षा में व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कूलों के प्रति पसंद बढ़ाना तथा उद्योग को गुणवत्ता व प्रासांगिकता बढ़ाने में शामिल करना है। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का उच्चीकरण, अनौपचारिक क्षेत्र व कौशल विकास परिस्थितिकी तंत्र में समन्वय स्थापित करना तथा प्रभावी, अंतरराष्ट्रीय रूप से स्वीकृत आंकलन व प्रमाणन व्यवस्था की स्थापना जरूरी हो गया है। खराब कौशल वाले लोगों का अर्थ कामगार जनसंख्या अनुपात-डब्लूपीआर बढ़ाने के बावजूद औसत उत्पादन है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डा. जितेन्द्र सिंह ने 14 दिसंबर, 2022 को एक लिखित जवाब में राज्यसभा को बताया कि 2020-21 में डब्लूपीआर बढ़ कर 52.6 प्रतिशत हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में डब्लूपीआर में लगातार वृद्धि हुई है, जबकि बेरोजगारी दर-यूआर में 2017-18 के बाद लगातार गिरावट आई है। यदि हम डब्लूपीआर व यूआर के मोर्चे पर सुधार कर रहे हैं तो यह अच्छी बात है। हमें कौशल से लैस कर मानव पूंजी के टिकाऊ प्रयोग पर ध्यान देना चाहिए। हमें यह तथ्य नहीं भुलाना चाहिए कि छोटे बच्चों में कौशल समाहित कर हम उद्यमिता को भी प्रोत्साहन देंगे।

जहां तक रोजगार योग्य कौशल विकास का सवाल है, हम कहां तक आगे बढ़े हैं? मांग के आधार पर कौशल विकास परिस्थितिकी तैयार करने के लिए कौशल विकास मैपिंग सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। हमें यह जानना चाहिए कि देश विदेश में किन क्षेत्रों में कुशल श्रमशक्ति की जरूरत है और हम कितनी जल्दी इसे पूरी कर सकते हैं। उपलब्ध ढांचागत संरचना तथा राष्ट्रीय व राज्यों के स्तर पर कौशल आवश्यकताओं का आंकलन कर क्षेत्रवार व भौगोलिक क्षेत्रों के अनुसार कौशल विकास योजनाओं व रणनीतियों की आवश्यकता है। वर्तमान समय में हम 'एक जिला एक उत्पाद' की बात करते हैं, पर हम में से कोई जिले के विशेष उत्पादों के लिए जरूरी कौशल की बात नहीं करता है। जिला प्रशासन को न केवल ऐसी मैपिंग के बारे में सूचनायें एकत्र करनी चाहिए, बल्कि कौशल-विशिष्ट मांग अनुमान भी लगाने चाहिए। इसी प्रकार उद्योगों से जुड़े लोगों को निरंतर कौशल विकास को प्रोत्साहित करना चाहिए जिसका प्रयोग विभिन्न स्तरों पर कौशल आवश्यकताओं के आंकलन से हो सकता है।

श्रम बाजार के नियमित अध्ययन कर उनको क्षेत्रवार कौशल परिषदों-एसएससी व कौशल विकास व उद्यामिता मंत्रालय-एमएसडीई के सहयोग से प्रकाशित करना चाहिए। इन अध्ययनों से उद्योगों की आवश्यकताओं में आए परिवर्तनों का लेखाजोखा कर आवश्यक कौशलों का पता लगाया प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उपयुक्त परिवर्तन किए जा सकते हैं। हमें व्यवस्थित शोध, व्यापक अध्ययन तथा व्यावसायिक शिक्षा में सुधार के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण खोज केन्द्रों की स्थापना करनी चाहिए। यह निराशाजनक तथ्य है कि आज हमारे पास छात्रों को शिक्षा देने के लिए समुचित संख्या में कुशल लोग नहीं है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई की अपनी सीमायें हैं। हमारे नौजवानों को अच्छे प्लम्बर, कार्पेंटर व कारीगरी का कौशल देने की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे वे विदेशों में भी रोजगार तलाश सकें। इसका संबंध रोजगार के दौरान मिलने वाले प्रशिक्षण से भी है। वे प्रशिक्षित लोगों के साथ सहायक या दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं और एक समय बाद अपनी आजीविका के लिए थोड़ा पैसा कमाने योग्य कौशल प्राप्त कर लेते हैं। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमता भी बढ़ाने की जरूरत है ताकि योग्य प्रशिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। शिक्षकों व उद्योग विशेषज्ञों के बीच एक दूसरे से सीखने की जरूरत है जिसके लिए उद्योग-संस्थान संपर्क बनाए जा सकते हैं।

नीति आयोग ने उचित ही सुझाव दिया है कि सभी राज्यों में एक नियामक संस्था की शाखायें होनी चाहिए ताकि कौशल विकास व्यवस्था से जुड़े सभी पक्षों, जैसे प्रशिक्षण प्रदाताओं व आंकलनकर्ताओं के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित किए जा सकें। इसके साथ ही राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा-एनएसक्यूएफ बनाया जाना चाहिए जो विश्व स्तरीय प्रमाणपत्र जारी कर सके। असंगठित क्षेत्र में कुशल कामगारों की आवश्यकता को संबोधित करने के लिए पूर्व शिक्षण पहचान-आरपीएल के उच्चीकरण की सर्वाधिक जरूरत है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-(पीएमकेवीवाई) में इसे शामिल किया गया है जिसमें ब्रिज प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप, डुअल ट्रेनिंग, काम के दौरान प्रशिक्षण व उच्च वैश्विक पाठ्यक्रम शामिल हैं।

आरपीएल के उच्चीकरण के साथ ही हस्तांतरणीय कौशलों की पहचान पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए कौशल विकास या व्यापार संजाल का विकास तथा विभिन्न क्षेत्रों में कौशलों की समानता की पहचान किया जाना आवश्यक है। इसका उदाहरण सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी-आईसीटी व अनेक भाषाओं की जानकारी, आदि हैं। सर्वाधिक सामान्य हस्तांतरणीय कौशलों को रोजगार योग्य कौशल विकास पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

# ... बहुत मुश्किल है सबकुछ जानकर अनजान बनना

> अब तो हालत यह है कि जिस वोट के चलते हासिल सियासी ताकत के दम पर मायावती इतरातीं थीं अब उसका भी भरोसा नहीं रहा।

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने अपने जन्म दिन के मौके पर जो कहा उसके संदर्भ में तो किसी की कही ये पंक्तियां ही सही बैठती हैं : 'धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।' ऐसा नहीं है कि खुद मायावती जैसी तजुर्बेकार राजनीतिज्ञ इस हकीकत से नावाकिफ हो लेकिन ऐसे में तो फिर यही सवाल उठता है कि न हजम हो सकने वाले तर्क किसके लिए व क्यूं और किस उम्मीद से दिए जा रहे हैं।

यहां मायावती को यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें पूर्ण बहुमत भी ईवीएम के जरिए हुए चुनाव से ही मिला था। यह 2007 की बात है और उसके बाद से बसपा के चुनावी प्रदर्शन में निरंतर आ रही गिरावट को देखते हुए राजनीतिक प्रेक्षकों को ऐसा लगने लगा है कि जैसे मायावती के राजनीतिक कैरियर का शिखर बन चुका हो और अब वह उत्तरोत्तर ढलान की ओर जा रही हैं। ऐसे में मायावती को आत्म विश्लेषण करना चाहिए था कि ऐसा क्यों हुआ कि जिस पार्टी से कुछ साल पहले राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण व निर्णायक भूमिका लगाने की अपेक्षा की जाने लगी थी वह आज प्रदेश में भी बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच गई है।

मायावती ने अपने 67वें जन्म दिन पर निर्वाचन आयोग से गुजारिश की है कि वह इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानि ईवीएम से चुनाव कराने के बजाय बैलेट पेपर यानि मतपत्र के जरिए चुनाव कराए। इस बात को यूं भी समझा जा सकता है कि मायावती चाहती हैं कि चुनावी प्रक्रिया में साइंस व टेक्नोलॉजी का परित्याग कर देश फिर से मैनुल (मतपत्र) युग में लौट जाए। बैलेट पेपर की चाहत को जाहिर करने वाली मायावती इकलौती राजनीतिज्ञ नहीं है और बैलेट पेपर के प्रति प्यार छलकाने वाली सभी दलों में कॉमन बात यह भी है कि



प्राय: वे सभी चुनावी हार से चकनाचूर हुई जा रही हैं। मायावती की पार्टी जैसे जैसे रसातल में जाती जा रही है वैसे वैसे उन्हें निर्वाचन आयोग की चुनावी प्रणाली में खामियां ही खामियां नजर आने लगी हैं। पिछले विधान सभा चुनाव में बसपा को सिर्फ एक सीट मिली और नि:संदेह यह बसपा के लिए कम और जाती तौर पर मायावती के लिए बेहद शर्मनाक प्रदर्शन था जो तीन बार भाजपा की मदद से और एक बार बसपा के पूर्ण बहुमत प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री बन चुकी थीं। अब तो हालत यह है कि जिस वोट के चलते हासिल सियासी ताकत के दम पर मायावती इतरातीं थीं अब उसका भी भरोसा नहीं रहा। इस विषय में अब वाद विवाद की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि नतीजे खुद ही सारी कहानी बयां कर रहे हैं। मायावती की अति प्रचारित सोशल इंजीनियरिंग अब समाज में 'अनसोशल' हो चुकी है। पार्टी के नेता एक एक निकलते गए या मायावती निकालती गईं। इसके मूल में क्या था यह भी सर्व विदित है। दरअसल मायावती सत्ता की ताकत के बजाय किसी और ताकत को प्राथमिकता देने लगीं। ऐसा नहीं है कि ऐसा रातोरात हो गया। इसके बीज पहले ही पड़ गए थे लेकिन चुनावी दृष्टि से विनाशकारी आकर लेने में वृक्ष को कुछ समय तो लगना ही था और वह लगा भी। दुर्भाग्य से मायावती को जो सुधारात्मक कदम उठाने थे वह उन्होंने नहीं उठाए।

मायावती के लिए खतरे की घण्टी 2009 के लोकसभा चुनाव के समय से ही बजनी शुरू हो गयी थी जब पूर्ण बहुमत की सरकार चलाते हुए उन्होंने दिल्ली की सरकार पर दावेदारी की लेकिन उनके केवल 19 लोकसभा सदस्य चुने जा सके। वर्ष 2012 के विधान सभा चुनाव में वह सिर्फ 79 सीट जीत कर सत्ता से बाहर हो गयी। दीवार पर इबारत साफ थी लेकिन मायावती ने पढ़ने से इंकार कर दिया।

दयनीय दौर का एक खौफनाक नजारा 2014 के लोकसभा चुनाव में देखा गया जब बसपा सूबे की 80 में से एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत सकी। विधानसभा चुनाव 2017 में मायावती को सिर्फ 19 सीटें मिलीं। मायावती ने 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा व राष्ट्रीय लोकदल से समझौता किया। उन्हें दस सीटें मिलीं लेकिन खोई ताकत नहीं मिली और बीते विधान सभा चुनाव में तो सिर्फ एक सीट मिली। यह सब होता गया लेकिन मायावती ने राजनीतिक लाइन दुरुस्त करने के बजाय ईवीएम पर निशाना साधने का निर्णय किया।

उन्होंने वही रणनीति अपनाई जिसके जमाने लद चुके हैं। बसपा के धुरी वोट माने जाने वाले जाटव समाज में मायावती के तर्क व गिले शिकवे अब उतने ध्यान से नहीं सुने जाते और ऐसा भी नहीं है कि खुद मायावती इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं।

उनसे बेहतर हकीकत को कौन जानता है लेकिन उन्होंने भी नामालूम क्यों जान कर भी अनजान बनने का रास्ता अख्तियार किया हुआ है। वैसे एक नजरिए से यह भी आसान नहीं है। किसी ने कहा भी है कि : 'बहुत मुश्किल है सब कुछ जानकर अनजान बनना।'

## आप की बात

### मजबूत होती सेना

**हेलिना** मिसाइल और एयर डिफेंस सिस्टम से देश के सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता में और भी अधिक बढ़ोतरी हुई है। देश की रक्षा परिषद ने एंटी टैंक मिसाइल और दुश्मन देश के लड़ाकू विमानों को धराशाई करने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम के साथ ही युद्ध पोतों के लिए ब्रह्मास्त्र लांचर की खरीद का भी प्रमुख रूप से निर्णय लिया। इनकी खरीद से देश में सुसज्जित सशस्त्र बलों से दुश्मन देश की लगती एलएसी सीमा पर हमारी युद्ध क्षमता और अधिक बढ़ जाएगी। इन तीन अहम सौदों में से दो प्रस्ताव सेना के लिए और तीसरा प्रस्ताव नौसेना की क्षमता को बढ़ाने वाला है। इन मिसाइलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भी आसानी से ले जाया जा सकता है और इसे ऊंचे नीचे स्थान के साथ समुद्र क्षेत्रों में भी शीघ्रता से तैनात किया जा सकेगा। इसके जुड़ने के बाद इन पोत और पनडुब्बियों के आसपास समुद्री सैन्य अभियान चलाने की क्षमता अब कारगर तरीके से और भी अधिक बढ़ जाएगी। पहले की सरकारों की तुलना में वर्तमान मोदी सरकार ने अपनी सैन्य क्षमता में जिस तरह से वृद्धि करने का निर्णय लिया है वह सराहनीय कहा जा सकता है। सेना को अभूतपूर्व रूप से मजबूत करने के ये प्रयास दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके देश के अनुरूप हैं।

**मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### मोहन भागवत का बयान

**आरएसएस** के सरसंघचालक मोहनराव भागवत जी के एक बयान पर देशभर में कुछ लोग राजनीति करके विरोध कर रह रहे हैं। संघ प्रमुख ने एक कार्यक्रम में कहा था कि भारत के मुसलमानों को डरने की कोई जरूरत नही है, परन्तु हम ही बड़े हैं, हमने पहले देश पर राज किया फ्रि से भारत पर राज करेंगे ये धारणा छोड़नी पड़ेगी। भागवत जी के इस बयान का देश के ओवैसी सहित कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। लेकिन उनके बयान का केरल के राज्यपाल आरिफमोहम्मद सहित कई मुस्लिमों ने समर्थन भी किया है। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भागवत जी के अनुसार भारत में रहकर भारत के संविधान का पालन तो करना ही चाहिये। भारत हमेशा से शांति प्रिय देश रहा है। सनातन धर्म को मानने वाले अधिक संख्या में देश मे रहते हैं। उनके साथ इस्लाम, ईसाई सहित अन्य धर्मों को मानने वाले भी रहते हैं। परन्तु हम ही श्रेष्ठ की धारणा रखने व मुस्लिम आक्रमणकारियों को अपना आदर्श मानकर फ्रि से देश पर राज करने की सोच लेकर रहने वालों को तो सुधार करना ही होगा। मोहन भागवत का बयान हिंदुत्व की उदात्ततम परंपराओं का प्रकटीकरण है और इसका सम्मान होना चाहिए।

**ललित शंकर**, गाजियाबाद


### स्वास्थ्य सेवायें

**भारत** की स्वास्थ्य सेवाएं और बहुत ही जटिल परंतु बहुआयामी हैं। सरकारी और प्राइवेट सुविधाएं देश की लगभग 140 करोड़ से अधिक आबादी को चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है। सरकार ने देश के गांवों की आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में बहुत सारे सुधार किए हैं और बहुत सारी योजनाएं चालू की है जैसे आयुष्मान भारत योजना। लेकिन इसके बावजूद भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अभी बहुत सारी समस्यायें हैं जैसे कि अपर्याप्त चिकित्सा अवसंरचना, गुणवत्तापूर्ण देखभाल का ना होना, पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य देखभाल का अभाव, चिकित्सक-रोगी अनुपात में कमी आदि। सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय चिकित्सा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम आदि योजनायें लागू की हैं। इन योजनाओं के प्रति जनता में जागरूकता पैदा करना तथा उनको सुनिश्चित रूप से लागू करवाना सभी नागरिकों, खासकर सभी दलों के राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व प्रबुद्ध नागरिकों का दायित्व है जिस पर ध्यान देना चाहिए।

**सुदर्शन सोराड़ी**, उधम सिंह नगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आतंकी** संगठनों का इरादा चाहे जो हो, मैं जम्मू के नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि हमारे सुरक्षा बल जम्मू की रक्षा करेंगे।
– **अमित शाह**
गृह मंत्री

**सोलहवीं** शताब्दी के कवि तुलसीदास की रामचरितमानस सामाजिक भेदभाव को बढ़ावा देती है।
– **चंद्रशेखर**
राजद नेता





**भगवान राम** पूरे समाज को जोड़ने वाली शक्ति हैं। उनको विभाजनकारी कैसे कहा जा सकता है?
– **सम्राट चौधरी**
बिहार के भाजपा विधायक

# दुनिया देख रही है बदलते भारत की ताकतः योगी

● बदलते परिदृश्य में भारत के प्रति बदली है पूरे विश्व की धारणा

## बदलता परिदृश्य और पत्रकारिता विषयक संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में किसी देश की ताकत उसकी अर्थव्यवस्था से होती है। आज भारत पूरी दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। विगत आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो प्रयास व निर्णय हुए हैं, उससे नए भारत की ताकत को पूरी दुनिया देख रही है। लिहाजा भारत के प्रति पूरे विश्व की धारणा बदली है। भारत दुनिया का नेतृत्व कर सकता है यह सबको दिखाई दे रहा है। सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर में बदलता परिदृश्य और पत्रकारिता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बदले परिदृश्य में जो प्रयास हुए हैं उसका परिणाम सामने है। भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

उन्होंने कहा कि अपना देश दुनिया के उन महत्वपूर्ण 20 देशों जी 20 का नेतृत्व कर रहा है जो दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत व्यापार, 60 प्रतिशत आबादी व 90 प्रतिशत पेटेंट पर आधिपत्य रखते हैं। जी 20 का नेतृत्व देश के लिए एक अवसर है उत्तर प्रदेश में भी इससे जुड़े 11 आयोजन होने हैं। योगी ने कहा कि जो लोग देश को जाति, धर्म, वर्ग, भाषा क्षेत्र आदि के आधार पर बांटना चाहते थे वह फेल हो गए हैं। आज भारत आगे बढ़ता है तो देश के 140 करोड़ लोगों की ताकत दिखती है। सीएम ने कहा कि देश के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में आगे रहे। बीते साढ़े पांच-छह सालों से बदलते उत्तर प्रदेश को आप सभी लोग देख रहे हैं। सरकार किसी विषय पर काफी चर्चा विमर्श और सभी पक्षों का ध्यान देते हुए ही कोई निर्णय लेती है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश विकास के बदलते परिदृश्य में अपनी आभा बिखेर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अकूत संभावनाओं का प्रदेश है। इस पर प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा है। तीन गुना उत्पादन देने वाली उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जल संसाधन हमारे पास है। यदि हम सकारात्मक सोच से इमानदारी पूर्वक प्रयास करेंगे तो उसके सकारात्मक परिणाम ही आएंगे। उन्होंने कहा कि जब कार्य करने का जज्बा होगा तो उसका परिणाम भी आएगा। उत्तर प्रदेश अब पूरी तरह दंगा मुक्त है। बड़े-बड़े पर्व त्यौहार सिस्टम की जवाबदेही सुनिश्चित होने से ऑटो मोड पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रहे हैं। मकर संक्रांति पर 25 लाख लोगों ने संगम में स्नान किया तो लाखों श्रद्धालुओं ने गोरखपुर में बाबा गोरखनाथ को अपनी आस्था की खिचड़ी चढ़ाई। कहीं भी कोई व्यवधान नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य की खुशहाली के लिए जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार और कानून का राज दोनों ही पक्ष साथ लेकर चलने की आवश्यकता होती है। यदि अराजकता की छूट दे दी गई तो असंतुलन व असंतोष पैदा होगा इस पर हमेशा विचार करना होगा। कहा कि नीयत साफ हो, बिना भेदभाव कार्य करने का जज्बा हो तो धारणा बदलती है। उत्तर प्रदेश के प्रति भी धारणा बदली है। कभी गुंडा टैक्स, फिरौती और अपहरण उद्योग की पहचान थी। आज निवेश के सबसे शानदार गंतव्य की है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर अपने मुम्बई दौरे का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग यहां निवेश न करने का संकल्प ले चुके थे, आज वह खुद जहां कहा जाए और जितना कहा जाए निवेश करने के लिए संकल्प का भाव दिखा रहे हैं। फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर 16 देशों में मंत्रियों के रोड शो के दौरान सात लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

# 26वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में महोबा की लोकगीत टीम को मिला पहला स्थान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** स्तर पर प्रदेश के युवाओं ने उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। कर्नाटक के हुबली धारवाड़ में आयोजित पांच दिवसीय 26वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2023 में उत्तर प्रदेश को बड़ी सफलता मिली है। प्रतियोगी विधाओं में महोबा की लोकगीत टीम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) प्राप्त किया है। साथ ही पुरस्कार के रूप में एक लाख 50 हजार रुपये का चेक भी टीम को प्रदान किया गया। अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 26वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2023 का आयोजन 12 से 16 जनवरी 2023 तक हुबली धारवाड़, कर्नाटक में किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के 80 सदस्यीय दल ने प्रतिभाग किया गया। भारत सरकार द्वारा निर्धारित कुल 2 विधाओं लोकगीत एवं लोकनृत्य में उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा सहभागिता की गई। लोकगीत में महोबा जनपद के 9 कलाकारों की टीम द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव में हिस्सा लिया और राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) दिलाया। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि लोकगीत विधा में प्रतिभागी के रूप में महोबा की 6 महिला कलाकारों वर्षा रैकवार, संजना, स्नेहा अवस्थी, मीनल सोनी, कीर्तिका अनुरागी, एकता सिंह तोमर द्वारा महिला सशक्तिकरण का परिचय देते हुए 'आल्हा गायन सिरसागढ़ की लड़ाई' प्रस्तुत किया गया तथा 3 पुरूष कलाकारों पवन कुमार झांझ और मंजीरा, राधारमन ढोलक एवं जितेन्द्र हारमोनियम द्वारा वाद्य यंत्रों पर साथ दिया गया। इस टीम के मार्गदर्शक महोबा के संगीत गायन विशेषज्ञ अबोध सोनी हैं। उन्होंने बताया कि प्रायः आल्हा लोकगीत का गायन पुरूष कलाकारों द्वारा किया जाता है। सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं विश्व में भारत की बढ़ती आर्थिक भागीदारी से परिचित कराने के लिए इस वर्ष पहली बार युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के मंगल दलों के सदस्यों में महिला कलाकारों को भी इस दल में सम्मिलित किया गया।

### राज्यपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दी बधाई

**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कर्नाटक के हुबली में आयोजित 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2023 में लोक गीत श्रेणी में उत्तर प्रदेश के ऊर्जावान व प्रतिभाशाली युवाओं द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं ने हमारी लोक संस्कृति का राष्ट्रीय पटल पर मानवर्धन किया है।

## प्रदेश का हर दिव्यांग का विकास हमारी प्राथमिकताः कश्यप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिव्यांगजन** सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश के हर दिव्यांग का विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा में विभागीय योजनाओं से संबंधित कार्यो को पूरा किया जाये। इसके अलावा विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियो को मिले ये सुनिश्चित किया जाय। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने यह निर्देश सोमवार को विधानसभा स्थित नवीन भवन के अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के लिए खेलकूद एवं प्रदर्शनी आदि गतिविधियों को लेकर वृहद आयोजन की तैयारी की जाय। उन्होंने कृत्रिम अंग वितरण की समीक्षा की, जिसमें विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक 22 हजार कृत्रिम अंग दिव्यांगजनों को वितरित किये जा चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार जनपदों के साथ-साथ तहसील एवं ब्लाक स्तर पर भी किया जाय। समीक्षा बैठक में दिव्यांगजन अधिकारियों द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन पेंशन को आधार से लिंक कराने का कार्य 87 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। पिछड़ा कल्याण मंत्री ने पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों से कहा कि पिछड़ा वर्ग के लिए बने छात्रावासों का निरीक्षण कर उनका फिडबैक लिया जाय। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दी जा रही छात्रवृत्ति की समीक्षा की। जिसमें अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में लगभग 23 लाख छात्र.छात्राओं को छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया जायेगा। मंत्री ने शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय की समीक्षा में अधिकारियों को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाय। विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा नियमित रूप से की जाय।

# पांच वर्षों में 7 लाख 50 हजार युवाओं को मिला रोजगार

## व्यावसायिक शिक्षा मंत्री ने आईटीआई, अलीगंज में किया रोजगार उत्सव का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा पिछले पांच वर्षों में 7 लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार दिलाया गया है। इनमें पिछले वह दो वर्ष भी सम्मिलित हैं, जिनमें कोविड प्रोटोकॉल के कारण रोजगार मेला तथा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थगित रहा है और इसकी कमी को इस वर्ष पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

अग्रवाल सोमवार को वृहद रोजगार (रोजगार उत्सव) मेले को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंन विभाग की ओर से राजकीय आईटीआई, अलीगंज के परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब सुधरी हुई कानून व्यवस्था,विद्युत आपूर्ति एवं उद्योगों की मददगार नीतियों व अनुकूल वातावरण के कारण देश-विदेश के निवेशकों का रूझान प्रदेश में बढ़ रहा है। उद्यागों को चलने के लिए कुशल जनशक्ति की उपलब्धता एक बड़ी आवश्यकता है तथा इसी को देखते हुए सरकार ने कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और तेजी से तथा अधिक उपयोगिता के साथ बढ़ाने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मिशन तथा आईटीआई द्वारा 1250 से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन प्रदेश में किया जा चुका है, जिसमें 1 लाख 20 हजार युवाओं को रोजगार दिलाया गया है। इसके अलावा 5800 से अधिक युवाओं को अप्रेटिंसशिप की सुविधा उद्यागों में उपलब्ध कराई गई है जबकि 20 हजार से अधिक युवाओं को डुअल ट्रेनिंगग मॉड्यूल के जरिए रोजगार के साथ प्रशिक्षण की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पिछले दो वर्ष में ऑन जॉब ट्रेनिंग के अन्तर्गत 1 लाख 30 हजार युवाओं को उद्योगों में आनजॉब प्रशिक्षण दिया गया है। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम प्रदेश के युवाओं के लिए विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध कराएंगें। विभाग की अन्य उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि इस वर्ष दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण और प्रशिक्षण के बाद रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक पाइलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसमें पहले चरण में 2100 दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी भांति निराश्रित महिलाओंए, विचाराधीन बन्दियों तथा सुधार गृहों निरुद्ध किशोरों को भी हुनरमंद बनाकर समाज और विकास की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। मेले की समाप्ति पर प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा सभी रोजगार मेले में भाग लेने वाली सभी कम्पनियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया तथा रोजगार पाने वाले सभी युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य आरएन त्रिपाठी ने बताया कि इस संस्थान में प्रत्येक माह लगभग 5 रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य युवायों को रोजगार मेला लगाकर रोजगार दिलाया जा रहा है। उसी का परिणाम रहा है कि इतनी ज्यादा कम्पनियां और अभ्यर्थी का प्रतिभाग करना आज के रोजगार मेले में दिख रहा है।

### विधान परिषद शिक्षक स्नातक निर्वाचन

## सात पर्चे खारिज, पांच ने नाम वापस लिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** विधान परिषद खण्ड स्नातक और खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की रिक्त चल रही पांच सीटों पर हो रहे चुनाव में सोमवार को पांच उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस ले लिए। यह सभी निर्दलीय हैं। इससे पहले शुक्रवार 13 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच में कुल सात उम्मीदवारों के पर्चे खामियों के चलते खारिज किए गए। अब इन पांच सीटों के चुनाव के लिए कुल 63 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। इनमें सर्वाधिक 24 उम्मीदवार गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र पर हैं। इसके अलावा 10-10 प्रत्याशी कानपुर, बरेली मुरादाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र पर, 10 उम्मीदवार इलाहाबाद झांसी निर्वाचन क्षेत्र और नौ उम्मीदवार कानपुर खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र पर हैं।

# भाजपा राज में किसान का हो रहा है हर तरह से शोषण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसान का हर तरह से शोषण हो रहा है। अन्नदाता से किए गए सारे वादे खोखले साबित हुए हैं। वोट लेने के लिए किसानों को तमाम लुभावने सपने दिखाकर भाजपा ने उन्हें अपने हाल पर भटकने के लिए खुला छोड़ दिया है। किसान इससे बुरी तरह आक्रोशित हैं। अखिलेश ने कहा कि किसानों को कर्जमाफी, बिजली में राहत, आय दुगनी करने का भरोसा इन सब वादों को भाजपा ने भुला दिया। किसानों को उम्मीद थी कि उन्हें उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा। किसानों को गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान नहीं मिल रहा है। भाजपा राज में किसानों के नलकूप खराब पड़े हैं। उन्होंने कहा कि कन्नौज में किसान आलू के बाद टमाटर के गिरे भाव से परेशान हैं। ठंड में टमाटर के पौधों को बचाने के लिए बार.बार दवा के छिड़काव से फसल की लागत बढ़ गई है। बाजार में टमाटर की कीमतें किसानों को रूला रही है। चंदौलीए बलरामपुर आदि जनपदों में बहुत धीमी गति से धान की खरीद हो रही है। अधिकांश क्रय केन्द्रों में किसानों को भटकाने की शिकायतें मिल रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पूर्व जनता से छुट्टा पशुओं की समस्या खत्म करने का वादा किया था। जनता से वोट लेकर भाजपा अपने वादे से मुकर रही है। किसान ठंड में पूरी.पूरी रात खेतों में जागकर रखवाली करता है। छुट्टा पशु किसान की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। गौशालाओं में गोमाता की और भी दुर्दशा है। बड़ी संख्या में गायों की मौतें हो गई है। सांड़ों के हमलों से लोगों की जाने जा रही हैं। कितने ही निर्दोश मारे गए हैं। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि किसानों के हितों की तमाम कथित योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार के आदेशों-निर्देशों की धज्जियां खुद उनके अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी उड़ा रहे हैं। छुट्टा पशुओं से जनता और किसानों को निजात कब मिलेगी भाजपा सरकार तो केवल चुनाव की तैयारियों में ही व्यस्त रहती है। उसे जनता की समस्याओं और किसानों से हमदर्दी कभी नहीं रही है।

# बीजेपी महिला मोर्चा ने विधान भवन के सामने जी 20 की बनाई रंगोली



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएम** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मिली जी-20 की मेजबानी को भाजपा लखनऊ महानगर महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया। भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंडल स्तर पर किए आयोजन में घरों के बाहर, मंदिर, पार्कों और बाजारों के बाहर जी-20 के लोगो की रंगोली बनाई। जी-20 के लोगो के साथ इंडिया वेलकम जी 20 की तख्ती और पोस्टर, तिरंगा झंडा लेकर लखनऊ में आयोजित होने वाले भव्य आयोजन का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि विधानभवन के सामने, लोकबंधु, रूमी गेट सहित विभिन्न स्थानों पर जी-20 को रंगोली, कट आउट व बैनर के माध्यम से नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सीता नेगी, महामंत्री रीना चौरसिया, साधना जग्गी, शाहिदा खान, प्रियंका चक्रवर्ती, अभिरुचि, रश्मि सिंह, रेशमा निगम, शिवानी निगम, शिखा श्रीवास्तव, नीता दीक्षित, साधना गुप्ता, सीमा, दिव्या, उमा मिश्रा, मधु, पारुल, सुनीता पांडे सहित महिलाओं ने जी-20 की रंगोली बनाई।

## सभी प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट विद्यालयों के रूप में विकसित किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परिषदीय विद्यालयों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण संबंधी प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के अनुकूल फर्नीचर टेबल, बेंच आदि उपलब्ध कराया जाए। समस्त प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट विद्यालयों के रुप में विकसित किया जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के अंतर्गत प्रत्येक विकास खंड में 4 से 5 कम्पोजिट विद्यालय का चरणबद्ध तरीके से आधुनिकीरण कराया जाए। क्लास में कौशल विकास के दृष्टिगत् स्किल हब सेंटर संचालित किया जाए। दीक्षा एवं निष्ठा जैसे कार्यक्रमों के द्वारा स्कूल लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों का क्षमता संवर्द्धन किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर का भी आयोजन किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा आगामी 3 वर्षों में समस्त प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता के लिए राज्य बजट में प्रति वर्ष रुपये 800 करोड़ का प्राविधान किया जाए। विद्यालयों में स्थायी विद्युत संयोजन के लिए विद्युत विभाग को अतिरिक्त बजट प्रदान करने पर उन्होंने सहमति दी। उन्होंने नेडा के माध्यम से वैकल्पिक ऊर्जा के रुप में सोलर पैनल स्थापित कराये जाने के भी निर्देश दिये।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल कल जाएगा फैजाबाद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल बुधवार 18 जनवरी को जनपद फैजाबाद जायेगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि जनपद फैजाबाद के विधान सभा क्षेत्र अयोध्या के ग्राम रसड़ा निवासी भेड़ चराने वाले लल्लन पाल व तुलसीराम पाल दोनों सगे भाइयों सहित दर्जनों भेड़ों की बिल्वहरि घाट रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे क्रासिंग पार करते समय ट्रेन से कटकर हुई दर्दनाक मौत की सही जानकारी एवं शोक संतप्त परिवार से मिलने व सांत्वना देने हेतु प्रतिनिधि मण्डल जनपद फैजाबाद के उपरोक्त गांव में पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल में क्रमशः पवन पाण्डेय पूर्व विधायक, गंगा सिंह यादव जिलाध्यक्ष सपा फैजाबाद, जगन्नाथ पाल जिला उपाध्यक्ष, विजय बहादुर वर्मा राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड, मो. शुऐब खान जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड एवं अशोक पाल जिला कार्यकारिणी सदस्य समाजवादी पार्टी शामिल रहेंगे।

# पार्टी में शिवपाल को अहम जिम्मेदारी देने की अटकलें तेज

## अखिलेश ने शिवपाल के घर जाकर मुलाकात करने के बाद दिए संकेत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी (सपा) संगठन में विस्तार की तैयारियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता और अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव से उनके घर जाकर मुलाकात की। यह मुलाकात शिवपाल को सपा संगठन में जल्द ही कोई बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की अटकलों के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जानकारी के मुताबिक सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव दोपहर बाद अपने चाचा शिवपाल यादव से मुलाकात करने उनके घर गए।

मुलाकात के दौरान क्या बातें हुईं, इस बारे में अभी किसी की तरफ से कोई बयान नही आया है। वहीं दूसरी ओर सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी का कहना है कि यह परिवार का मामला है और परिवार में कोई भी एक-दूसरे से कभा भी मिल सकता है। पार्टी सूत्रों की माने तो मैनपुरी चुनाव में जिस तरह से शिवपाल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए समाजवादी पार्टी का झंडा बुलन्द किया था उसकी एवज में उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी मिलनी चाहिए थी। सपा मुखिया अखिलेश के द्वारा सोमवार को शिवपाल सिंह यादव के घर जाकर मुलाकात करना इसी मामले से जोड़ कर देखा जा रहा है। अखिलेश और शिवपाल की इस मुलाकात के बाद अब इस यह अटकलें तेत हो गईं हैं कि शिवपाल को सपा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। फिलहाल इस सम्बन्ध में सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है, हो सकता है कि दोनों के बीच इस विषय पर बात हुई हो। यह पूछे जाने कि क्या सपा संगठन में शिवपाल को कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके जवाब में उन्होंने कहा हां, बिल्कुल। शिवपाल को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

चौधरी ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय और प्रान्तीय संगठनों का विस्तार बहुत जल्द होगा। सम्भव है कि यह काम इसी महीने पूरा हो जाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी संगठन को नए सिरे से बनाने के लिए पिछले साल जुलाई में पार्टी की सभी इकाइयों को भंग कर दिया था। इसमें पार्टी के भी युवा संगठन, महिला सभा तथा अन्य प्रकोष्ठ भी शामिल थे। कभी एक-दूसरे के विरोधी रहे अखिलेश और शिवपाल की दूरियां पिछले साल दिसंबर में पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव के दौरान खत्म होती नजर आ रही थीं।

आठ दिसंबर को उपचुनाव परिणाम में सपा उम्मीदवार और अखिलेश की पत्नी डिम्पल को विजई घोषित किए जाने के बाद अखिलेश ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का गठन कर चुके शिवपाल को सपा का झंडा देकर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल कराया था। वर्ष 2016 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से सरकार और संगठन पर वर्चस्व की लड़ाई के बाद हाशिए पर पहुंचे शिवपाल ने वर्ष 2018 में सपा से अलग होकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया का गठन कर लिया था। और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वह फिरोजाबाद सीट से सपा उम्मीदवार अक्षय यादव के खिलाफ मैदान में उतरे थे। हालांकि, वह जीत नहीं सके थे।

# सचल पालना गृह योजना घोटाले की जांच में लीपापोती पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा है कि श्रमिकों के बच्चों के लिए शुरू हुई 'सचल पालना गृह योजना' घोटाले की भेंट चढ़ गई। लगभग 6 वर्ष के अधिक हो गए लेकिन सीबीआई अभी तक इस घोटाले की जांच कर रही है। घोटाले में लिप्त अफसरों, कर्मियों के खिलाफ अभियोजन मंजूरी अभी तक नहीं दी गई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर सचल पालना गृह योजना में करोड़ो रुपए के हुए फर्जीवाड़े की जांच शुरू हुई थी। सीबीआई ने उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन मंजूरी मांगी थी लेकिन अभी तक श्रमिकों के बच्चों का हक डकारने वालों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार को सीबीआई को मुकदमा दर्ज करने की मंजूरी नहीं दी गई। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रवक्ता ने कहा कि महिला कल्याण निदेशक व बोर्ड के प्रशासक के कई कर्मचारियों के खिलाफ भी मंजूरियां मांगी गई थीं, उन्हें भी मंजूरी नहीं दी गई। इस घोटाले में सैकड़ो स्वयं सेवी संस्थाओं की भूमिका भी संदिग्ध रही है, जो जांच के घेरे में हैं तथा कई को ब्लैक लिस्टेड करने की भी सिफारिश की गई है लेकिन सब लीपा पोती के दायरे में चल रहे हैं। ज्ञात हो कि मजदूरों के बच्चों की देखभाल तथा शिक्षा के लिए सचल पालना गृह योजन की शुरूआत हुई थी। जिसके तहत विशेष रूप से महिला श्रमिकों के कार्यस्थल के स्थान पर बच्चों को खेलने खाने और सोने की व्यवस्था होनी थी, जो उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में होनी थी। जिसमें 6 साल तक के बच्चे पात्र थे। इसमें भी रजिस्टरों में बच्चों की मौजूदगी ज्यादा दिखाकर फर्जीवाड़ा किया जाना सामने आया।

पांडेय ने बताया कि वर्ष 2013 में कांग्रेस की तत्कालीन केन्द्र सरकार के समय में यह योजना शुरू हुई थी। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को पहली किस्त के रूप में 68 करोड़ रुपए दिए गए थे।

## मतदाता दिवस पर नथिंग लाइक वोट आई वोट फॉर श्योर की होगी थीम

**लखनऊ।** इस बार के राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम नर्थिंग लाइक वोट आई वोट फॉर श्योर होगी यानी वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी की तैयारियों के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को भव्य समारोह की तरह मनाया जायेगा।

# प्रधानों ने दी चेतावनी, करेंगे अनशन

संवाददाता। सीतापुर

- प्रधानों ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन फिर भेजा प्रधानमंत्री को
- मनरेगा में की एनएमएमएस ऐप की अनिवार्यता खत्म करने की मांग
- शस्त्र लाइसेंस जारी करने में प्रधानों को प्राथमिकता देने की मांग

**उत्तर** प्रदेश के प्रधान बड़े आंदोलन की ओर बढ़ रहे हैं, दरअसल कई मांगों को लेकर प्रधान मोदी सरकार को लगातार ज्ञापन भेज रहे हैं, लेकिन सुनवाई न होने से उनके अंदर सरकार के प्रति जहां नाराजगी पनप रही है वहीं वे बड़ा आंदोलन कर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराने की तैयारी में हैं। प्रधानों की पांच सूत्रीय मांगें हैं जिसको लेकर सोमवार को जिलाधिकारी से लेकर बीडीओ तक प्रधानों ने फिर एक बार ज्ञापन सौंपा है। सीतापुर में कुल 19 विकासखण्डों में 1599 ग्रामप्रधान हैं। ग्राम प्रधानों ने प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित 5 सूत्रीय मांगपत्र फिर एक बार जिले के अधिकारियों के माध्यम से भेजकर मांग की है कि यदि उनकी मांगे न मानी गयीं तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रधानों की सबसे बड़ी मांग है मनरेगा योजना में कार्य स्थल पर एनएमएमएस ऐप के माध्यम से दिन में दो बार उपस्थिति प्रमाणित की अनिवार्यता को समाप्त किया जाना। प्रधानों का कहना है अधिकांश ग्राम पंचायतों में नेटवर्क की समस्या के कारण एनएमएमएस ऐप के माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति अंकित नहीं हो पा रही है जिससे मस्टर रोल शून्य हो जा रहा है, लिहाजा भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी 23 दिसम्बर 2022 के उस आदेश को वापस लिया जाए। प्रधानों का यह भी कहना है कि वह जनता द्वारा निर्वाचित हैं फिर भी अकारण भ्रष्ट समझकर संदेह करने व परेशान एवं हतोत्साहित करने के लिए इस ऐप की अनिवार्यता लागू की गयी है। प्रधानों की दूसरी मांग मनरेगा मजदूरी की धनराशि को बढ़ाया जाना है। प्रधानों का कहना है कि 213 प्रतिदिन की मजदूरी पर मजदूर काम करने को तैयार नहीं हैं। अतः इसे बढ़ाकर 400 रूपए प्रतिदिन किया जाए। प्रधानों की तीसरी मांग है कि राज्य वित्त आयोग व प्रशासनिक सुधार आयोग की समस्त प्रमुख सिफारिशों को उत्तर प्रदेश में लागू किया जाए। चौथी मांग प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी करने में प्राथमिकता दी जाए और पांचवीं मांग में सहायक सचिव कम डॉटा इन्ट्री ऑपरेटर, शौचालय केयर टेकर एवं प्रधान के मानदेय की व्यवस्था, जिसका कि राज्य सरकार द्वारा अलग से करने का वादा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया था को तत्काल अमल में लाया जाए। इन मांगों का ज्ञापन जहां तीन ब्लॉकों के मिश्रिख, सिधौली और कसमण्डा के प्रधानों ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को सौंपा, वहीं अन्य ब्लॉकों पर प्रधानों ने खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखीं।

## जरूरतमंदों को वितरित की राशन किट

संवाददाता। सीतापुर




**उत्तिष्ठ** फाउण्डेशन विगत पांच वर्षों से समाज के वंचित गरीब परिवारों की हर संभव मदद करता चला आ रहा है। इसी क्रम में संस्था द्वारा ऐलिया ब्लाक के ग्राम पंचायत पीतपुर के प्राइमरी विद्यालय के निकट राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामसभा के शारीरिक मानसिक व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को चिन्हित करके गरीबों की सहायता की गई। 100 परिवारों को राशन सामग्री की किट का वितरण उत्तिष्ठ फाउण्डेशन द्वारा फिशर जार्डन के सहयोग से संपन्न किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन बालकृष्ण तिवारी, मैनेजर गोपाल तिवारी, कार्य प्रभारी अनिल तिवारी एवं वालंटियर्स अमित सिंह, प्रदीप तिवारी, प्रशान्त शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अमेरिका में बिखरी सीतापुर की रोशनी

## जनपद की बेटी के पुत्र ने नाम किया रोशन

- प्रतिष्ठित फोर्ब्स पत्रिका की सूची में शामिल हुए राफे खान

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर** की बेटी के पुत्र ने कामयाबी की ऐसी चमक बिखेरी जिसकी रोशनी अमेरिका तक फैली और जिले का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। शहर के प्रतिष्ठित रीजेंसी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक एम.एफ जैदी के नाती व उनकी बेटी जोया जैदी के पुत्र राफे खान को विश्व की नंबर एक मैग्जीन फोर्ब्स द्वारा प्रभावशाली व्यक्तियों की श्रेणी में शामिल किया गया, जिससे देश, प्रदेश व सीतापुर का नाम पूरे विश्व में गौरवांवित हुआ है। अमेरिका की प्रतिष्ठित फोर्ब्स पत्रिका ने पूरे विश्व से 30 वर्ष से कम उम्र के 30 सफलतम व्यक्तियों को अपनी इस मैग्जीन में जगह दी है, जिसमें राफे खान का भी नाम शामिल है। राफे खान की सफलता पर जहां रीजेंसी परिवार में जश्न का माहौल है, वहीं नाना एमएफजैदी, मामा एआर जैदी, राशिदा जैदी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

## शिकायतों के निस्तारण की धीमी प्रगति को लेकर नाराज हुए डीडीओ

- डीएम अनुज सिंह के निर्देश पर सिधौली ब्लॉक में निरीक्षण करने पहुंचे थे जिला विकास अधिकारी

संवाददाता। सीतापुर

**डीएम** अनुज सिंह के निर्देश पर निरीक्षण करने पहुंचे सिधौली ब्लाक के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला विकास अधिकारी हरीशचंद्र प्रजापति की नाराजगी का सामना करना पड़ा। ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीओ ने सबसे पहले मनरेगा पटल, स्थापना पटल, आवास पटल, पंचायत विभाग, व उपस्थिति पंजीका रजिस्टर का निरीक्षण किया, जिसके बाद आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की धीमी प्रगति को लेकर वह काफी नाराज हुए और मातहतों को कड़े निर्देश दिए। इसके बाद समीक्षा बैठक कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा कर अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम निधि के खाते से आपरेशन कायाकल्प के कार्यों कराने एवं खातों के धन को किसी अन्य मद में खर्च न करने की हिदायत भी दी। इस दौरान बीडीओ सन्तोष कुमार, एडीओ पंचायत रामपाल वर्मा सहित सेकट्री व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुंजन गुप्ता बनी मोहम्मदी ईओ



**मोहम्मदी खीरी।** नगर पालिका परिषद मोहम्मदी में बदायूं से आयी तेजतर्रार अधिशासी अधिकारी के रूप में जानी पहचानी जाने वाली गुंजन गुप्ता ने मोहम्मदी में अधिशासी अधिकारी पद संभाला। अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने बताया कि मेरी प्राथमिकता समाज को साफ सफाई और पानी के साथ-साथ नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाना है । उन्होंने कहा जहां भी मैं रही हूं वहां निर्भीक ढंग से आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किए हैं। यहां की जनता और मीडिया से अनुरोध है कि सकारात्मक रूप से मेरा सहयोग करें।

# बच्चे देश की धरोहर, इन्हें बनाएं रोल मॉडलः अल्पना



**लखीमपुर खीरी।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रविवार शाम बालगृह में बच्चों के लिए डीएम की धर्मपत्नी, आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह मिठाई लेकर पहुंचीं तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। अल्पना ने बच्चों से बात की और काफी समय उनके साथ व्यतीत किया। कुछ बच्चे उनसे लिपट गए तो एक छोटी बच्ची को उन्होंने गोद में उठाकर दुलारा।

आकांक्षा चीफ अल्पना सिंह लखीमपुर ब्लाक के ग्राम पिपरा करमचंद में मां काली सेवा संस्थान द्वारा संचालित, महिला कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित बाल गृह, बाल गृह (शिशु) और विशेष दत्तक ग्रहण इकाई पहुंची, जहां बालगृहों में आवासित बच्चों और यहां तैनात कर्मचारियों को आकांक्षा चीफ ने एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, समिति सदस्य शिखा सिंह, नमिता श्रीवास्तव के साथ कंबल, दूध, डायपर, चॉकलेट, मिठाई, फ्ल, कलर, कलर बुक वितरित की। इस दौरान उन्होंने एक नन्हीं बालिका को गोद में लेकर दुलारा। अन्य बच्चों से बातचीत करके उन्हें काफी सहज किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सवाल भी पूछे कि उनकी दिनचर्या क्या है। उनको क्या पसंद तो क्या न पसंद है। आकांक्षा चीफ ने बालगृह संचालक से संवाद कर हरसंभव मदद देने के लिए आश्वस्त किया। कहा कि बच्चों को ऐसी ट्रेनिंग दें ताकि जब वे बाल गृह से निकल कर अपने समाज में जाएं तो एक पहचान लेकर पहुंचें।

# सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है परिवार नियोजन किट

संवाददाता। लखीमपुर. खीरी

**अगर** अनचाहा गर्भ ठहर गया है और आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली (ईजी पिल्स) चाहिए। गर्भवती होने या न होने की पुष्टि करना चाह रही हैं, और प्रेग्नेंसी टेस्ट किट (निश्चय) की आवश्यकता है तो परेशान न हों। अब यह सभी चीजें सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर आसानी से मिल जाएंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक द्वारा निर्देश प्राप्त हुए हैं कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत अब स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए गए कंडोम बॉक्स में ही प्रेग्नेंसी टेस्ट किट और गर्भ निरोधक गोली भी उपलब्ध होगी। इसके साथ ही अब कंडोम बॉक्स परिवार नियोजन किट कहा जाएगा।

असुरक्षित यौन संबंध बनाने के 72 घंटे के अंदर एक गर्भनिरोधक गोली का सेवन करने से गर्भ नहीं ठहरता है। यह गोली बाजार में 80 से 100 रुपये की मिलती है, लेकिन कंडोम बॉक्स द्वारा यह निःशुल्क आसानी से कोई भी ले सकता है।

कंडोम बॉक्स में चार खाने होंगे जिसमें दो में कंडोम और एक-एक खाने में प्रेग्नेंसी टेस्ट किट और गर्भनिरोधक गोली रखी जाएगी तथा यह सामने से पारदर्शी होगा ताकि आसानी से लोगों को पता चल जाए कि कंडोम, गर्भनिरोधक गोली और प्रेग्नेंसी टेस्ट किट बॉक्स के किस खाने में रखी है।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के जिला प्रबन्धक पदमाकर त्रिपाठी ने बताया कि यह बॉक्स जिला पुरूष चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय सहित सभी 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी),4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 58 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और 386 स्वास्थ्य उप केंद्रों पर स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला अस्पतालों में पांच से छह, सीएचसी पर तीन से चार, पीएचसी पर एक से दो और उपकेंद्रों पर एक बॉक्स लगाया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा माह : एआरटीओ के नेतृत्व में रोड सेफ्टी के लिए चला अवेयरनेस कैंपेन

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिव उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में सड़क-सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा। सड़क सुरक्षा माह के तहत एनसीसी कैडेटों को यातायात संबंधी नियमों व सुगम यातायात कैसे बनाए रखा जाए, इसे लेकर एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रशिक्षित किया गया। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे एवं ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर जेपी यादव ने यातायात व्यवस्था की बारीकियां बताकर प्रशिक्षित किया। सोमवार को शहर के प्रमुख चौराहों यथा एलआरपी चौराहा, राजापुर चौराहा, सौजन्या चौक, मेला मैदान चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, संकटा देवी चौराहे पर इस कैडेट ने ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ एनसीसी कैडेट्स भी सड़कों पर नजर आए।

## क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन



**निघासन-खीरी।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत पूरे देश में 25 दिसंबर से शुरू होकर 23 जनवरी तक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अवध क्षेत्र के निघासन ब्लाक के ग्राम पंचायत लुधौरी के उप ग्राम सहतेपुरवा में आज मुख्य अतिथि मालता प्रसाद व विशिष्ट अतिथि लेखराम, चरनलाल, मिश्री लाल के द्वारा फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आज प्रतियोगता में क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ जिसमें सहते पुरवा व चिरकुआ के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सहते पुरवा ने विजय प्राप्त किया। इस सात दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रत्येक दिन अलग अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जैसे क्रिकेट,ए वॉलीवाल, कबड्डी, 1 किलोमीटर रनिंग, रस्सा कस्सी, सूर्य नमस्कार आदि। विजेता प्रतिभागियों को 22 जनवरी समापन के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी सूर्या फाउंडेशन के अवध क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सूर्या फाउंडेशन गांव के बच्चों व युवाओं में खेलकूद के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है । खेलों के माध्यम से युवा अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं और अपनी शारीरिक एवं मानसिक शक्ति को बढ़ा सकते हैं।

# बुलंदियों की ओर अग्रसर संविलियन विद्यालय पचपेड़ी

संवाददाता। निघासन.खीरी



**स्थानीय** विकास क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट क्लास से सुसज्जित करके प्रदेश स्तर पर निघासन का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित करने वाले खंड शिक्षा अधिकारी डॉ ब्रजेश त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में सभी अध्यापक अपने स्टाफ के साथ अब निपुण लक्ष्य हासिल करने में पूरी संजीदगी के साथ जुट गए हैं।

इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकास क्षेत्र निघासन के संविलियन विद्यालय पचपेड़ी में प्रधानाध्यापक एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष, निघासन रुप सिंह यादव की अगुवाई में जोरदार तरीके से प्रयास जारी है।

गौरतलब है कि उक्त संविलियन विद्यालय में समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा टीम भावना के साथ काम करते हुए बच्चों को सहज शैक्षिक परिवेश प्रदान करने की कोशिश की जा रही है, विद्यालय में शिक्षकों और बच्चों में बना आत्मीय संबंध देखते ही बनता है, विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण विशेष ध्यान देते हुए, प्रार्थना सभा में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अनुशासन पूर्ण वातावरण स्रजित करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं के द्वारा विद्यालय का कायाकल्प कराया जा रहा है। उक्त विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम से सुसज्जित कक्षा कक्ष, अभिभावकों के साथ बच्चों की शिक्षा के लिए नियमित चर्चा और परिचर्चा, सक्रिय पुस्तकालय, सक्रिय खेलकूद सामग्री, डिजिटल क्लासरूम, विद्यालय के आकर्षक परिवेश के साथ उच्चाधिकारियों का नियमित मार्गदर्शन सचमुच दर्शनीय है। उक्त संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव, मनीष कुमार वर्मा, प्रदीप शाक्यवार, विजय सिंह, वेदप्रकाश वर्मा तथा ममता शुक्ला निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए जी-जान से मेहनत कर रहे हैं, अध्यापकों की मेहनत देखकर लगता है कि बीईओ डॉ ब्रजेश त्रिपाठी के निर्देशानुसार संविलियन विद्यालय पचपेड़ी जल्दी ही निपुण लक्ष्य हासिल करने में कामयाबी हासिल कर लेगा।

# पांच बच्चों की मौत के बाद अधिकारियों का दौरा

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**नगर** के एक मोहल्ले में 5 बच्चों की मौतों के बाद आज जिला चिकित्सा अधिकारी, एडिशनल चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी ने मोहल्ले का दौरा किया जिसमें सभी अधिकारी बुखार और दस्त से पीड़ित बच्चों की मौत के घरों पर गये, जहां उनको उचित दिशा निर्देश दिए । जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि 2 दिनों में हमारी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 792 घरों का सर्वे किया है जिसमें 100 बच्चों को वैक्सीन लगवाई गई है। 172 बच्चों का मलेरिया, टाइफइड, डेंगू की जांच कराई गई है। सभी जाचें पाजटिव हैं, जो पिछले सर्वे में 9 बच्चे पीड़ित पाए गए थे वे सब अब घरों में सुरक्षित व स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि पानी का सैंपल लिया जा रहा है। मोहम्मदी स्वास्थ्य विभाग की ओर से 12 टीमें हमारी लगी हुई हैं। बीमारी और न फैले इसको देखते हुए मोहम्मदी के सभी मोहल्ले में रोस्टर के अनुसार सर्वे, जांच और टीकाकरण कराया जाएगा। खसरा जैसी बीमारी कहीं भी नहीं पाई गई है, लगातार टीकाकरण चलता रहेगा। जिला चिकित्सा अधिकारी ने सभी मोहल्ले वासियों से साफसफाई और खानपान में परहेज करने की बात भी कहीं तथा बीमार रहने पर सरकारी अस्पताल में अपनी दवाइयां ले। उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने धार्मिक



गुरुओं से बात करने के बाद सभी मस्जिदों में टीकाकरण लगवाने के अनुरोध किया जाएगा। वहीं अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने गंदगी को देखकर सफाई कर्मचारियों को लताड़ लगाई और उचित दिशा निर्देश भी दिए। इस भ्रमण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडिशनल सीएमओ एके गुप्ता, उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता, मोहम्मदी स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर मोहित सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र वर्मा,ए डॉक्टर प्रेम प्रकाश वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# डीएम ने की शासन की प्राथमिकता वाले विकास कायक्रमों की बिंदुवार समीक्षा, दिए सख्त निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सोमवार** शाम जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में शासन की प्राथमिकता वाले 37 प्रारूपों की वृहद समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से काम करते हुए विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन, गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित हो। डीएम ने 50 लाख की लागत से ऊपर के विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की, डीएसटीओ को निर्देश दिए कि 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में गठित कमेटी निर्माणाधीन कामों का विजिट कर सत्यापन करते हुए गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराएं, अद्यतन रिपोर्ट डीएसटीओ के माध्यम से उन्हें और सीडीओ को अवगत कराएं। संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय-समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि विकास कार्यो को नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। डीएम ने विभिन्न सरकारी पेंशन योजनाओं के आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा की। निराश्रित महिला पेंशन की आधार सीडिंग की प्रगति के संबंध में डीपीओ संजय निगम ने बताया कि अब तक 66 फीसदी आधार सीडिंग हो चुकी है, शेष कार्य प्रगति पर है। डीएम ने निर्देश दिए कि वृद्धावस्था, निराश्रित महिला एवं दिव्यांग पेंशन में आधार सीडिंग की प्रगति बढ़ाएं, ताकि पेंशन के अंतरण में कोई असुविधा ना हो। डीएम ने 23 निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति जानी, जिसपर डीपीओ बताया कि एक को छोड़कर सभी हैंडओवर होने की प्रक्रिया में है। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं से जुड़कर भविष्य को संवारे। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, पीएम ग्राम सड़क योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत घर, ग्राम निधि भुगतान, सीएम कन्या सुमंगला योजना उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सीएम नारी सम्मान योजना, ऑपरेशन कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

# पेज एक का शेष

## भाजपा का इस साल...

पार्टी की सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए नड्डा ने कहा कि पहले जहां हर दिन 12 किलोमीटर राजमार्ग बनाया जाता था, वहीं आज यह बढ़कर 37 किलोमीटर हो गया है। देश ने मुफ्त अनाज सहित कई कल्याणकारी योजनाओं के साथ गरीबों को सशक्त बनाने के लिए भी काम किया है।

## जजों की नियुक्ति...

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि, सरकार पूरी तरह से अधीन करना चाहती है। उन्होंने ट्वीट किया, उपराष्ट्रपति ने हमला बोला। कानून मंत्री ने हमला किया। यह न्यायपालिका के साथ सुनियोजित टकराव है, ताकि उसे धमकाया जा सके और उसके बाद उसपर पूरी तरह से कब्जा किया जा सके। यह स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए विष की गोली जैसी है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में रिजीजू ने कहा था कि न्यायिक नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम प्रणाली संविधान से बिलकुल अलग व्यवस्था है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी दावा किया था कि न्यायपालिका, विधायिका की शक्तियों में अतिक्रमण कर रही है।

सरकार के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने कहा, किरेन रिजीजू जी उच्चतम न्यायालय के एनजेएसी फैसले के कैसे अनुरूप है। कॉलेजियम प्रणाली को लेकर कुछ अंतर्निहित मुद्दे हैं, लेकिन देश में भावना है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा होनी चाहिए। हम पुनर्विचार का अनुरोध करते हैं।

गौरतलब है कि अक्टूबर 2015 में संसद द्वारा उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए आम सहमति से पारित एनजेएसी अधिनियम को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कई आधारों पर असंवैधानिक करार दिया था। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जे एस खेहर की पीठ ने अपने फैसले में कहा था, उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति और उनके स्थानांतरण का मामला भी प्राथमिक तौर पर निर्णय लेने संबंधी प्रक्रिया है और भारत के प्रधान न्यायाधीश में निहित है। दिसंबर 2015 में उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि केंद्र और राज्यों के विचारों पर भी गौर किया जाना चाहिए और सरकार को प्रधान न्यायाधीश से विचार विमर्श कर एमओपी बनाने का निर्देश दिया था, ताकि न्यायाधीशों को नियुक्त करने की कॉलेजियम प्रणाली पारदर्शी हो।

## गेम चेंजर साबित होगी...

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में तैनाती मिलने से अग्निवीरों को विविध अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और इस दौरान उन्हें विभिन्न भाषाओं, विभिन्न संस्कृतियों और जीवन जीने के तरीकों के बारे में सीखने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टीम भावना और नेतृत्व कौशल को निखारने से उनके व्यक्तित्व में एक नया आयाम जुड़ेगा। उन्होंने अग्निवीरों को नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक रहने को प्रेरित किया और साथ ही अपनी पसंद के क्षेत्रों में अपने कौशल को बेहतर बनाने पर काम करने का आह्वान किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक सिंह ने अग्निपथ योजना को सबसे महत्वपूर्ण और अभूतपूर्व सुधारों में से एक बताया और कहा कि रक्षा मंत्रालय ने राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए कई फैसले लिए हैं। सिंह ने कहा कि लगातार बदलते वैश्विक परिदृश्य और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच देश के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस तथ्य की सराहना की कि इस योजना को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें बड़ी संख्या में आवेदक भर्ती के लिए आए। उन्होंने महिला अग्निवीरों का विशेष उल्लेख किया, जिन्हें उनके पुरुष समकक्षों के साथ प्रशिक्षित किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अग्निवीरों के कल्याण के लिए रक्षा मंत्रालय सहित कई मंत्रालय आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्रालय, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और रेल मंत्रालय के विभिन्न विभागों में कई पदों पर अग्निवीरों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। अग्निवीरों को उचित शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से व्यवस्था की जा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा, सेवा के बाद स्वरोजगार या व्यवसाय शुरू करने की इच्छा रखने वाले अग्निवीरों को वित्त मंत्रालय के सहयोग से उचित दरों पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। अग्निवीर न केवल सुरक्षावीर बनेंगे, बल्कि समृद्धिवीर भी बनेंगे। प्रधानमंत्री के भाषण का सभी अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्रों में सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष अनिल अध्यक्ष, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, नौ सेना प्रमुख उडमिरल आर हरि कुमार, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

## शाहनवाज हुसैन को...

एक सामान्य मामले में, पीड़त को इन सभी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। रोहतगी ने क्रमवार घटना का जिक्र करते हुए कहा कि महिला ने हुसैन के खिलाफ पटना सहित कई अदालतों में शिकायत दी है। हुसैन के अधिवक्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता हर बार कई शिकायतें लेकर अदालत पहुंची। पीठ ने सवाल किया कि क्या पुलिस ने शिकायतकर्ता को सूचित किया है कि इस मामले में कार्वाई करने और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं। पीठ ने कहा, आप पीड़ित हो सकते हैं और हो सकता है कि वह पीड़ित नहीं हो, लेकिन इसका ठीक उल्टा होने की भी संभवना है। पीठ ने हुसैन की याचिका खारिज करते हुए कहा, क्षमा करें, याचिका खारिज की जाती है। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि हुसैन के वकील की दलीलें सही नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने पिछले साल 17 अगस्त को निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली हुसैन की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि 2018 के आदेश में कुछ भी गड़बड़ी नहीं है। निचली अदालत ने दिल्ली पुलिस को भाजपा नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने 22 अगस्त 2022 को उच्च न्यायालय के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी।

# सड़क सुरक्षा माह को लेकर निकाली रैली




संवाददाता। बरेली

**सड़क** सुरक्षा माह के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली में एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज के छात्रों और अवंतीबाई बालिका महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। एफ आर इस्लामिया इंटर कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेट्स ने सड़क जागरूकता के लिए रैली में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर जावेद खालिद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। लेफ्ट-मुशाहिद रजा के नेतृत्व में उक्त रैली कोतवाली, अयूब खान चौराहा होते हुए चौकी चौराहे होते हुए अवन्ति बाई बालिका महाविद्यालय पर समापन हुआ रैली के साथ डॉक्टर मेहंदी हसन, फरहान अहमद सैफी और मोहम्मद नसीम अंसारी सम्मिलित रहे। एन.सी.सी. कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा हेतु नारे लगाते हुए रैली में प्रतिभाग किया तथा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को हेलमेट पहनने और कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनने हेतु जागरूक किया। यह रैली एफ आर इस्लामिया इंटर कॉलेज , पटेल चौक से चौकी चौराह, प्रभा टाकीज, गांधी उद्यान होते हुए अवंतीबाई बालिका महाविद्यालय पर रैली का समापन हुआ । रैली के माध्यम से वाहन चालकों के लिए यातायात की जानकारी दी गयी। रैली में आरटीओ कमल प्रसाद गुप्ता, इस्लामिया इंटर कॉलेज के टीचर मोहम्मद शाहिद, सीओ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने को संकल्पित है प्रशासन : अभिषेक

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी**/सहायक रिटर्निंग आफिसर अभिषेक आनन्द ने झांसी खंड शिक्षक स्नातक चुनाव को शान्तिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त नोडल प्रभारी/सहायक प्रभारी/जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षा बैठक कर बिन्दुवार आचार संहिता, कार्मिक नियुक्ति, प्रशिक्षण व्यवस्था मद पत्र, यातायात मतदाता सूची, बूथ निर्माण आदि पर चर्चा की।

सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कहा कि प्रेक्षक, मीडिया सेल, कम्प्यूटर, सीसीटीवी वेबकास्टिंग, विधिक सेल, आनलाइन व आफलाइन सूचनाओं को भेजने बावत संबंधित



## ● चुनाव छोटा हो या बड़ा होता है महत्वपूर्ण : डीएम
## ● एमएलसी चुनाव की डीएम ने की तैयारी

प्रभारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिक्षक स्नातक का मतदान तीस जनवरी को होना है। चुनाव छोटा हो या बड़ा महत्वपूर्ण होता है। इसके मद्देनजर चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश देते हुए सीडीओ से कहा कि प्रशिक्षण दौरान सभी पीठासीन अधिकारियों व मतदान कर्मियों को चुनाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाये, ताकि मतदान दौरान कोई समस्या न हो। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ एसडीएम नवदीप शुक्ला, मानिकपुर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, मऊ सीओ शीतला प्रसाद पाण्डेय, राजापुर सीओ एसपी सोनकर समेत संबंधित जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट

# एसपी वृंदा शुक्ला ने सीओ सिटी के साथ लिया भरतकूप मेले की सुरक्षा का जायजा

**चित्रकूट।** मकर संक्रान्ति पर्व पर भरतकूप में लगे विशाल मेले को देखने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला पहुंची। उन्होंने सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय के साथ मेले का निरीक्षण कर भीड़भाड़ देखते हुए चौकस व्यवस्था करने के निर्देश दिये। सोमवार को एसपी वृन्दा शुक्ला भरतकूप में लगे मकर संक्रान्ति पर्व पर मेला देखने पहुंचीं। भरतकूप कस्बे में पांच दिवसीय मेले के दूसरे दिन भी भारी तादाद में लोगों ने भरतकूप में स्नान कर दान दिया। हजारों श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक कूप के जल से तर्पण किया। प्रतिवर्ष की भांति मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। ऐतिहासिक भरतकूप मेले का खासा महत्व है। माना जाता है कि मकर संक्रान्ति पर्व पर जो लोग प्रयागराज नहीं जा पाते, वे भरतकूप में स्नान कर पुण्य प्राप्त कर लेते हैं।

# डीएम ने हेल्थ वैलनेस सेंटर रनियां में निःक्षय दिवस का किया शुभारंभ

## ● जिलाधिकारी ने उच्च और प्राथमिक विद्यालय स्वरूपपुर का किया निरीक्षण बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के दिए निर्देश

## ● आयुष्मान कार्ड कम बनाए जाने पर जिलाधिकारी ने लगाई कड़ी फटकार, ज्यादा से ज्यादा कार्ड बनाए जाने के दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन ने आज 16 जनवरी को निःक्षय दिवस का शुभारंभ हेल्थ वैलनेस सेंटर, रनियां में फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि एकीकृत निःक्षय दिवस प्रत्येक माह की 15 तारीख को समस्त चिकित्सा इकाइयों पर मनाया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी द्वारा स्क्रीनिंग किए गए मरीजों का हालचाल जाना और पौष्टिक किट वितरण की। इस कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय में कुष्ठ रोगियों, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगियों को चिन्हित कर लक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि वर्ष 2030 तक राज्य और जिला स्तर पर कुष्ठ उन्मूलन एवं वर्ष 2023 तक कालाअजार उन्मूलन, वर्ष 2030 तक फाइलेरिया का उन्मूलन का लक्ष्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

वहीं जिलाधिकारी ने 15 मरीजों को फाइलेरिया की एमएमडीपी किट भी वितरित की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए के सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जी एस चौहान, नोडल अधिकारी, फाइलेरिया डॉ. ए पी वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी मारुति नंदन दीक्षित, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ विशाल दिवाकर, दीपक सिंह सेंगर, अनुराग तिवारी, युनुष, प्रांजुल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा रनिया खानपुर एवं रूपपुर में हुई भूमि की बिक्री के स्टांप में कमी का जायजा लिया एवं जिलाधिकारी ने एआईजी स्टांप को निर्देशित किया कि स्टांप में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाएं।

जिलाधिकारी द्वारा सरूरपुर में संचालित पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंचायत सहायक विनीत द्वारा आयुष्मान कार्ड कम बनाए जाने की स्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि कार्यों में रुचि लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का गरीब जनता को लाभान्वित करें तथा जिनके आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बनाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन दिव्यांग पेंशन तथा आदि के कार्यों में भी रुचि लाएं। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा उच्च एवं प्राथमिक विद्यालयए स्वरूपपुर, अकबरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कम उपस्थिति पाए जाने पर उपस्थित प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति शत.प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों के ड्रेस जूता मोजा आदि भी भेजे गए पैसों के द्वारा अभिभावकों से संपर्क कर उपलब्ध कराएं।

# खनन पट्टा धारकों पर चला प्रशासन का चाबुक

संवाददाता। फतेहपुर

जिले में अवैध खनन, परिवहन व ओवर लोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण लगाये जाने के लिए जिलाधिकारी श्रुति के दिशा-निर्देशन में गठित टास्क फोर्स टीम ने कई खनन पट्टा धारकों पर चाबुक चलाने का काम किया है। अवैध खनन व ओवर लोडिंग पाये जाने पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार पाठक ने बताया कि जनपदीय टास्क फोर्स टीम ने माह दिसंबर में कुल 110 प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुये 46,09,570 जुर्माना राशि जमा कराई। माह जनवरी 2023 में अब तक 95 प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुये 34,54,580 रुपये जुर्माना राशि जमा कराई गई है। इसके अलावा जनपद में स्वीकृत/संचालित खनन पट्टा क्षेत्रों की निरंतर जांच व सतत निगरानी की जा रही है। खनन पट्टा क्षेत्र कोर्राकनक के खनन पट्टाधारक मेसर्स अमोरस ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध स्वीकृत क्षेत्र से बाहर किये गये अवैध खनन व जल स्तर आने के बाद भी खनन किये जाने एवं बिना परिवहन प्रपत्र ई-एमएम-11 एवं ई-एमएम-11 में निर्धारित क्षमता से अधिक उपखनिज की लोडिंग किये जाने के परिणामस्वरूप नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गयी। मेसर्स आरबी इंटर प्राइजेज को खनन क्षेत्र से बिना परिवहन प्रपत्र ई-एमएम-11 एवं ई-एमएम-11 मे निर्धारित क्षमता से अधिक उपखनिज की लोडिंग किये जाने के परिणामस्वरूप शस्ति अधिरोपित की गयी है।

# ग्रामोदय विवि वैश्विक अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य के लिए दृढ़ संकल्पित

संवाददाता। चित्रकूट

**महात्मा** गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ग्रामीण विकास की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की दृष्टि से सतत प्रयत्नशील है। इस क्रम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय आंचलिक परिधि से निकलकर देश के शीर्षस्थ संस्थानों की विशेषता का लाभ लेने के लिए उनसे सतत विचार-विमर्श और अनुबंध कर रहा है। जिससे भविष्य में शिक्षण, प्रशिक्षण, प्रसार एवं अनुसंधान आयामों को बहुआयामी, यथार्थपरक और प्रभावी रूप दिया जा सके।

इस उद्देश्य से कुलपति प्रो0 भरत मिश्रा विगत सप्ताह चार दिवसीय अकादमिक यात्रा पर दक्षिण भारत गए थे। इस क्रम में उन्होंने श्रीरामचंद्र मिशन, संस्कृत फाउंडेशन और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद हैदराबाद के अधिकारियों से विचार-विमर्श कर उनके सहयोग से साझा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया। इस दौरान दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा के निदेशक प्रो वीरेंद्र कुमार व्यास भी रहे।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के अनुरूप ग्रामीण विकास पाठ्यक्रमों को कौशल परक बनाने के उद्देश्य से एमजीएमआरआई के निदेशक डॉ डब्लू जी प्रसन्ना कुमार से विचार-विमर्श हुआ। निकट भविष्य में परिषद और विश्वविद्यालय बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कोर्स के परिमार्जन और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर साझा कार्यक्रम आयोजित करेगा। विश्वविद्यालय और परिषद मिलकर कम्युनिटी इंगेजमेंट के कार्यों में सभी सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए एक ब्लू प्रिंट विकसित करेंगे।

संस्कृति फाउंडेशन, हैदराबाद

संस्कृति फाउंडेशन देशभर में युवाओं में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना एवं प्राचीन भारतीय इतिहास व पुरातत्व एवं संस्कृति के संबंधी शोध कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रयत्नशील है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय इन दोनों ही आयामों पर विगत तीन दशकों से महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। अत: फाउंडेशन ने विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए साझा गतिविधियां आयोजित करने की इच्छा प्रकट की थी। संस्कृति फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ उमा महेश्वर राव, रिटायर्ड आईएएस की उपस्थिति में द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए।

# संदिग्ध हालात में नाले में मिला था पंचायत मित्र का शव

संवाददाता। माधौगढ़ (उरई)

**ग्राम** कुंवरपुरा के पंचायत मित्र करन सिंह पुत्र हरकिशुन उम्र 35 वर्ष 12 जनवरी को अचानक लापता हो गये थे। इसके बाद परिजनों द्वारा उनकी

## ● परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, 12 जनवरी से लापता था पंचायत मित्र

खोजबीन शुरू की गयी लेकिन पता नहीं चला। जब पिछले दिनों उनका शव कस्बा माधौगढ़ बुंदेलखंड इंटर कॉलेज के पास नाले में मिला तो परिजन सकते में आ गये। बाद में घटना की जानकारी परिजनों ने माधौगढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा



भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक पंचायत मित्र के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि पंचायत मित्र का एक मुकदमा एससी एक्ट के चल रहा था जिसकी फाइनल तारीख 13 जनवरी थी। लेकिन तारीख के पहले ही पंचायत मित्र 12 जनवरी को लापता हो गया। जिसको लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई, हत्यारों के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। पंचायत मित्र कुंवरपुरा निवासी करन सिंह पुत्र हरकिशुन उम्र 35 वर्ष अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा के साथ ही पत्नी सुषमा व बुजुर्ग मां चन्द्रवती को छोड़ गया। घटना को लेकर जिस तरह से गांव में प्रतिक्रिया सामने आयी तो ऐहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात रहा।

# व्यापारी नेताओं ने डिप्टी कमिश्नर के साथ की समस्याओं पर चर्चा

**फतेहपुर।** वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर मचल सिंह के साथ उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने बैठक करके व्यापारियों की समस्याओ पर चर्चा करते हुए समस्याओं के निदान की मांग की। साथ ही जीएसटी का सरलीकरण करना, पंजीयन कैम्प लगाना, व्यापारियों के यहा छापेमारी समाप्त करना व व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ मासिक बैठक करके व्यापारी हित मे कार्य करने का अनुरोध किया गया। डिप्टी कमिश्नर ने आश्वस्त किया कि विभाग व्यापारी हित में कार्य करने हेतु वचनबद्ध है। व्यापारी अपना पंजीयन कराकर विभाग की सुविधा प्राप्त करे। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सलाहकार संजीव अग्रवाल, योगेन्द्र मौर्या, विवेक त्रिपाठी आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# एसडीएम से की चंदुर्रा की गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं की शिकायत

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**शासन** के तमाम दिशा निर्देशों के बाद भी गौशालाओं की स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। प्राय: हर रोज ही किसी न किसी गांव की गौशाला की बदतर स्थिति देखने सुनने को मिल रही है। उधर, गौशालाओं की स्थिति में सुधार लाये जाने हेतु प्रशासनिक अधिकारी भी समय समय पर गौशालाओं का निरीक्षण करते हुए देखे जा सकते हैं लेकिन निरीक्षण के बाद स्थिति पुन: अपने पुराने ढर्रे पर आ जाती है। कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत चंदुर्रा में संचालित गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम कृष्णकुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। गांव के निवासी कप्तान सिंह के साथ आये अन्य ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में कहा कि गौशाला में एकत्रित गौवंशों के लिए

## ● ग्रामीणों ने प्रधान पर मढ़े कई आरोप

शासन के रुपयों से जो भूसा आता है, उस भूसे को प्रधान ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर अपने घर में बंधे जानवरों के लिए ले जाते हैं। गौशाला में गौवंशों के लिए चारा भूसा व पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है और सर्दी से बचाव हेतु अलाव भी नहीं जलवाये जा रहे हैं जिससे प्रतिदिन गौवंशों की मौत हो रही है। उक्त मामले को लेकर एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई किये जाने का भरोसा दिलाया है।

# ससुरालियों पर मढ़ा दहेज की खातिर पुत्रवधू की हत्या करने का आरोप

संवाददाता। उरई (जालौन)

**थाना** क्षेत्र के ग्राम पूरनपुरा में फांसी लगाकर हुई महिला की मौत के मामले में मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज की खातिर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुरा निवासी अंकुश की पत्नी नीलम 25 वर्ष ने रविवार देर रात को संदिग्ध हालात में फांसी लगा ली थी। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई थी। सोमवार सुबह घटना की जानकारी पाकर गांव पहुंची पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को सूचना देते हुए उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जानकारी पाकर मृतका के मायके पक्ष के लोग भी आ गए, जिसमें मृतका के भाई आशु प्रजापति निवासी लोधीपुरा ने ससुराल वालों पर गम्भीर आरोप लगाए।

उसने बताया कि पिछले वर्ष नीलम की शादी जनवरी माह में हैसियत अनुसार दान दहेज देकर सम्पन्न हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ बाद से उसे पति व ससुराल के लोगों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा था। रविवार शाम को भी उसने मोबाइल पर अपने साथ हुई मारपीट की जानकारी मायके पक्ष को दी थी। जिसके बाद ही उसके साथ पति व ससुरालवालों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया।

# जौनपुर की प्रियम सिंह के सिर पर सजा मिस इण्डिया-2023 का ताज

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जौनपुर** की प्रियम सिंह के सिर पर सजा मिस इण्डिया-2023 का ताज जबकि कानपुर की नेहा शुक्ला बनी मिस उत्तर प्रदेश - 2023 तथा मुस्कान को मिस फर्रुखाबाद और रोहित को मिस्टर फर्रुखाबाद का ताज हासिल हुआ। फर्रुखाबाद के हर्ष बने मिस्टर हैण्डसम इण्डिया और फर्रुखाबाद की शिवांगी चौहान बनीं मिस टीन इण्डिया , इनके अलावा वाराणसी की कशिश पटेल को मिला मिस टीन उत्तर प्रदेश का ताज। मेरठ की विदुषी भारद्वाज बनीं मिस प्रिटी इण्डिया। मुजफ्फरनगर के रितिक बालियान मिस्टर उत्तर प्रदेश- 2023 बने, प्रगति कटियार बनी मिसेज फर्रुखाबाद। 19वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव- 2023 के प्रतियोगिताओं के क्रम में 19वीं ब्यूटी विद ब्रेन



## ● कानपुर की नेहा शुक्ला बनी मिस उत्तर प्रदेश-2023

## ● मुस्कान को मिस फर्रुखाबाद और रोहित को मिस्टर फर्रुखाबाद का ताज

प्रतियोगिता-2023 का आयोजन फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति में किया गया। प्रतिभागियों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।

देश के विभिन्न भागों से प्रतिभागियों ने ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने भारत में पहने जाने



वाली आकर्षक ड्रेस में रेम्प वाक किया और अपने व्यक्तित्व का प्रदर्शन रेम्प पर किया। मिस कान्टेस्ट के लिए प्रतिभागियों ने पांच ड्रेसों काली जीन्स सफेद शर्ट,काली जीन्स एकाला सैण्डो, टाप ब्लू डेनिम, हॉट पेण्ट एवं सफेद शर्ट, सफेद शर्ट एवं सफेद माइक्रो मिनी स्कर्ट तथा गाउन में रेम्प वाक किया। पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर दिये, मिस्टर प्रतिभागियों ने काली जीन्स और सफेद शर्ट एवं कोट पेण्ट शूट दो ड्रेसों में अपना प्रदर्शन किया।

निर्णायक मण्डल ने जो भी अपना निर्णय दिया, सभी ने उसको स्वीकार किया। मोटी हील के सेण्डल, निर्धारित रेड, ब्लैक गाउन न होने के कारण अधिकांश प्रतिभागियों को बाहर कर दिया गया। मिस एवं मिस्टर प्रतिभागियों द्वारा तीन प्रश्नों के सटीक उत्तर न देने के कारण भी बाहर कर दिया गया। कुछ प्रतिभागी भारत के उपराष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का नाम भी नहीं बता सके। सभी विजेताओं को क्राउन, गिफ्ट, सम्मान पत्र ट्राफी प्रदान की गई। सभी ने इस ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता के आयोजक फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के चेयरमैन डा संदीप शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके निर्देशन में इस ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान मिल रहा है। सच्चिदानन्द मिश्रा, सुनील सक्सेना, हर्षित मिश्रा, पुष्पेन्द्र यादव, रामजी आदि रहे।

# फाइलेरिया मरीजों को मिली किट, चेहरे पर आई मुस्कान

संवाददाता। फतेहपुर

**निःक्षय** दिवस के अवसर पर फाइलेरिया मोरबिडिटी मैनेजमेंट एमएमडीपी के अंतर्गत तेलियानी विकास खंड के कांधी गांव में एमएमडीपी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 20 फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। किट पाकर फाइलेरिया रोगियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। मरीजों ने कहा कि दवाओं के सेवन और नियमित सफाई से बहुत आराम मिला है। इस दौरान फाइलेरिया मरीजों के प्रबंधन पर चर्चा की गई।

जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी शरीर में विकृति उत्पन्न कर देती है। यह लाइलाज बीमारी है और किसी भी उम्र में हो सकती है। बीमारी संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। बीमारी का संक्रमण परजीवी के लार्वा माइक्रो फाइलेरिया के जरिए होता है। यह लार्वा शरीर में जाकर वयस्क बन जाता है वयस्क मादा माइक्रो फाइलेरिया को जन्म देती है जो रक्त में घूमते रहते हैं। यह बाह्य रक्त में रात्रि के समय आते हैं। इसलिए नाइट ब्लड सर्वे रात 8.30 से 12 बजे के बीच में किया जाता है।

राधाकृष्ण फाइलेरिया सहायता समूह की सदस्य सरोज पटेल ने बताया कि पांच साल से दोनों पैर में फाइलेरिया है, चलने फिरने में असमर्थ थे लेकिन दवा खाने के बाद बहुत आराम मिला और अब चलने लगे हैं। किट मिल गई है अब नियमित पैर भी धुलेंगे। इसी प्रकार लक्ष्मी नरायण सहायता समूह की सदस्य फूल कुमारी ने बताया कि उनके दायें पैर में फाइलेरिया है।

नियमित सफाई रखने से बहुत आराम मिला है। बताया कि फाइलेरिया मच्छर से फैलता है इसलिये अब वह मच्छरदानी का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। घर के आसपास सफाई शुरू कर दी और पानी का जमाव भी नहीं होने देती हैं। इस मौके पर सीएचओ साधना मिश्रा, आशा बहू अर्चना, सरोज, रेखा, मलेरिया इंस्पेक्टर आशीष त्रिपाठी, बीसीपीएम भवानी शंकर, मौजूद रहे।

# भाकियू ने समस्याओं के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**भारतीय** किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि उनके संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे तथा उनके परिवार वालों पर द्वेष भावना से झूठे के स दर्ज कराए गए हैं। इन्हें तत्काल समाप्त कराया जाए। साथ ही अध्यक्ष श्री पांडे तथा उनके परिवारीजनों पर किए गए हमले के दोषियों को सजा दिलाने की व्यवस्था की जाए।

अध्यक्ष के खतरे को देखते हुए उन्होंने पांडे को शीघ्र सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की भी मांग की है। इस संबंध में किसान नेताओं ने वहां के भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष डीएस लोधी तथा भाजपा पार्टी जिला अध्यक्ष के पी सिंह सोलंकी द्वारा माफियाओं से मिलकर अर्जित की गई अवैध संपत्ति की जांच कराने के साथ ही संपत्ति को जप्त करने तथा इन दोनों पदाधिकारियों को उनके पदों से बर्खास्त करने की भी बात कही है।

भारतीय किसान यूनियन स्वराज्य ने प्रदेश में आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने के साथ ही उनके खाने-पीने की व्यवस्था करने एवं पशुओं को छोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग करते हुएए स्थानीय स्तर पर तहसील कायमगंज के गांव पहाड़पुर में कानूनगो द्वारा किसानों की जमीन की पैमाइश के बदले रिश्वत मांगने की शिकायत करते हुए तत्काल भ्रष्टाचार को रोकने तथा किसानों को राहत देने की मांग करते हुए कस्बा नवाबगंज में चिकों वाली गली के क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों एवं बंच के बिल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन से पहले बड़ी संख्या में पहुंचे संगठन पदाधिकारियों, सदस्यों तथा किसानों ने तहसील परिसर में बैठक कर सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, मंजेश कुमार, अमन शाक्य, आबाद खान, हप्पू कंसुरी, विजय सक्सेना ,पुष्पेंद्र सिंह, मनोज कुमार, गौरव, शैलेंद्र सिंह ,सर्वेश कुमार, कुलदीप बघेल, सतीश पाल, चंचल बघेल ,सुखबीर पाल, परमजीत पाल ,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### तीन लोगों को तमंचा सहित भेजा जेल

**राठ(हमीरपुर)।** चिकासी थाने के रिहुंटा चौकी इंचार्ज शाहजहां अली ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की कार्यप्रणाली पर अंकुश लगाने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की शाम पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी वहां घूम रहा एक युवक उन्हे देखकर भागने लगा। उन्होंने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से अवैध तमंचा बरामद हुआ। बताया कि आरोपी ने अपना नाम अरविन्द राजपूत पुत्र मंगल सिंह राजपूत निवासी बड़ा खरका बताया। वहीं कोतवाल राठ तारा सिंह पटेल ने बताया कि बहगांव निवासी रिंकू पुत्र जगभान और कस्बे के भटियाना मोहल्ला निवासी राहुल चौधरी पुत्र हरिप्रसाद को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दम्पति के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास के क्रम में महिला थाना प्रभारी ने दम्पति के विवाद को सुलझाकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया। सोमवार को कोतवाली कर्वी के काली देवी गली के अन्दर की रूबी ने अपने पति गोलू पुत्र रमजान के खिलाफ दिये पत्र में एसपी को बताया कि उसके पति निवासी नयापुरा बंधान बाट जिला महोबा ने आये दिन विवाद कर उसे घर से निकाल दिया है। महिला थाना प्रभारी सविता श्रीवास्तव ने शिकायतकर्ता की बातों को समझकर पति को थाने बुलाया। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर भविष्य में विवाद न करने तालमेल से रहने की सलाह दी। दोनों पक्षों ने पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। महिला थाने में दोनों पक्षों के बीच सुलह होने पर दम्पति को सही ढंग से पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने की सलाह दी। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी सविता श्रीवास्तव, महिला सिपाही रीता यादव व नीतू द्विवेदी मौजूद रहीं।

### फांसी के फंदे पर लटकी शिक्षिका, मायके पक्ष ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**चित्रकूट।** शिवरामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के खुटहा गांव के मोड़ के पास स्थित एक घर में आराधना पाण्डेय (40) पत्नी रामभूषण पाण्डेय का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। ससुरालीजनों ने आरोप को गलत बताया है। यह घटना शिवरामपुर पुलिस चौकी के खुटहा मोड़ के पास सोमवार को दोपहर में हुई। मृतका की भाभी मोहनी द्विवेदी ने बताया कि अराधना पाण्डेय के पति रामभूषण पाण्डेय इन दिनों पहाड़ी ब्लाक के देवल गांव के परिषदीय स्कूल में सहायक शिक्षक हैं। आरोप लगाया कि पति ने पत्नी की हत्या की है। पति के पीटने के चलते अराधना पाण्डेय अलग रहने लगी थी। वह शहर के बेड़ीपुलिया स्थित एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थी। इनका मामला अदालत तक पहुंचा था। एक बार समझौता भी हुआ था। पति आये दिन पत्नी को परेशान करता था। चौकी शिवरामपुर प्रभारी राजोल नागर ने बताया कि परिजनों ने घटना की सूचना दी है। तहरीर पर पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है। मृतका के दो पुत्रियां हैं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, सास-दामाद भर्ती

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कलाना के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई वही मॉ व दामाद गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहॉ उनकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया। बांदा जनपद के थाना अर्तरा गांव निवासी पप्पू वर्मा का 23 वर्षीय पुत्र अपनी मॉ फूला व बहनोई मोनू पुत्र रामसेवक निवासी सांड जनपद बांदा के साथ रिश्तेदारी में भीतर गांव से वापस बांदा जा रहे थे। बाइक जैसे ही जहानाबाद के कलाना गांव के समीप पहुंची उसी समय तेज रफ्तार आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे सुनील वर्मा की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं मॉ व दामाद गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सास व दामाद को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुये कानपुर के लिये रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुये विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### अधेड़ किसान अमरूद के पेड़ पर फांसी पर झूला

**माधौगढ़ (उरई)।** माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा तौर निवासी मूलचरण पुत्र देवीदयाल 45 वर्ष अज्ञात कारणों के चलते घर से निकला और गांव के बाहर अमरूद के पेड़ से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी परिजनों ने थाना पुलिस को दी तो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक के दो लड़के व एक लड़की है।

### एनएमएमएस ऐप के विरोध में प्रधानों ने प्रधानमंत्री संबंधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा

**कालपी (जालौन)।** सोमवार को ग्राम प्रधानों ने ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यालय खण्ड विकास महेवा में गांधीवादी धरना में बैठकर जमकर नारेबाजी की एवं प्रधानमंत्री नई दिल्ली को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी महेवा अश्विनी कुमार सिंह को सौंपा। बताते चलें कि सोमवार सुबह 11 बजे शांतिपूर्ण गांधीवादी धरना में बैठकर, हमारी मांगे पूरी हो , की जमकर नारेबाजी करते हुये अखिल भारतीय प्रधान संगठन के आवाहन पर कालपी तहसील के ब्लाक महेवा के ग्राम प्रधानों ने ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री से संबंधित पांच सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी महेवा अश्वनी कुमार सिंह को सौंपते हुये पहली मांग की कि जनता द्वारा निर्वाचित प्रधानों को अकारण भ्रष्ट समझकर संदेह करने व परेशान एवं हतोत्साहित करने के लिए मनरेगा योजना में कार्यस्थल पर ही एनएमएमएस ऐप के माध्यम से दिन में दो बार उपस्थिति प्रमाणित करना अनिवार्य किया गया है, जबकि अधिकांश ग्रामों में नेटवर्क की समस्या के कारण एनएमएमएस ऐप के माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति अंकित नहीं हो पा रही है तथा मस्टररोल शून्य हो जा रहा है। दूसरी मांग यह की कि 213 रुपया प्रतिदिन की मजदूरी पर मजदूर काम करने को तैयार नहीं है, अतः इसे बढ़ाकर कम से कम चार सौ रुपया प्रतिदिन किया जाय। यह पांच सूत्रीय ज्ञापन विकास खण्ड कार्यालय महेवा मे दिया गया जिसमें ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र सिंह चौहान, प्रधान पवनदीप निषाद, बालसिंह निषाद, रामबाबू निषाद, बबलू महाराज, राजेश सिंह, आनंद राठौर, नरेन्द्र सिह, इन्द्रपाल सिंह, गजराज, श्रीमती मुन्नी देवी, नागेन्द्र, पानसिंह, महादेव यादव, महावीर, श्रीमती राजकुमारी, तुलाराम, राजू सिंह, भगवानदास, राम नरेश, मथुरा प्रसाद, अरुण सौनी, दिनेश कुमार यादव सहित महेवा ब्लाक के अधिकांश प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि मौजू रहे।

### भीषण सड़क हादसे में दंपति समेत चार की मौत

**फतेहपुर।** देर शाम बांदा-टांड़ा राजमार्ग पर बाइक और बोलेरो की भिड़ंत में पति-पत्नी सहित चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने तीन को मृत घोषित करते हुए एक को कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वहीं इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। जाफरगंज थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी नाजिम (23) ललौली थाना के दतौली गांव अपनी ससुराल आया था। रविवार की देर शाम करीब साढ़े छः बजे बाइक में अपनी पत्नी सहाना (22), चचेरा साला अतीक 11 वर्ष पुत्र नूर मोहम्मद व चचेरी साली शाहिना 15 वर्ष के साथ शाह गांव से मेला देखकर वापस दतौली जा रहा था। रास्ते में सिधांव गांव के समीप बांदा की ओर से आ रही बोलेरो की सीधी भिड़ंत हो गई।

# पोखरा विमान हादसे में बाल-बाल बचे बस्ती के लोग

भाषा। काठमांडू



**नेपाल में** रविवार को हुए यात्री विमान हादसे के बाद मौके पर मौजूद चश्मदीदों का कहना है कि पांच भारतीयों समेत 72 लोगों को ले जा रहा यति एयरलाइंस का विमान उनकी बस्ती से कुछ दूर दुर्घटनाग्रस्त हुआ अन्यथा हताहतों की संख्या न जाने कितनी होती। विमान का एक पंख स्थानीय निवासी गीता सुनार के घर से करीब 12 मीटर दूर जमीन पर जा गिरा। बाल बाल बच गई गीता ने कहा कि अगर विमान उसके घर के थोड़ा भी करीब गिरता तो पूरी बस्ती तबाह हो जाती। गीता ने बताया कि जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बस्ती इसलिए बच गई क्योंकि विमान कुछ दूर गिरा, वरना हताहतों की संख्या न जाने कितनी होती। गीता के अनुसार, सेती घाटी के दोनों तरफ आग लगी थी और लाशें इधर-उधर बिखरी पड़ी थीं। हिमालई राष्ट्र में पिछले 30 से अधिक वर्षों में हुआ यह सबसे भयानक विमान हादसा है। नेपाली अखबार काठमांडू पोस्ट से बातचीत के दौरान चश्मदीद कल्पना सुनार ने बताया कि वह अपने घर के आंगन में कपड़े धो रही थी। तभी उसने आसमान से एक विमान को गिरते हुए, उसकी ओर ही आते हुए देखा। उसने कहा, विमान अजीब तरह से झुका था और कुछ पलों के बाद ही मैंने तेज धमाके की आवाज सुनी, मानो बम फट गया हो। फिर मैंने सेती घाटी से काला धुंआ निकलते देखा। घटना के समय वहां मौजूद बच्चों ने बताया कि आसमान से तेजी से गोल घूमते हुए गिर रहे विमान से यात्रियों की चीखें सुनाई पड़ रही थीं। 11 साल के समीर और प्रज्वल पेरियार ने शुरू में सोचा कि विमान एक खिलौना है, लेकिन जब विमान करीब आया, तो वे भागे। समीर ने बताया, अचानक धुएं के कारण चारों ओर अंधेरा हो गया। ऐसा लग रहा था कि विमान के नीचे आते ही इसका पहिया हमें छू जाएगा। एक अन्य चश्मदीद बैंशा बहादुर बीके ने कहा कि यदि विमान सीधा गिरता तो वह बस्ती में गिरता और तब और अधिक नुकसान होता। अखबार में उन्हें उद्धृत करते हुए बताया गया है विमान की सात आठ खिड़कियां सही सलामत थीं जिससे हमें लगा कि यात्री अभी भी जीवित हो सकते हैं। लेकिन देखते ही देखते आग फैल गई... वह बहुत भयावह था। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) के अनुसार, यति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने पूर्वाह्न 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## दुर्घटनाग्रस्त यति एयरलाइंस के विमान पर बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस का पहले स्वामित्व था

**काठमांडू।** दुर्घटनाग्रस्त हुए एटीआर-72 नेपाली यात्री विमान का इस्तेमाल पहले शराब कारोबारी विजय माल्या के स्वामित्व वाली अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस करती थी। यह जानकारी सीरियम फ्लीट्स के आंकड़ों से सामने आई। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार, यति एयरलाइंस के विमान ने रविवार को सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी और लैंडिंग से कुछ मिनट पहले पोखरा में पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि कम से कम 68 लोगों की मौत हो गई है और चार लोग अभी भी लापता हैं। पिछले तीन दशकों से अधिक समय में यह नेपाल में हुआ सबसे घातक विमान हादसा है। दुर्घटनाग्रस्त विमान में पांच भारतीय नागरिकों सहित 15 विदेशी सवार थे। विमान बेड़े, उपकरण और इसकी लागत की निगरानी करने वाले सीरियम फ्लीट्स के आंकड़ों के अनुसार, 9एन-एएनसी विमान 2007 में अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस को दिया गया था। छह साल बाद इसे थाईलैंड की नोक एयर ने खरीदा था, इसके बाद इसे 2019 में नेपाल की यति एयरलाइंस को बेचा गया था। सीरियम फ्लीट्स के आंकड़ों के अनुसार, विमान का प्रबंधन इन्वेस्टेक बैंक द्वारा किया जा रहा था और यह वेल्फ फर्स्ट लीजिंग के स्वामित्व में था। यह पहला मामला है, जब एटीआर-72 विमान नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। एटीआर-72, विमान निर्माता एटीआर द्वारा फ्रांस और इटली में विकसित दोहरे इंजन टर्बोप्रोप वाला विमान है, जो फ्रांस की एयरोस्पेस कंपनी एयरबस एसईएटीवेल और इतालवी विमानन समूह एयरईटालिया के बीच एक संयुक्त उपक्रम है।

# तालिबान के शासन में काबुल में पुतलों के चेहरे ढके गए

भाषा। काबुल



**अफगानिस्तान** में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से महिलाओं पर हिजाब पहनने की अनिवार्यता समेत कई कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं और अब देश की राजधानी काबुल में महिलाओं के कपड़े की दुकानों में तो पुतलों के भी चेहरे ढक दिए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि तालिबान ने अगस्त 2021 में सत्ता में वापसी के बाद आदेश दिया था कि सभी दुकानों से पुतले हटाए जाएं या उनके सिर अलग कर दिए जाएं। उसका यह आदेश इस्लामी कानून की उस कड़ी व्याख्या पर आधारित था, जिसके तहत मानव रूप के पुतलों और छवियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है, क्योंकि उन्हें मूर्तियों के रूप में पूजा जा सकता है, लेकिन यह महिलाओं को लोगों की नज़रों से दूर रखने के तालिबान के अभियान के साथ भी मेल खाता है। कुछ दुकानदारों ने इस आदेश का पालन किया, लेकिन अन्य ने इसका विरोध किया और शिकायत की कि इस आदेश के लागू होने पर वे अपने कपड़ों को उचित तरीके से प्रदर्शित नहीं कर पाएंगे और उन्हें अपने महंगे पुतलों को नष्ट करना पड़ेगा।

## ब्रिटेन : रॉयल मेल साइबर घटना के कारण विदेशों में डाक भेजने में हो रही दिक्कत

**लंदन।** ब्रिटेन के रॉयल मेल (डाक विभाग) ने सोमवार को अपने ग्राहकों से कहा कि अगली सूचना तक वे विदेशो मे डाक भेजने से बचे, क्योंकि विभाग मे हुई साइबर घटना के कारण डाक विभाग विदेशो मे चिट्ठियां और सामान नही भेज पा रहा है। रॉयल मेल ने विस्तृत जानकारी दिए बगैर कहा कि उसकी सेवा में लगातर बाधाएं आ रही है। डाक विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, हमारी सेवाओ के पुनः बहाल होने पर तेजी से डिलिवरी सुनिश्चित करने और हमारे पास विदेश भेजे जाने वाली सामग्री (पत्रापार्सल) के इक्ट्ठा होने से बचने के लिए, हम ग्राहकों से अगली सूचना तक विदेश भेजा जाने वाला सामान पोस्ट नही करने का अनुरोध करते है।

## लंदन के पुलिस अधिकारी ने दुष्कर्म के कई आरोप स्वीकार किए

**लंदन।** लंदन के एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को स्वीकार किया कि उसने 17 वर्ष की अवधि में कम से कम 12 महिलाओं के साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न किया है। अभियोजकों ने पुलिस अधिकारी से जुड़े इस मामले को हैरान करने वाला करार दिया है। डेविड कैरिक (48) ने कुल 49 जुर्म कुबूल किए, जिसमे दुष्कर्म, उत्पीड़न, दुष्कर्म की कोशिश और गलत करावास के 20 आरोप शामिल है। कैरिक लंदन के मेट्रोपॉलिटन पुलिस बल में 2001 मे शामिल हुए थे और उन्होंने संसदीय एवं राजनयिक सुरक्षा कमान मे सेवाएं दी है। वर्ष 2000 से 2001 के बीच कैरिक पर दुष्कर्म और अन्य अपराधों के नौ आरोप लगने की बात सामने आने पर पुलिस विभाग ने पीड़ितों से माफी मांगी है।

## 30 साल तक फरार रहने के बाद माफिया सरगना मेसिना डेनारो गिरफ्तार

**रोम।** इटली के दुर्दांत अपराधी और माफिया सरगना माटेओ मेसिना डेनारो को उसके फरार होने के 30 साल बाद सोमवार को सिसिली के पलेर्मो मे एक निजी क्लिनिक से गिरफ्तार कर लिया गया। इतालवी अर्धसैनिक पुलिस बल ने यह जानकारी दी। पुलिस बल के विशेष अभियान दल के प्रमुख काराबेनियरी जनरल पास्केल एंजेलोसैटो ने बताया कि मेसिना डेनारो को क्लिनिक में पकड़ लिया गया, जहां वह किसी अज्ञात बीमारी का इलाज करवा रहा था। सरकारी इतालवी टेलीविजन ने बताया कि मेसिना डेनारो को गिरफ्तारी के तुरंत बाद पुलिस द्वारा एक गुप्त स्थान पर ले जाया गया। मेसिना डेनारो जब फरार हुआ था तब वह जवान था। आज उसकी उम्र 60 साल है। पश्चिमी सिसिली के बंदरगाह शहर त्रेपानी मे अपना दबदबा रखने वाले मेसिना डेनारो को एक भगोड़ा होने के बावजूद भी सिसिली का शीर्ष माफिया सरगना माना जाता था। दशकों तक पुलिस की पकड़ से बच रहा मेसिना डेनारो लंबे समय से फरार तीन भगोड़ों की शीर्ष सूची मे अंतिम था जो अभी तक कानून के शिकंजे मे नही फंसा था।

## सैन्य तख्तापलट के बाद बढ़ रहा है म्यांमा का शस्त्र उद्योग : रिपोर्ट

**बैंकॉक।** स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का कहना है कि कम से कम 13 देशों की कंपनियों ने म्यांमा की हथियार बनाने की क्षमता निर्मित करने में मदद की जिनका इस्तेमाल 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद लोगों पर जुल्म ढहाने में किया जा रहा है। म्यांमा के लिए विशेष सलाहकार परिषद द्वारा रिपोर्ट मे यह बताया गया है कि कैसे देश ने एक फरवरी 2021 को सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा जमाने के बाद हथियारों का उत्पादन बढ़ा दिया। सेना ने निर्वाचित सरकार का तख्तापलट किया था। इस तख्तापलट ने 50 साल के सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की ओर हुई प्रगति को प्रभावित किया।

# यूक्रेन: निप्रो इमारत पर रूसी हमले में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 37 हुई

भाषा। कीव



**यूक्रेन के दक्षिण**-पूर्वी शहर निप्रो की एक रिहायशी इमारत पर रूस के मिसाइल हमले में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर वैलेन्टिन रेज्निचेंको ने बताया कि बचाव कर्मी अब भी मलबे से जीवित लोगों को निकालने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। हमले में करीब 75 लोग घायल हुए हैं और 39 अन्य लापता हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बहुमंजिला इमारत में करीब 1,700 लोग रहते थे। मौके पर कोई सैन्य सुविधा नहीं थी। एसोसिएटिड प्रेस-फ्रंटलाइन वॉर क्रमाइम्स वॉच प्रोजेक्ट के मुताबिक, 30 सितंबर के बाद एक स्थान पर जान गंवाने वाले असैन्य लोगों की यह सबसे ज्यादा तादाद है। यूक्रेन के कई शहरों पर शनिवार को रूसी हमले हुए थे। राजधानी कीव और पूर्वोत्तर शहर खारकीव को भी निशाना बनाया गया। इससे पहले करीब दो हफ्तों से यूक्रेन के ऊर्जा अवसंरचना व शहरी केंद्रों पर कोई हमले नहीं किए गए थे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने सीधे नागरिकों पर लक्षित करने वाले इस हमले को अमानवीय आक्रमण कहा। उन्होंने रविवार को ट्वीट किया था, इस तरह के अपराध के लिए कोई क्षमा नहीं होगी। सोमवार को किए गए हमले के बारे में पूछे जाने पर क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूसी सेना रिहायशी इमारतों को निशाना नहीं बनाती है और सुझाव दिया कि यूक्रेनी वायु रक्षा कार्वाईके परिणामस्वरूप निप्रो की इमारत को निशाना बनाया गया। युद्ध से जुड़े अन्य घटनाक्रमों की बात करें तो-- - खेरसोन के क्षेत्रीय गवर्नर यारोस्लाव यानुशेविच ने बताया कि रूसी सेना द्वारा पिछले 24 घंटों में खेरसोन क्षेत्र में की गई गोलाबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में एक अस्पताल, दिव्यांग बच्चों के केंद्र, एक शिपयार्ड, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और इमारतों को निशाना बनाया गया। - जापोरिज्जिया के क्षेत्रीय प्रशासन के अनुसार रूसी सेना ने शहर पर हमला किया, जिसमें औद्योगिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया।

## यूक्रेन संकट के बीच जर्मनी की रक्षा मंत्री ने इस्तीफा दिया

**बर्लिन।** जर्मनी की रक्षा मंत्री क्रिस्टीन लाम्ब्रेत ने देश की सेना की आधुनिकीकरण योजना और यूक्रेन को हथियार भेजने के मामले मे लगातार हो रही आलोचनाओ के बीच इस्तीफा दे दिया है। लाम्ब्रेत ने सोमवार को एक बयान मे कहा कि उन्होने इस्तीफा चांसलर ओलाफ शॉल्ज को सौप दिया है। उन्होंने कहा कि महीनों से उन पर बना हुआ मीडिया का फोकस सेना और जर्मनी की सुरक्षा नीति पर तथ्यात्मक चर्चा को बाधित कर रहा है। उन्होंने कहा, सैनिकों और मेरे विभाग के विभिन्न लोगों के बहुमूल्य काम को सराहा जाना चाहिए।

## यूनान के आखिरी राजा कॉन्स्टेंटाइन को अंतिम विदाई देने के लिए उमड़े हजारों लोग

भाषा। एथेंस

**यूनान के** पूर्व और अंतिम राजा कॉन्स्टेंटाइन को अंतिम विदाई देने के लिए सोमवार को हजारों लोग उमड़ पड़े। एथेंस में दिवंगत राजा को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए यहां के कैथेड्रल के बाहर हजारों लोग सूर्योदय से पहले ही कतारबद्ध हो गए थे।

अंतिम राजा कॉन्स्टेंटाइन का पिछले हफ्ते 82 साल की उम्र में निधन हो गया था। वर्ष 1974 में कराए गए जनमतसंग्रह के बाद यूनान में राजशाही समाप्त हो गई थी। इसके बाद कॉन्स्टेंटाइन को दशकों तक निर्वासन में रहना पड़ा था। वह मुख्य रूप से लंदन में रहते थे। बाद में वह स्वदेश लौट आए थे।

अंतिम राजा के निधन के बाद सरकार ने ऐलान किया कि कॉन्स्टेंटाइन को टाटोई में एक आम नागरिक के रूप में वहीं दफनाया जाएगा जहां उनके पूर्वजों और माता-पिता को दफनाया गया है, लेकिन राज्य के पूर्व प्रमुख को कोई सम्मान नहीं दिया जाएगा। स्पेन और डेनमार्क के राजपरिवारों समेत यूरोप के कई राजघरानों के सदस्य कॉन्स्टेंटाइन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एथेंस में मौजूद थे। यूनान की राजधानी में सैकड़ों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया हैं

## इमरान खान पर जानलेवा हमला : तीन और संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर पिछले साल उनकी पार्टी की रैली के दौरान हुए असफल जानलेवा हमले के सिलसिले में तीन और संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के दो कार्यकर्ताओं मुदस्सर नजीर और अहसान अली को उनके सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से गुजरांवाला डिवीजन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य संदिग्ध तय्यब बट को मुख्य संदिग्ध मुहम्मद नवीद को हथियार मुहैया कर हमले में मदद करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान को तीन नवंबर को दाहिने पैर में उस समय गोली लगी थी जब लाहौर से करीब 150 किलोमीटर दूर वजीराबाद में कंटेनर ट्रक पर खड़े होकर लोगों को संबोधित कर रहे थे। खान ने मध्यावधि चुनाव की मांग को लेकर मार्च निकाला था। पुलिस ने इससे पहले मुख्य संदिग्ध मुहम्मद नवीद को उसके रिश्ते के भाई वकास के साथ गिरफ्तार किया था। नवीद ने ही खान पर गोली चलाई थी और इस समय न्यायिक हिरासत में है जबकि वकास संयुक्त जांच टीम (जेआईटी) की हिरासत में है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को आतंकवाद रोधी अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां से अदालत ने उन्हें तीन दिन के लिए जेआईटी की हिरासत में भेज दिया। खान ने हाल में आरोप लगाया था कि जेआईटी सदस्यों पर उनकी हत्या की साजिश की जांच के दौरान आए नतीजों से हटने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ताकतवर धड़े उनकी हत्या की कोशिश के पीछे हैं। पीटीआई ने दावा किया है कि खान की हत्या करने के लिए तीन निशानेबाजों को भेजा गया था। पार्टी ने दावा किया कि पुलिस ने एक हमलावर को गिरफ्तार किया है और बाकी दो की तलाश कर रही है। खान ने उनकी हत्या की साजिश के पीछे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आंतरिक मंत्री राणा सन्नाउल्लाह और आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर का हाथ होने का आरोप लगाया है।

## पेशावर उच्च न्यायालय के बार रूम में वरिष्ठ पाकिस्तानी वकील की हत्या

**पेशावर।** पेशावर उच्च न्यायालय के बार रूम में सोमवार को एक वकील ने नाटकीय परिस्थितियों में गोली चलाकर एक वरिष्ठ वकील की हत्या कर दी। अब्दुल लतीफ अफरीदी (79) सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष थे और पाकिस्तान में वकीलों के आंदोलन में अग्रणी रहे थे जिसके कारण पूर्व प्रधान न्यायाधीश इफ्तिखार मोहम्मद चौधरी की बहाली हुई थी। पुलिस ने कहा कि अफरीदी सोमवार को पेशावर उच्च न्यायालय के बार रूम में बैठे थे तभी अदनान नाम के एक प्रशिक्षु वकील ने उन पर गोली चला दी। वरिष्ठ वकील को तुरंत यहां लेडी रीडिंग अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के प्रवक्ता मुहम्मद आसिम ने कहा कि वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आसिम ने कहा कि अफरीदी पर छह गोलियां चलाई गई थीं। पुलिस ने अदनान को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच यहां आतंकवाद-रोधी अदालत में पेश किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह हमला व्यक्तिगत दुश्मनी में किया गया। वे इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि कैसे अदनान न्यायालय परिसर के अंदर पिस्तौल लाने में कामयाब रहा। अफरीदी को 1979 में पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल मुहम्मद जिया-उल-हक ने अपने शासन के मार्शल लॉ के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए कैद कर लिया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अफरीदी की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# द. कोरिया के राष्ट्रपति ने यूएई की यात्रा के दौरान परमाणु ऊर्जा की ओर लौटने का समर्थन किया




भाषा। अबू धाबी

**दक्षिण कोरिया** के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने सोमवार को कहा कि 2050 तक कार्बन तटस्थ होने के उनके देश के प्रयास परमाणु ऊर्जा की ओर लौटने पर कुछ हद तक निर्भर होंगे। उनकी यह टिप्पणी काफी अहम है क्योंकि उनके पूर्ववर्ती परमाणु शक्ति से दूर जाने के समर्थक थे। यून ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक सम्मेलन के दौरान यूएई के नेता शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के समक्ष यह बयान दिया, जो परमाणु ऊर्जा के प्रति सियोल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दक्षिण कोरिया अरब प्रायद्वीप का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने का काम पूरा करने में जुटा है। दक्षिण कोरिया संयुक्त अरब अमीरात में लाभकारी रखरखाव अनुबंधों और भविष्य की परियोजनाओं के लिए कतार में है। संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया के बीच हाल में नजदीकियां बढ़ी हैं। यून ने अबू धाबी सस्टेनेबिलिटी वीक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, अगर हम दोनों देश स्वच्छ ऊर्जा विकसित करने के प्रयासों में शामिल होते हैं ... तो इससे न केवल दोनों देशों की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा बाजार की स्थिरता में भी योगदान देगा। उनकी चार दिवसीय यात्रा के दौरान शेख मोहम्मद देश में करीब 30 अरब डॉलर का निवेश करने का पहले ही वादा कर चुके हैं।

## अमेरिकी सेना ने जर्मनी में यूक्रेनी बलों का प्रशिक्षण फिर किया शुरू : जनरल

भाषा। ब्रसेल्स

**अमेरिका के** ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने कहा कि अमेरिकी सेना ने यूक्रेनी बलों का एक नया व विस्तारित युद्ध प्रशिक्षण रविवार से जर्मनी में शुरू किया, जिसका मकसद अगले पांच से आठ सप्ताह में रूसियों से लड़ने के लिए करीब 500 सैनिकों की एक बटालियन को तैयार करना है। मिले की सोमवार को ग्रैफेनवोहर प्रशिक्षण क्षेत्र का दौरा करने की योजना है। वह इस प्रशिक्षण की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित किए जा रहे सैनिक कुछ दिन पहले यूक्रेन से निकले थे। जर्मनी में उनके प्रशिक्षण के लिए हथियारों और उपकरणों का एक पूरा जखीरा मौजूद है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने अभी तक इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी थी कि यह प्रशिक्षण कब शुरू होगा। इस तथाकथित संयुक्त हथियार प्रशिक्षण का मकसद यूक्रेनी बलों के कौशल को बढ़ाना है ताकि वे हमला करने या रूसी हमलों का मुकाबला करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार हों। वे तोपों, हथियारों और थल सेना का इस्तेमाल करके युद्ध में अपनी टुकड़ियों और बटालियन के साथ बेहतर ढंग से समन्वय स्थापित करना सीखेंगे। मिले ने उनके साथ यूरोप की यात्रा कर रहे दो पत्रकारों से कहा कि इस जटिल प्रशिक्षण में यूक्रेन ले जाए जाने वाले नए हथियार, तोपें, टैंक और अन्य वाहन शामिल हैं जो देश की सेना को उस क्षेत्र को वापस लेने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे जिस पर रूस ने कब्जा कर लिया है।

## चीन में रासायनिक संयंत्र में विस्फोट, पांच लोगों की मौत, आठ अन्य लापता

**बीजिंग।** पूर्वोत्तर चीन में एक रासायनिक संयंत्र में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लापता हैं। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक सूचना
**Loss of ID Card:**
यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि एसबीआई बैंक लिमिटेड द्वारा श्री रमेश कुमार शर्मा का एक आईडी कार्ड जारी किया गया है। आईडी कार्ड नं. 640585 15-जनवरी-2023 को लापता और/या खो गया पाया गया है। जिस किसी को उक्त आईडी कार्ड मिलता है, से अनुरोध है कि वह एसबीआई सीपीएसएल 401, 402, चौथी मंजिल अग्रवाल मिलेनियम टॉवर, ई - 1, 2, 3 नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली - 1110034 को उक्त आईडी कार्ड वापस कर दें।

सार्वजनिक सूचना
आवंटन पत्र संख्या 1074 दिनांक 1 मई 2006, एस.के.ई.302, शिप्रा कृष्णा विस्टा, अहिंसा खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-14, जारीकर्ता शिप्रा एस्टेट एंड लिमिटेड और जय कृष्ण एस्टेट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम श्री राजीव कुमार पुत्र श्री आर. डी. ठाकुर का खो गया है, अगर किसी को मिले तो कृपया अंकिता मोहन (मौ.) 9971559801 पर कॉल करें।

# अनुभवी वकील करेंगे बाइडेन व ट्रम्प के गोपनीय दस्तावेज मामले की जांच



● वर्गीकृत दस्तावेजो जैसे विशिष्ट मामलो की जांच करने वाले विशेष वकील स्वतंत्र हो सकते है, पर होते नही

भाषा। लंदन

**अटॉर्नी जनरल** मेरिक गारलैंड ने अब दो अनुभवी अभियोजकों को विशेष वकील के रूप में नियुक्त किया है, जो राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा गोपनीय दस्तावेजों को संभालने के मामले की जांच की निगरानी करेंगे। जांच में बाइडेन द्वारा 2017 में उपराष्ट्रपति का कार्यकाल समाप्त करने के बाद, और ट्रंप के 2021 में ओवल ऑफिस छोड़ने के बाद का समय शामिल किया गया है।
मैरीलैंड के पूर्व संघीय अभियोजक रॉबर्ट हूर इस बात की जांच करेंगे कि क्या बाइडेन या उनके किसी कर्मचारी या सहयोगी ने वर्गीकृत जानकारी को गलत तरीके से हैंडल किया। न्याय विभाग में लंबे समय से शीर्ष अन्वेषक जैक स्मिथ, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़ी दो आपराधिक जांचों की देखरेख कर रहे हैं।गारलैंड का लक्ष्य, दोनों ही मामलों में, जांच को पक्षपात से बचाना है।लेकिन ट्रम्प और उनके कुछ सहयोगियों ने इस दौरान राजनीतिक पूर्वाग्रह का आरोप लगाया। उदाहरण के लिए, एक अत्यधिक चर्चित सोशल मीडिया पोस्ट में, पूर्व राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि उन्हें स्मिथ सें मुनासिब रूखे नहीं मिलेगा।बाइडेन ने अपनी तरफ से कहा है कि वह न्याय विभाग की पूछताछ के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। हालांकि, गारलैंड ने स्मिथ और हूर को निष्पक्षता और न्याय के इरादे के साथ नियुक्त किया है। यह ऐलान करते हुए कि स्मिथ छह जनवरी के विद्रोह में ट्रम्प की भूमिका और ट्रम्प के वर्गीकृत सरकारी दस्तावेजों को संभालने में न्याय विभाग की जांच का प्रभार संभालेंगे, गारलैंड ने स्मिथ को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया जिसनें एक निष्पक्ष और दृढ़ अभियोजक के रूप में प्रतिष्ठा बनाई है। हूर की नियुक्ति करते समय, गारलैंड नें विशेष रूप से संवेदनशील मामलों में स्वतंत्रता और जवाबदेही दोनों के लिए विभाग की प्रतिबद्धता और केवल तथ्यों और कानून द्वारा निर्विवाद रूप से निर्देशित निर्णय लेने पर जोर दिया। अपने स्वयं के बयान में, स्मिथ, जिन्होंने हाल ही में द हेग में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय में युद्ध अपराधों की जांच की और अभियोजन चलाया, नें स्वतंत्र रूप से ... जांच को आगे बढ़ाने का वादा किया ... जो भी परिणाम तथ्य और कानून तय करते हैं। एक राजनीतिक वैज्ञानिक के रूप में मेरे दृष्टिकोण से जो राष्ट्रपति प्रणाली का अध्ययन करता है, मेरा मानना है कि विशेष वकीलों को स्वतंत्र होना तो चाहिए, लेकिन व्यवहार में ऐसा पूरी तरह से नहीं हैं। यहाँ बताते हैं कि ऐसा क्यों होता है।

## रिपब्लिकन पार्टी ने आगंतुकों की सूचना मांगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे रिपब्लिकन पार्टी ने रविवार को मांग की कि राष्ट्रपति जो बाइडन के घर और उनके पूर्व कार्यालय पर तलाशी के दौरान जो गोपनीय दस्तावेज मिले है, उससे संबंधित सभी सूचना व्हाइट हाउस को जारी करनी चाहिए। हाल मे प्रतिनिधि सभा मे बहुमत मे आई रिपब्लिकन पार्टी ने राष्ट्रपति बाइडन के डेलावेयर स्थित आवास पर और अधिक गोपनीय दस्तावेज मिलने के बाद यह मांग की है। प्रतिनिधि सभा मे सदन की निगरानी और जवाबदेही समिति के अध्यक्ष एवं रिपब्लिकन पार्टी के सांसद जेम्स कोमर ने कहा, हमारे पास कई सवाल है। कोमर ने कहा कि वह सारे दस्तावेज देखना चाहते है। साथ ही वह 20 जनवरी, 2021 से विलमिंगटन, डेलावेयर मे राष्ट्रपति के घर पर आने वाले आगंतुकों की सूची भी देखना चाहते है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सिर्फ यह जानना है कि इन गोपनीय दस्तावेजों तक किसकी पहुंच थी और वहां ए रिकॉर्ड कैसे पहुंचे। व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा कि उसे बृहस्पतिवार को बाइडन के घर पर गोपनीय दस्तावेजों के पांच अतिरिक्त पन्ने मिले और उसी दिन मामले की समीक्षा के लिए एक विशेष वकील नियुक्त किया गया। रविवार को व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ रोन क्लेन को लिखे पत्र मे कोमर ने बाइडन के प्रतिनिधि द्वारा तलाशी की आलोचना की जबकि न्याय विभाग ने मामले मे जांच शुरू कर दी थी। उन्होने कहा कि बाइडन द्वारा इन गोपनीय दस्तावेजो के गलत इस्तेमाल से यह मुद्दा उठता है कि क्या उन्होंने (बाइडन ने) राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता तो नही किया है। कोमर ने मांग की कि व्हाइट हाउस महीने के अंत तक आगंतुक लॉग सहित सभी संबंधित सूचना प्रदान करें।

**PUBLIC NOTICE**
**TATA ELXSI SHARESS CERTIFICATES**
Reg. Office: TSR Consultants Pvt Ltd No.6-10, Haji Moosa Patrawala Ind. Estate, 20, Dr. E Moses Road, Mahalaxmi Mumbai-400011, Maharashtra.
Notice is hereby given that that the certificate(s) for the undermentioned securities of the Company has/have been lost/misplaced and the holder(s) of the said securities/ applicant(s) has/have applied to the Company to issue duplicate certificate(s).
Any person who has a claim in respect of the said securities should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 15 days from this date, else the Company will proceed to issue duplicate certificate(s) without further intimation.

| Name(s) of holder(s) | Kind of Securities & face value | No. of Securities | Distinctive No.(s) |
|---|---|---|---|
| Subhash Jain | 10 | 200 | EX50000315 |

Place: Noida, Dated: 17.01.2023 **Subhash Jain**

बिक्री/नीलामी सूचना
कार देखो बाढ़ से प्रभावित वोल्टास एसी एवं थोक में रॉ मैटीरियल्स की नीलामी 24 जनवरी, 23 को आयोजित कर रही है, जो पता : मैसर्स वोल्टास लिमिटेड, भूरारानी, रूद्रपुर-263153 में रखी है।

| रो लेबल | आइटम की गिनती |
|---|---|
| विंडो/स्प्लिट एसी | 6166 |
| रॉ मैटीरियल आइटम | 216872 |
| कार्टून प्रभावित एसी | 443 |
| कुल एसी/मैटीरियल | 223481 |

अधिक जानकारी और आइटम्स के निरीक्षण के लिए, कृपया श्री विक्रम मोबाइल नंबर - 9990920031 पर सम्पर्क करें
अथवा लिंक
https://auctions.cardekho.com/#/bulk-ac-auction देखें।

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large **MS. ARZOO SIROHI** who is purchasing the **PLOT OF LAND AREA MEASURING 250 SQ. YDS., OUT OF KHASRA NO. 1058/1, SITUATED AT VILLAGE MEHRAULI, PARGANA LONI, TEHSIL & DISST., GHAZIABAD.** from Mr. Tejpal Singh S/o Mr. Amichand, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank
Sector 2, Noida, UP-201301
Contact#0120-4269379

# विपक्षी दलों ने रिमोट वोटिंग मशीन की जरूरत पर सवाल उठाए

भाषा। नई दिल्ली

**विपक्षी दलों** ने रिमोट वोटिंग मशीन (आरवीएम) के इस्तेमाल की आवश्यकता पर सोमवार को सवाल उठाया और निर्वाचन आयोग से चुनाव प्रक्रिया के प्रति शहरी वर्ग की उदासीनता के मुद्दे का समाधान करने का आग्रह किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आरवीएम की कार्य प्रणाली के प्रदर्शन के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, कोई भी विपक्षी दल रिमोट वोटिंग मशीन के प्रदर्शन को नहीं देखना चाहता। पहले ऐसी मशीन की आवश्यकता का मुद्दा सुलझाया जाना चाहिए। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें लगता है कि जब तक आम सहमति नहीं बन जाती, तब तक आरवीएम का प्रदर्शन न हो। कोई भी राजनीतिक दल प्रदर्शन देखने को तैयार नहीं है।

सिंह ने कहा, आरवीएम का विचार स्वीकार्य नहीं है। आयोग को देश के विशिष्ट नागरिकों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में उठाई गई चिंताओं का समाधान करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि निर्वाचन आयोग को चुनाव प्रक्रिया के प्रति शहरी उदासीनता के मुद्दे को भी संबोधित करना चाहिए। आप के नेता संजय सिंह ने भी आरवीएम की जरूरत पर सवाल उठाया और कहा कि मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाने के दूसरे रास्ते भी हैं। हम विभिन्न राज्यों में आरवीएम का इस्तेमाल करने वाले पात्र प्रवासी मजदूरों के बीच प्रचार अभियान कैसे चलाएंगे? अगर सिर्फ एक सीट पर उपचुनाव है, उदाहरण के तौर पर जलंधर में, तब आरवीएम अस्वीकार्य है।

निर्वाचन आयोग ने रिमोट वोटिंग मशीन के प्रदर्शन के लिए आठ राष्ट्रीय दलों और राज्यों के मान्यता प्राप्त 57 दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था। आठ राष्ट्रीय दलों और राज्यों के मान्यता प्राप्त 40 दलों ने दिनभर इस पर चर्चा की और उन मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करने पर सहमति जताई, जो मतदान नहीं कर पाते हैं। राजनीतिक दलों के 80 प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और इस विषय पर सभी दलों को आमंत्रित करने की चुनाव आयोग की पहल की सराहना की। राजनीतिक दलों ने चर्चा के लिए भविष्य में नियमित अंतराल पर ऐसी ही बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया। कुछ राजनीतिक दलों ने आरवीएम का प्रदर्शन राज्यों में भी करने का आग्रह किया। चुनाव आयोग ने आरवीएम के संदर्भ में राजनीतिक दलों को अपने विचारों पर लिखित प्रतिवेदन सौंपने की समय सीमा 28 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विकसित आरवीएम किसी भी तरह से इंटरनेट से नहीं जुड़ी होगी। पिछले महीने निर्वाचन आयोग ने कहा था कि अगर यह पहल लागू की जाती है, तो प्रवासियों के लिए इससे सामाजिक परिवर्तन हो सकता है। प्रत्येक मशीन के जरिए 72 निर्वाचन क्षेत्रों में रह रहे प्रवासी मतदाता दूरस्थ मतदान केंद्र से अपना वोट डाल सकेंगे। आरवीएम के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए कानून में आवश्यक बदलाव जैसे मुद्दों पर जनवरी के अंत तक राजनीतिक दलों को अपने विचार लिखित रूप में देने के लिए भी कहा गया था। अधिकतर विपक्षी दलों के नेताओं ने कांग्रेस द्वारा आयोजित एक बैठक के बाद आरवीएम पर निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव का विरोध करने का फैसला किया था।

## पंजाब विवि के कुलपति राज कुमार ने इस्तीफा दिया

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति राज कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सीनेटर के एक समूह और पंजाब विश्वविद्यालय शिक्षक संघ द्वारा विश्वविद्यालय में कदाचार और भ्रष्टाचार का आरोप लगाए जाने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। विवि के कुलाधिपति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुमार का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। धनखड़ ने अगले आदेश तक डीन (यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शंस) रेणु विज को कुलपति का प्रभार दिया है। विश्वविद्यालय की सबसे वरिष्ठ प्रोफेसर विज, पंजाब विवि की पहली महिला कार्यवाहक कुलपति हैं। कुमार ने 10 जनवरी को अपना इस्तीफा सौंप दिया था और इसे 13 जनवरी को स्वीकार कर लिया गया। विश्वविद्यालय में कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच उनका इस्तीफा आया। दिसंबर में, शिक्षक संघ और कुछ सीनेटर ने विश्वविद्यालय में कदाचार और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए धनखड़ को पत्र लिखा था।



नई दिल्ली में रक्षामंत्री व सेना प्रमुख अग्निवीर के पहले बैच से मुलाकात के लिए तैयारी करते हुए

# पुरी के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में चूहों का कहर जारी

**भुवनेश्वर।** पुरी में 12वीं शताब्दी के जगन्नाथ मंदिर में चूहों का कहर इस कदर बढ़ गया है कि उनसे छुटकारा पाने के लिए हैमलिन के बांसुरीवाले की कहानी याद आ जाती है। चूहों ने मंदिर के अधिकारियों की नींद हराम कर रखी है क्योंकि उन्हें इनसे निजात पाने का कोई ठोस तरीका नहीं सूझ रहा है। चूहों की आबादी कोविड-19 महामारी के मद्देनजर श्रद्धालुओं की अनुपस्थिति के दौरान कई गुना बढ़ी गई है और ए रत्न सिंघासन (पवित्र वेदी) पर विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा के परिधानों को कुतरते रहते हैं। मंदिर की देखभाल में लगे लोग (सेवादारों) और पुजारियों ने चेतावनी दी है कि चूहें देवताओं की लकड़ी से बनी मूर्तियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, हालांकि मंदिर के प्रशासक जितेंद्र साहू ने ऐसी आशंका को खारिज कर दिया। एक सेवादार रामचंद्र दासमहापात्र ने कहा, मंदिर के गर्भगृह में कुछ चूहे थे, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद उनकी संख्या में काफी वृद्धि हुई है। देवताओं को मालाओं से सजाने वाले सेवादारों के समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले सत्यनारायण पुष्पलक ने कहा कि जब पुजारी अनुष्ठान करने हैं तो चूहे उस दौरान समस्या पैदा करते हैं। पुष्पलक ने कहा, देवताओं को चढ़ाए गए फूलों को चूहे खा जाते हैं और देवताओं के मूल्यवान परिधानों को कुतर कर ले जाते हैं। जगन्नाथ संस्कृति के एक शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने कहा, हालांकि चूहें गरवा गृह (गर्भगृह) में उपद्रव पैदा करते हैं, लेकिन सेवादारों को जानवरों को मारने या उन्हें मंदिर के अंदर जहर देने की अनुमति नहीं है। मंदिर के प्रशासक जितेंद्र साहू ने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) चूहों के खतरे से वाकिफ है। साहू ने कहा, हम चूहों को जिंदा पकड़ने के लिए जाल बिछा रहे हैं और वर्षों से अपनाए गए प्रावधानों के अनुसार उन्हें बाहर छोड़ रहे हैं। हमें मंदिर में चूहे मारने की दवा का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है।

# आरोप पत्र में मजबूत मामला बनने पर डिफॉल्ट जमानत को रद्द किया जा सकता है : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को व्यवस्था दी कि अगर जांच के निष्कर्ष पर आरोप पत्र दाखिल करने पर एक मजबूत मामला बनता है और इसके विशेष कारण हैं, तो किसी आरोपी को दी गई डिफॉल्ट जमानत को गुण-दोष के आधार पर रद्द किया जा सकता है। न्यायालय ने इस दलील को खारिज कर दिया कि एक आरोपी के डिफॉल्ट जमानत पर रिहा होने के बाद गुण-दोष के आधार पर जमानत रद्द नहीं की जा सकती। न्यायालय ने कहा कि अगर तर्क स्वीकार किया जाता है तो यह सुस्त जांच को बढ़ावा देगा और न्याय को विफल कर देगा।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा कि केवल आरोप पत्र दाखिल करने से डिफॉल्ट जमानत रद्द नहीं होती। उसने कहा कि ऐसा तभी होता है, जब अदालत इस बात से संतुष्ट हो कि आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती अपराध को लेकर मजबूत मामला बनता है। पीठ ने कहा, सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफॉल्ट जमानत पर रिहा होने के बाद आरोप पत्र दाखिल करना किसी व्यक्ति की जमानत को रद्द करने का आधार नहीं हो सकता है, जिसे डिफॉल्ट जमानत पर रिहा किया गया है।

न्यायालय ने कहा, हालांकि, जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र दाखिल करने पर, यदि एक मजबूत मामला बनता है और गुण-दोष के आधार पर यह पाया जाता है कि उसने गैर-जमानती कृत्याअपराध किया है तो विशेष कारणोंाआधारों पर और सीआरपीसी की धारा 437 (5) और धारा 439(2) पर विचार करने के बाद गुण-दोष के आधार पर जमानत पर रिहा व्यक्ति की जमानत रद्द की जा सकती है। सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत, एक अभियुक्त वैधानिक जमानत पाने का हकदार हो जाता है यदि जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर सुनवाई अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रहती है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत एक बार किसी व्यक्ति को डिफॉल्ट जमानत पर रिहा करने के बाद उसकी जमानत रद्द नहीं की जा सकती है, ऐसा कोई पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री वाई एस विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में एरा गंगी रेड्डी की जमानत रद्द करने की सीबीआई की याचिका पर तेलंगाना उच्च न्यायालय को गुण-दोष के आधार पर विचार करने का निर्देश देते हुए यह टिप्पणी की। आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी के छोटे भाई और मौजूदा मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के चाचा विवेकानंद रेड्डी की 15 मार्च 2019 को पुलिवेंदुला स्थित उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी।

# इस्लामी संस्थान के संस्कृत पाठ्यक्र में भगवद्गीता अन्य हिंदू ग्रंथ शामिल

**त्रिशूर (केरल)।** केरल के त्रिशूर जिले के एक इस्लामी संस्थान ने अपने छात्रों के लिए तैयार किए गए ढांचागत पाठ्यक्रम में कक्षा 11 और 12 में मूल संस्कृत व्याकरण और फिर देव भाषा में भगवद गीता के साथ-साथ अन्य हिंदू ग्रंथों को अध्ययन के लिए शामिल किया है। नया शैक्षणिक वर्ष शुरू होने पर जून 2023 से नया पाठ्यक्रम लागू होगा। मलिक दीनार इस्लामिक कॉम्प्लेक्स (एमआईसी) द्वारा संचालित द एकेडमी ऑफ शरिया एंड एडवांस स्टडीज (एएसएएस) हाल ही में हिंदू विद्वानों की मदद से अपने छात्रों को संस्कृत, जिसे देव भाषा के रूप में भी जाना जाता है, पढ़ाकर एक मिसाल पेश करने के लिए चर्चा में थी।

संस्थान ने कहा कि प्राचीन और शास्त्रीय भाषा को पढ़ाने के लिए एक संरचित पाठ्यक्रम के साथ आने का निर्णय छात्रों में अन्य धर्मों के बारे में ज्ञान और जागरूकता पैदा करने के लिए लिया गया था। एमआईसी एएसएएस पिछले सात वर्षों से अपने छात्रों को भगवद गीता, उपनिषद, महाभारत, रामायण के चुनिंदा अंशों को संस्कृत में पढ़ा रहा है।

संस्थान के समन्वयकों में से एक हाफिज अबूबकर ने बताया कि पहले का संस्कृत पाठ्यक्रम बहुत विस्तृत नहीं था। उन्होंने कहा कि अब आठ साल के पाठ्यक्रम के लिए एक सिलेबस है जो 12वीं से स्नातकोत्तर तक चलता है। अबूबकर ने कहा कि छात्रों के पास अब संस्कृत में डिग्री या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चुनने का भी विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि विचार सिर्फ उन्हें एक भाषा सिखाने का नहीं था, बल्कि छात्रों को इन प्राचीन हिंदू ग्रंथों से परिचित कराने का भी था ताकि वे धर्म को समझ सकें और अपने लिए सुविज्ञ निर्णय ले सकें। यह छात्रों के बीच धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक विचारों को प्रोत्साहित करने में भी मदद करेगा।

## सिक्किम के मुख्यमंत्री ने अधिक बच्चे पैदा करने पर जातीय समुदायों के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने अधिक बच्चे पैदा करने को लेकर जातीय समुदायों के लोगों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन की घोषणा की। दक्षिण सिक्किम के जोरथांग शहर में रविवार को माघ संक्रांति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिक्किम की प्रजनन दर में हाल के वर्षों में प्रति महिला एक बच्चे की सबसे कम वृद्धि दर दर्ज किए जाने के साथ जातीय समुदायों की आबादी घट गई है। तमांग ने कहा, हमें महिलाओं सहित स्थानीय लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करके कम होती प्रजनन दर को रोकने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पहले ही सेवा में महिलाओं को 365 दिन का मातृत्व अवकाश और पुरुष कर्मचारियों को 30 दिन का पितृत्व अवकाश प्रदान कर चुकी है, ताकि उन्हें बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

## नासिक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एमएलसी चुनाव में छह उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया, 16 मैदान में

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधान परिषद चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों ने सोमवार को अपना नामांकन वापस ले लिया, जबकि 16 उम्मीदवार मैदान में हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दो और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से तीन विधान पार्षदों (एमएलसी) सहित पांच सदस्यों का कार्यकाल सात फरवरी को समाप्त होगा और इसके लिए चुनाव 30 जनवरी को होगा। सोमवार को नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था। सहायक निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त (सामान्य प्रशासन) रमेश काले ने बताया कि उम्मीदवार अमोल बालासाहेब खाडे, डॉ. सुधीर सुरेश तांबे, दादासाहेब हीरामन पवार, धनंजय कृष्ण जाधव, राजेंद्र दौलत निकम और धनराज देवीदास विस्पुते ने अपना नामांकन वापस ले लिया। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अनुसार, जो लोग कम से कम तीन साल से स्नातक हैं।

# राजद-जदयू में कलह से संबंधित सवाल पर तेजस्वी भड़के

भाषा। पटना

**बिहार** के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अपनी पार्टी राजद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दल जदयू के नेताओं के बीच हाल में हुए वाकयुद्ध के बारे में पत्रकारों के सवालों पर भड़क गए। उन्होंने सोमवार को उल्टे पत्रकारों से ही पूछ लिया कि उनके संगठनों में संपादक चीजों को तय करते हैं या संवाददाता संपादकों को बताते हैं कि क्या करना है। हाल के दिनों में दोनों सत्ताधारी दलों के प्रवक्ताओं द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ की जा रही बयानबाजी के बारे में मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने उक्त टिप्पणी की।

पूर्व में एक-दूसरे की प्रतिद्वंद्वी रहे राजद और जदयू छह महीने से भी कम समय पहले एक-दूसरे के सहयोगी बन गए थे। लेकिन हाल के दिनों में नेताओं के बीच बयानबीजी से दोनों दल टकराव के रास्ते पर दिखाई दे रहे हैं। दोनों सत्ताधारी दलों के बीच टकराव की स्थिति को राज्य के शिक्षा मंत्री और राजद नेता चंद्रशेखर द्वारा रामचरितमानस के बारे में की गई विवादास्पद टिप्पणी से जोड़कर देखा जा रहा है।

जदयू के कुछ नेताओं को चिंता है कि भाजपा राजनीतिक लाभ उठाने के लिए शिक्षा मंत्री की टिप्पणी को तूल देने की की कोशिश में लगी है। इसके मद्देनजर जदयू मंत्री के खिलाफ कार्वाई के पक्ष में है, लेकिन राजद गठबंधन सहयोगी के सुझाव पर अमल नहीं करते हुए मामले को संभलने में जुट गई है। यादव ने दोहराया कि उनके पिता एवं राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और जदयू के शीर्ष नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच बेहतर तालमेल है और दोनों महागठबंधन के शीर्ष नेता हैं, इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि दोनों पक्षों में से किसी ने क्या कहा।

हालांकि, जब उनसे स्पष्ट रूप से पूछा गया कि वह मंत्री के बयानों का समर्थन करते हैं या उसकी आलोचना करते हैं, तो तेजस्वी यादव ने कहा, संविधान में सभी धर्मों के लिए समान सम्मान की बात है। हमारे लिए संविधान एक पवित्र पुस्तक की तरह है। लेकिन ऐसे मुद्दों पर बहस करने से गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं को हल करने में कोई मदद नहीं मिलेगी।

यादव ने राजद और जदयू के बीच कोई अनबन नहीं होने का दावा करते हुए आरोप लगाया कि महागठबंधन में दरार की चर्चा भाजपा की सुनियोजित साजिश है। महाराष्ट्र में पिछले साल हुए राजनीतिक उथल-पुथल को क्या भाजपा बिहार में भी दोहराना चाहती है? इसके जवाब में राजद नेता ने कहा कि भाजपा ने कुछ महीने पहले यहां महाराष्ट्र जैसी कोशिश की थी पर यहां उल्टा हो गया। यादव का इशारा पिछले साल अगस्त महीने में बिहार में हुए राजनीतिक उथल-पुथल की ओर था जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने भाजपा से नाता तोड़कर प्रदेश में राजद सहित अन्य दलों के साथ मिलकर प्रदेश में महागठबंधन की नई सरकार बना ली थी।

# सोनिया को शुरू में भारतीय परंपराएं सीखने में दिक्कत हुई, राजनीति पसंद नहीं थी : प्रियंका गांधी

**बेंगलुरु।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को बताया कि इटली में जन्मीं उनकी मां सोनिया गांधी को शुरुआती दिनों में भारतीय परंपराएं सीखने में थोड़ी मुश्किल हुई और उन्हें राजनीति बिलकुल पसंद नहीं थी। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति द्वारा यहां आयोजित महिला केन्द्रित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि उनकी परवरिश दो साहसी महिलाओं... दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी... ने की है। प्रियंका ने याद किया कि जब वह आठ साल की थीं, उस वक्त उनकी दादी इंदिरा गांधी ने अपना 33 साल का बेटा खो दिया। लेकिन संजय गांधी की मृत्यु के अगले ही दिन वह देश सेवा में जुट गईं और अपनी कर्तव्य की भावना और आंतरिक शक्ति के बल पर इंदिरा गांधी अंतिम सांस तक देश सेवा करती रहीं।

प्रियंका ने बताया कि उनकी मां सोनिया को महज 21 साल की उम्र में राजीव गांधी से प्रेम हो गया था। उन्होंने कहा, वह (सोनिया) उनसे (राजीव) शादी करने के लिए इटली से भारत चली आईं। हमारी परंपराओं को सीखने में उन्हें थोड़ी मुश्किलें हुईं। उन्होंने भारतीय जीवनशैली को सीखा। उन्होंने इंदिराजी से सबकुछ सीखा और 44 साल की उम्र में अपने पति को खो दिया। प्रियंका ने कहा, हालांकि उन्हें राजनीति पसंद नहीं थी, फिर भी उन्होंने देश सेवा का रास्ता चुना और 76 साल की उम्र में आज भी देश की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा, सोनिया ने इंदिरा गांधी से बेहद महत्वपूर्ण बात सीखी।

## क्विक न्यूज

### पंजाब के सीएम मान किसी के रिमोट कंट्रोल में न रहें: राहुल

**होशियारपुर (पंजाब)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें किसी के रिमोट कंट्रोल में नही रहना चाहिए और उन्हें स्वतंत्र रूप से राज्य चलाना चाहिए। पंजाब को पंजाब से चलाया जाना चाहिए, इसे दिल्ली से नही चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से कहना चाहता हूं कि आप पंजाब के मुख्यमंत्री है, पंजाब को पंजाब से ही चलाया जाना चाहिए। भगवंत मान को (अरविंद) केजरीवाल जी और दिल्ली के दबाव में नही आना चाहिए। भगवंत मान को विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, जिनका आरोप है कि पंजाब सरकार के सभी बड़े फैसले दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लिए जा रहे है।

### वैष्णो देवी, अमरनाथ को भी पर्यावरणीय आपदा का खतरा: महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अमरनाथ और वैष्णो देवी में भी जोशीमठ जैसी स्थिति पैदा होने की चेतावनी देते हुए सोमवार को तीर्थयात्रियों की संख्या नियंत्रित नही करने और जम्मू-कश्मीर में सड़कों का जाल बिछाने के लिए सरकार की आलोचना की। ऐसे ही पारिस्थितिकी के नजरिए से संवेदनशील राज्यों जैसे जम्मू-कश्मीर के श्री अमरनाथ और वैष्णो देवी में ऐसे पर्यावरणीय हादसे कभी भी हो सकते है। भारत सरकार की तीर्थयात्रियों की संख्या पर लगाम नही लगाने और इन जगहों पर सड़कों का जाल बिछाने की लापरवाही भविष्य में आपदा का कारण बनेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जोशीमठ में भू-धंसाव के कारण आई आपदा से भी सरकार अभी तक नही जागी है। जोशीमठ को निगलने वाली आपदा से भी भारत सरकार की नीद नही खुली है। उनके पास दृष्टिकोण का अभाव है और अपनी असफलताओं से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए वे सिर्फ साम्प्रदायिक तनाव फैला सकते है। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब और अंतरराष्ट्रीय स्की रिसॉर्ट औली का प्रवेश द्वार कहलाने वाला जोशीमठ भू-धंसाव के कारण बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है।

### कोविड-19: केरल में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क अनिवार्य

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने सभी सार्वजनिक स्थानो, कार्यस्थलो और सभाओं में लोगो के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। केरल सरकार ने 12 जनवरी के अपने आदेश मे कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक दूरी सुनिश्चित करने की खातिर प्रभावी उपाय करने का भी निर्देश दिया है। सरकार ने दुकानों, थिएटरो और विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजकों को वायरस से लोगो की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हाथ धोने और सैनिटाइजर की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। देश भर मे कोविड-19 मामलो मे वृद्धि होने की आशंका के बीच जारी आदेश मे कहा गया है कि यह निर्देश 12 जनवरी, 2023 से 30 दिनों की अवधि के लिए राज्य के सभी हिस्सों मे लागू रहेगा।

### अमर्त्य सेन की सलाह मेरे लिए आदेश है: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन की सलाह उनके लिए आदेश है। सेन ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी मे देश का अगला प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है। बनर्जी ने रविवार को यहां एक समाचार चैनल से बात करते हुए कहा कि अर्थशास्त्री विश्व प्रसिद्ध बुद्धिजीवी हैं और उनका ज्ञान हमें रास्ता दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, उनकी सलाह मेरे लिए एक आदेश है। देश की वर्तमान स्थिति के बारे मे उनके ज्ञान और मूल्यांकन को सभी को गंभीरता से लेना चाहिए।

### मोदी से पुनर्वास कार्य अपने हाथ में लेने का अनुरोध किया

**जोशीमठ।** जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भू-धंसाव से ग्रस्त नगर में उत्तराखंड सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों में जरूरी तत्परता और तेजी के नदारद होने की शिकायत की और उनसे राहत, पुनर्वास और स्थिरीकरण के कार्य अपने हाथ मे लेने का अनुरोध किया। जोशीमठ के उपजिलाधिकारी के माध्यम से भेजे अपने पत्र मे संघर्ष समिति के संयोजक एवं पिछले डेढ़ साल से जोशीमठ के भू-धंसाव पीड़ितों की आवाज बने अतुल सती और संघर्ष समिति से जुड़े अन्य आंदोलनकारियो ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले तो 14 महीने से इस संकट को लेकर दी जा रही उनकी चेतावनियो को अनदेखा किया और अब जब संकट आया है, तो वह उससे कछुआ गति से निपट रही है।

### एडटेक ने प्रगतिशील और जिम्मेदार नजरिया तय किया

**मुंबई।** एडवरटाइजिंग स्टैण्ड ड्र्स काउंसिल ऑफइंडिया ने एजुकेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर एडटेक में विज्ञापनों और इसके अभिभावकों तथा छात्रों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट का मकसद इस क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का हल करना और एडटेक सेक्टर के विज्ञापनों के लिए अवसरों को उभारना है। यह रिपोर्ट उन तरीकों की भी पहचान करती है, जिससे यह सेक्टर एडवरटाइजिंग के क्षेत्र में ज्यादा जिम्मेदार नजरिये को आकार दे सकता है।

# कर्नाटक की सत्ता मे आने पर कांग्रेस ने गृहणियों को दो हजार रुपए देने का वादा किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद राज्य की सत्ता में आने पर कांग्रेस ने प्रत्एक परिवार की मुखिया गृहिणी को प्रतिमाह 2,000 रुपए देने का वादा सोमवार को किया। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) द्वारा पैलेस ग्राउंड में आयोजित ना नायकी कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कर्नाटक की महिलाओं से वादा किया कि गृहलक्ष्मी योजना के तहत हर साल गृहिणी के खाते में सीधे 24,000 रुपए अंतरित किए जाएंगे। इससे कुछ ही दिन पहले पार्टी ने राज्य में प्रत्एक परिवार को 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया था। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव इसी साल मई में होने हैं।

पार्टी ने कहा कि गृहलक्ष्मी योजना का लक्ष्य घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और महंगाई का सामना कर रही गृहणियों की कुछ मदद करना है। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी चाहती है कि राज्य की प्रत्एक महिला सशक्त बने और अपने पैरों पर खड़े होकर अपने बच्चों की देखभाल करे। उसने कहा कि पार्टी कर्नाटक की प्रत्एक महिला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। केपीसीसी के मुताबिक, गृह लक्ष्मी योजना से 1.5 करोड़ गृहणियों को लाभ होगा। प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि राज्य में महिलाओं के लिए अलग से चुनावी घोषणापत्र जारी किया जाएगा। भाजपा शासित राज्य में भ्रष्टाचार के चरम पर होने का आरोप लगाया। ना नायकी (मैं महिला नेता हूं) कार्यक्रम के दौरान प्रियंका ने कहा, मुझे बताया गया है कि कर्नाटक में हालात बहुत खराब हैं। मुझे बताया गया है कि मंत्री हर काम में 40 फीसदी कमीशन ले रहे हैं। कर्नाटक में जनता के 1.5 लाख करोड़ रुपए लूट लिए गए हैं। प्रियंका ने आरोप लगाया, सोचें कि बेंगलुरु में 8,000 करोड़ रुपए की लागत से कोई विकास कार्य होना है, जिसमें से 3,200 करोड़ रुपए कमीशन में चले जा रहे हैं।

# जल्लीकट्टू में दो की मौत, मुख्यमंत्री ने अनुग्रह राशि की घोषणा की

**मुदरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में सोमवार को जल्लीकट्टू के अलग-अलग आयोजनों में एक प्रतिभागी (सांड पर काबू करने वाला) सहित दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि, इन मौतों और लोगों के घायल होने की घटनाओं के बावजूद जल्लीकट्टू के प्रति उत्साह कम नहीं ही हुआ है और प्रतिभागी हर बार छोड़े गए सांडों को काबू करने की कोशिश करते रहे। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए सांड को काबू करने के दौरान मारे गए पलामेडु (मदुरै) निवासी अरविंद राज और पुडुकोट्टाई जिले में जल्लीकट्टू का आयोजन देखने के दौरान सांड के हमले में मारे गए एम अरविंद के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं मृतकों के परिवार और मित्रों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने दोनों मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से तीन-तीन लाख रुपए देने का आदेश दिया है। सांडों को काबू में करने के खेल जल्लीकट्टू के दौरान जिले के अवनियापुरम में सांडों को काबू करने वाले और उनके मालिक सहित कम से कम 75 लोग घायल हुए हैं जबकि पलामेडु में 34 और अन्य लोग घायल हुए हैं। दोनों आयोजन शाम को संपन्न हुए। पलामेडु में पेशे से निर्माण मजदूर अरविंद राज (26) को सांडों को काबू में करने का जुनून था और उसने नौ सांडों को काबू में कर भी लिया था, लेकिन



जल्लीकट्टू के दौरान एक सांड के हमले में वह घायल हो गया जिससे उसकी मौत हो गई।

घायल होने के बाद अरविंद के पेट से खून निकल रहा था, इसके बावजूद उसने मैदान के अवरोधक पर अपने पैरों पर खड़ा होने की कोशिश की ताकि सांड को काबू में किया जा सके लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।

खड़ा होने की कोशिश में अरविंद मैदान में गिर गया जिससे जल्लीकट्टू के सह प्रतिभागियों और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मियों की नजर उसपर गई। इसके तुरंत बाद अवरोधकों को खोल स्ट्रेचर के साथ वे अंदर गए और राज को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उसे राजाजी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल रेफर कर दिया गया। पलामेडु के वादीवासल (प्रवेश बिंदु) से आज लगभग 800 सांड छोड़े जाएंगे, जिसमें सांड काबू करने वाले 335 लोग भाग ले रहे थे। अरविंद राज प्रतिष्ठित मुख्यमंत्री कार पुरस्कार जीतना चाहता था लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।

पलामेडु में एक पुलिस निरीक्षक और सांड को काबू में करने वाले 10 लोगों सहित कम से कम 34 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली जिले के सुरीयुर गांव में आयोजित जल्लीकट्टू देखने आए पुडुकोट्टाई के 25 वर्षीय एम अरविंद की भी सांड के हमले में मौत हो गई। पलामेडु में अखाड़े से बाहर निकल रहे एक सांड मालिक ने सांड के हमले से बचने के लिए प्लास्टिक की कुर्सी का सहारा लिया। इस दौरान एक युवक सांड को काबू करने में चूक गया जिसके बाद मालिक ने सांड पर कुर्सी से हमला कर दिया, लेकिन कुर्सी ही टूट गई। हालांकि इस दौरान मालिक खुद को सांड के नुकीले सींगों से बचाने में सफल रहा। जल्लीकट्टू, पलामेडु जिले की बहुत ही चर्चित प्रतियोगिता है। वहीं, एक अन्य घटना में सांड को काबू कर रहे 10 युवकों को सांड ने उछाल दिया। सभी युवा सांड के कुबड़ को पकड़ने के लिए उसके पास पहुंचे थे लेकिन ताकतवर सांड ने गुस्से में अपने सिर को हिलाकर सभी को इधर-उधर फेंक दिया और पकड़े जाने से बचा गया। इसके बाद सांड को विजेता घोषित कर दिया गया जिसके मालिक को पुरस्कार के रूप में चार ग्राम सोना मिला।

# थ्रोडाउन की वजह बल्लेबाजी में आया बड़ा बदलाव : विराट

## कोहली ने बड़ा अंतर पैदा करने का श्रेय विशेषज्ञों को दिया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**भारतीय रन मशीन** विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी में बड़ा बदलाव लाने का श्रेय डी राघवेंद्र, नुवान सेनेविरत्ने और दयानंद गरानी की टीम की थ्रोडाउन तिकड़ी को दिया है। नेट पर बल्लेबाजों को अभ्यास कराते समय थ्रोडाउन विशेषज्ञ लंबे चम्मच ऐसे एक क्रिकेट उपकरण की मदद से गेंद को तेज गति से (140-150 किमी प्रति घंटे की सीमा में) फेंकते हैं। कोहली ने यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के बाद भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के साथ बीसीसीआई.टीवी पर बात करते हुए कहा, इन तीनों ने हमें विश्व स्तरीय अभ्यास कराया है। वे नेट पर 145 या 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाजों की तरह हमारी परीक्षा लेते हैं। वे हमेशा हमें आउट करने की कोशिश करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि वे नियमित रूप से हमारी परीक्षा लें। कभी-कभी यह काफी कड़ा लगता है। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह करियर में अंतर रहा है... मैं एक क्रिकेटर के रूप में इस तरह का अभ्यास शुरू करते समय जहां था और अब मैं जहां हूं। रघु के नाम से पहचाने जाने वाले कर्नाटक के राघवेंद्र राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से बीसीसीआई से जुड़े और टीम इंडिया में सबसे पहले आए। वह नियमित रूप से दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को थ्रोडाउन का अभ्यास कराते थे। भारत ने 2018 में श्रीलंका के बाएं हाथ के सेनेविरत्ने को टीम से जोड़ा जिससे कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ तैयारी की जा सके। कोलकाता पुलिस में स्वयंसेवक दयानंद किंग्स इलेवन पंजाब के साथ थे लेकिन 2020 में रघु के कोविड-19 पॉजिटव पाए जाने के बाद उन्हें टीम इंडिया के साथ जोड़ा गया और वह तब से सहयोगी स्टाफ के स्थाई सदस्य हैं। इन लोगों को काफी श्रेय जाता है जिन्होंने हमें नियमित अभ्यास कराया और उनका योगदान अविश्वसनीय रहा है। आप लोगों को उनके नाम और चेहरे याद रखने चाहिए क्योंकि हमारी सफलता के पीछे इन लोगों ने काफी मेहनत की है। कोहली का साक्षात्कार ले रहे गिल ने कहा, इन तीनों के मिलाकर 1200 से 1500 विकेट होते। वे हमें मैच के दौरान की सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए तैयार करते हैं। कोहली ने इसे एकदिवसीय विश्व कप के वर्ष के लिए आदर्श शुरुआत करार देते हुए कहा, यह एक शानदार शुरुआत रही है।

**अभ्यास कराते समय थ्रोडाउन विशेषज्ञ लंबे चम्मच ऐसे एक क्रिकेट उपकरण की मदद से गेंद को तेज गति से (140-150 किमी प्रति घंटे की सीमा में) फेंकते हैं**



### पिछले साल आईपीएल में नाकामी इस साल सीमित ओवरों में सफलता का राज : सिराज



**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाने की निराशा की वजह से उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट पर अधिक फोकस किया जिसका फायदा अब मिल रहा है। सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे मे 10 ओवर मे 32 रन देकर चार विकेट लिए जिससे श्रीलंकाई टीम 22 ओवर मे 73 रन पर आउट हो गई और भारत ने 317 रन से जीत दर्ज की। पिछले आईपीएल सत्र मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर द्वारा टीम मे बरकरार रखे गए सिराज ने 15 मैचो मे सिर्फ नौ विकेट लिए थे। सिराज ने कहा कि बदलाव इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने आईपीएल मे नाकामी के बाद सफेद गेंद के क्रिकेट मे लाइन और लैग्थ पर फोकस किया। जब आईपीएल सत्र खराब गया तो मैने सफेद गेंद के क्रिकेट पर फोकस करना शुरू किया। मैने इस पर मेहनत की और मेरा आत्मविश्वास बढा। मैने अपने प्रदर्शन की चिंता करना छोड़ दिया। सिर्फ लाइन और लैग्थ पर फोकस रखा। श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मे उन्होने नौ विकेट लिए। उन्होने कहा कि जब स्वाभाविक इनस्विंग नही मिल रही थी तो उन्होने गेंद को आउटस्विंग कराना शुरू किया।

### पंत ने ट्वीट किया, उबरने का सफर शुरू हुआ और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार



**मुंबई।** पिछले साल 30 दिसंबर को एक भयानक कार दुर्घटना मे बाल-बाल बचे भारत के प्रमुख विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को उस दुर्घटना के बाद अपना पहला आधिकारिक बयान दिया और कहा कि वह कुछ दिन पहले सफल तीन सर्जरी के बाद ठीक होने की राह पर है। पंत पिछले साल 30 दिसंबर को राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर एक भयानक कार दुर्घटना मे बाल-बाल बचे थे जब वह दिल्ली से रुड़की अपने घर वापस जा रहे थे। उन्हे पहले देहरादून के एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया और फिर मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया जहां उनकी तीन सर्जरी हुई - दो घुटने की और एक टखने की। उनके एक साल तक बाहर रहने की संभावना है। पंत ने ट्वीट किया, मै सभी समर्थन और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरी सर्जरी सफल रही।

# अर्जेन्टीना ने ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर रोका

## हॉकी विश्व कप: नीदरलैंड ने न्यूजीलैंड को हराया

**भाषा।** भुवनेश्वर

**तीन बार के** चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना की मजबूत टीम ने सोमवार को यहां एफआईएच हॉकी विश्व कप में 3-3 से रोमांचक ड्रॉ खेला। हेवर्ड जेरेमी ने नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई लेकिन अर्जेन्टीना के डोमेन टॉमस ने 18वें मिनट में स्कोर।-। कर दिया। बील डेनियल ने मैदानी गोल दागकर एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया को आगे किया लेकिन अर्जेन्टीना ने 32वें मिनट में कासेला मेइको के गोल से फिर बराबरी हासिल कर ली। अर्जेन्टीना ने 48वें मिनट में फेरेइरो मार्टिन के गोल से मैच में पहली बार बढ़त बनाई और टीम तीन अंक हासिल करने की ओर बढ़ रही थी लेकिन गोवर्स ब्लेक ने अंतिम लम्हों में ऑस्ट्रेलिया को 3-3 से बराबरी दिला दी और दोनों टीम को एक-एक अंक मिला। पूल ए के एक अन्य मैच में फ्रांस ने पेनल्टी कॉर्नर पर चार्लेट विक्टर के दो गोल से दक्षिण अफ्रीका को 2-। से हराया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी कॉर्नर पर ब्यूचैंप कोनोर ने किया। राउरकेला में पूल सी के मुकाबले में तीन बार के चैंपियन नीदरलैंड ने न्यूजीलैंड को 4-0 से हराया जबकि मलेशिया ने चिली को 3-2 से शिकस्त दी।ब्रिंकमैन थिएरी ने पहले क्वार्टर में दो गोल दागे जबकि बिजेन कोएन और होडेमेकर्स जेप ने भी एक-एक गोल किया जिससे नीदरलैंड ने क्वार्टर फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। पूल सी में नीदरलैंड की टीम दो मैच में छह अंक के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद न्यूजीलैंड, मलेशिया और चिली का नंबर आता है।



नीदरलैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाड़ी

### विश्व कप में खेल रही है कई भाइयों की जोड़ी

**राउरकेला।** ओडिशा मे चल रहे पुरुष हॉकी विश्व कप मे कई टीमो मे दो सगे भाई साथ मे खेल रहे है जिससे खराब समय मे उन्हें एक दूसरे का भावनात्मक सहयोग भी मिल जाता है। स्पेन को पिछले सप्ताह भारत ने जब पहले मैच मे 2-0 से हराया तो उस टीम मे पाउ कुनिल और पेपे कुनिल दोनो भाई साथ खेल रहे थे। वेल्स टीम मे भी जेरेथ फर्लोंग और रोड़ी फर्लोंग साथ खेलते है जिनकी टीम लगातार दूसरी हार के साथ टूर्नामेंट से लगभग बाहर ही हो गई है। भुवनेश्वर मे जर्मन टीम मे मैट्स और टॉम ग्रामबुश दोनो भाई है जिनकी टीम ने पहले मैच मे जापान को 3- 0 से हराया। पाउ ने कहा , परिवार का कोई साथ मे अगर ऐसे बड़े टूर्नामेंट मे खेल रहा है तो भावनात्मक रूप से काफी मदद मिलती है। आपके खराब समय मे साथ देने के अलावा वह आत्मविश्वास भी बढाता है। पाउ और पेपे दोनो स्पेन मे एक ही क्लब एटलेटिक टेरासा के लिए भी साथ खेलते है। उनका एक कजिन गेरार्ड क्लेप्स भी स्पेनिश टीम मे है।

### पूरे एशियाई सर्किट से बाहर हुए ध्रुव और अर्जुन

**नई दिल्ली।** ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की युवा भारतीय पुरुष युगल जोड़ी अर्जुन की चोट के कारण इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट सहित पूरे एशियाई सर्किट में नही खेल पाएगी। अर्जुन को पिछले साल फ्रेंच ओपन मे ट्रेनिंग के दौरान टखने के लिगामेंट में चोट लग गई थी। ऐसा लग रहा था कि वह ठीक हो गए है लेकिन दिसंबर में जब उन्होने प्रशिक्षण शुरू किया तो उन्होने फिर असहज महसूस किया।

### हार पर श्रीलंका क्रिकेट ने टीम मैनेजर से रिपोर्ट मांगी

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के हाथो तीसरे और आखिरी वनडे मे विश्व रिकॉर्ड अंतर से हारने पर टीम मैनेजर से पांच दिन के भीतर रिपोर्ट जमा करने को कहा है। श्रीलंका क्रिकेट द्वारा सोमवार को जारी बयान मे कहा गया , श्रीलंका क्रिकेट ने राष्ट्रीय टीम के मैनेजर से भारत के हाथो आखिरी वनडे मे मिली भारी हार पर रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

### प्रसाद ने मांकडिंग से जुड़ी टिप्पणी के लिए मार्क वॉ पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर मार्क वॉ पर यह कहने पर कटाक्ष किया कि टीमे विकेट हासिल करने के लिए मांकडिग का इस्तेमाल जानबूझकर कर रही है। प्रसाद ने कहा कि गेंदबाजी छोर पर गेंद फेंकने से पहले आगे निकलने वाले बल्लेबाज को वैध तरीके से आउट करना सबसे बदतर चीज है।

### पंजाब किंग्स ने सुनील जोशी को बनाया स्पिन गेंदबाजी कोच

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने सोमवार को भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए अपना स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। फ्रेंचाइजी ने ट्वीट किया, हम यह घोषणा करते हुए रोमांचित है कि भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी को पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप मे नियुक्त किया गया है।

### वाइपर्स ने वॉरियर्स को सात विकेट से हराया

**दुबई।** इंग्लैड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स की 52 गेंद मे नाबाद 83 रन की ताबड़तोड़ पारी और हमवतन सैम बिलिंग्स (38 गेंद मे 49 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 14 ओवर मे 128 रन की साझेदारी के बूते डेजर्ट वाइपर्स ने इंटरनेशनल लीग टी20 के अपने शुरूआती मैच मे रविवार रात को यहां शारजाह वॉरियर्स को 20 गेंद बाकी रहते सात विकेट से शिकस्त दी। शारजाह वारियर्स ने यहां दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम मे पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 145 रन बनाए। डेजर्ट वाइपर्स ने महज 16.4 ओवर मे तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### भारत जीत सकता है बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

**मेलबर्न।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली का मानना है कि अजीबोगरीब विकेट नही बनाने पर भारत नौ फरवरी से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही बॉर्डर . गावस्कर श्रृंखला जीत सकता है। भारत और आस्ट्रेलिया चार टेस्ट मैचो की श्रृंखला खेलेंगे जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

# पहले दौर में जूझकर जीते नडाल

## आस्ट्रेलिया ओपन : पेगुला और गॉफ भी जीते

**भाषा।** मेलबर्न

**बाईस बार** के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में जैक ड्रेपर के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा जबकि अमेरिका की जेसिका पेगुला, कोको गॉफ और डेनिएले कोलिंस भी अपने अपने मैच जीतकर दूसरे दौर में पहुंच गई। नडाल ने करीब साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में ड्रेपर को 7-5, 2-6, 6-4, 6-। से हराया। यह इस साल नडाल की पहली जीत थी। नडाल अगले दौर में मैकी मैकडोनाल्ड से भिड़ेंगे जिन्होंने ऑल अमेरिकन मुकाबले में चार घंटे में ब्रेंडन नाकाशिमा को 7-6, 7-6, l-6, 6-7, 6-4 से हराया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला ने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को 6-0, 6-। से हराया जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-l, 6-4 से मात दी। पिछले साल उपविजेता रही 13वीं वरीयता प्राप्त कोलिंस ने अन्ना कालिंस्काया को 7-5, 5-7, 6-4 से शिकस्त दी। पेगुला और गॉफ का सामना सेमीफाइनल में हो सकता है जबकि कोलिंस चौथे दौर में इगा स्वियातेक से खेल सकती है। महिला वर्ग में शीर्ष वरीय स्वियातेक ने 69वें नंबर की ज्यूल नीमिएर के खिलाफ 6-4, 7-5 की जीत के साथ शुरुआत की। पिछले दोनों साल यहां क्वार्टर फाइनल तक पहुंची पेगुला को जीतने में 59 मिनट ही लगे। वहीं पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल खेलने वाली गॉफ का सामना अब पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन ऐमा राडुकानु से होगा। ब्रिटेन की राडुकानु ने जर्मनी की तमारा कोरपैश को 6-3, 6-2 से मात दी। पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रिस्कू भी अगले दौर में पहुंच गई लेकिन 28वीं वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा को मार्टा कोस्टियुक ने 6-3, 6-4 से परास्त किया। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने 2020 की विजेता सोफिया केनिन को 6-4, 7-6 से हराया। महिला एकल में पेत्रा क्वितोवा,रिबाकिना, एलेना ओस्टापेंको और बारबरा क्रेसिकोवा जीत दर्ज करने में सफल रहे लेकिन पुरुष वर्ग में तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका को एलेक्स मोलकैन ने 6-7, 6-3, l-6, 7-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।







### निक किर्गियोस आस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने पहले दौर के अपने मैच से पूर्व ही बाएं घुटने की चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से नाम वापिस ले लिया। पिछले साल विम्बलडन फाइनल मे नोवाक जोकोविच से हारे किर्गियोस ने 2022 मे ही आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब जीता था। उन्हें इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन के दावेदारो मे गिना जा रहा था। आस्ट्रेलिया के किसी पुरुष खिलाड़ी ने 1976 के बाद से मेलबर्न पार्क मे खिताब नही जीता है। किर्गियोस ने कहा , बाहर रहने का फैसला काफी कठिन है। यह मेरे कैरियर के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटो मे से एक है। लेकिन मै दर्द से बहुत परेशान हो चुका हूं। इस साल रोजर फेडरर, सेरेना विलियम्स, ऐश बार्टी टेनिस को अलविदा कहने के कारण और नाओमी ओसाका गर्भवती होने के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन मे नही दिखेंगे। कार्लोस अलकाराज, वीनस विलियम्स और मारिन सिलिच चोट के कारण बाहर है।


# खिलाड़ियों में सुरक्षा की भावना की कमी घातक : उथप्पा

## टीम में जगह को लेकर संशय होने से बड़े टूर्नामेंटों में पिछड़ रहा भारत

**भाषा।** दुबई

**भारत के** पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि राष्ट्रीय टीम में जगह को लेकर खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना बड़े टूर्नामेंटों के अहम मैचों में टीम के लिए घातक साबित हो रही है। भारत ने अपना पिछला विश्व कप 2011(एकदिवसीय) जबकि आईसीसी का अपना आखिरी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। टीम इसके बाद कई बार एकदिवसीय विश्व कप और टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उथप्पा इन दिनों इंटरनेशनल लीग टी20 में दुबई कैपिटल्स को अपनी सेवाएं दे रहे है। उथप्पा ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा , मुझे लगता है कि खिलाडि़यों में टीम में अपनी जगह को लेकर सुरक्षा की भावना की कमी है। पिछले काफी समय से टीम में लगातार बदलाव हो रहे है। जब एक खिलाड़ी सुरक्षित महसूस नहीं करता तो वह हमेशा अपनी जगह बचाने की मानसिकता के साथ रहता है। इसके उलट जब वह जगह को लेकर आश्वस्त रहता है तो अपने प्रदर्शन पर बेहतर तरीके से ध्यान दे सकता है। भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम (2007) का हिस्सा रहे उथप्पा ने आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा, आप आईपीएल को ही देख लीजिए, ज्यादातर बार ऐसी टीमों ने खिताब जीते है जिसने अंतिम एकादश में कम बदलाव किए है।

### अपने शुरुआती दिनों का अजिंक्य बनने की कोशिश कर रहा हूं: रहाणे



**नई दिल्ली।** अजिंक्य रहाणे वह बल्लेबाज बनने की कोशिश कर रहे है जो वह अपने युवा दिनो मे थे। भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके मुंबई के इस कप्तान ने स्वयं की खोज की यात्रा शुरू की है और रहाणे को लगता है कि यह उनके लिए काम कर रहा है क्योंकि उन्होने मौजूदा सत्र मे पांच रणजी मैच मे 76 के औसत से 532 रन बनाए है जिसमें 204 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। चिर प्रतिद्वंद्वी दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच की पूर्व संध्या पर रहाणे ने पीटीआई से बातचीत के दौरान कहा, मै पुराने समय के बारे मे सोच रहा था। जब मै पहली बार रणजी टीम मे आया था (2007 में)। मै कैसे खेलता था, मेरी सोच-विचार की प्रक्रिया क्या थी। मै फिर योजना बना रहा हूं और मै वह अजिंक्य बनने की कोशिश कर रहा हूं जो मै अपने शुरुआती दिनो मे हुआ करता था। उन्होने कहा, मै बस चीजों को सरल रखना चाहता हूं। पिछले साल की शुरुआत मे दक्षिण अफ्रीका दौरे से भारतीय टीम से बाहर रहाणे ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपनी तकनीक मे कुछ बदलाव किए है। बेशक छोटे बदलाव। आपको एक खिलाड़ी के रूप मे लगातार विकास करना होता है और अपनी रणनीतियों पर काम करना और सुधार जारी रखना होता है। कोई बड़ा बदलाव नही लेकिन छोटे बदलाव, कौशल के लिहाज से, अब मुझे मुंबई के लिए सोचना होगा और उनके लिए अच्छा करना होगा। मेरे दिमाग में पूरी तरह से यही है। वह स्वार्थी नही हो सकते है और केवल अपनी बल्लेबाजी के बारे मे नही सोच सकते। भारत की ओर से 82 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 मैच खेलने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मै अपनी बल्लेबाजी के बारे में ज्यादा नही सोच रहा हूं लेकिन तैयारी मेरे लिए काफी मायने रखती है।

### वायकॉम ने महिला आईपीएल के मीडिया अधिकार 951 करोड़ में खरीदे

**भाषा।** नई दिल्ली

बीसीसीआई ने सोमवार को घोषणा की कि वायकॉम 18 ने डिजनी स्टार और सोनी को पछाड़कर आगामी महिला आईपीएल के मीडिया अधिकार पांच साल के लिए 951 करोड़ रुपए में खरीदे हैं। टी20 लीग के लिए नीलामी मुंबई में सोमवार को क्रिकेट बोर्ड के मुख्यालय पर आयोजित की गई। पहले महिला आईपीएल के मार्च के पहले हफ्ते में शुरू होने की उम्मीद है। इसमें पांच टीम हिस्सा लेंगी और सभी मैच मुंबई में होंगे। वैश्विक अधिकार तीन श्रेणी के हैं जिनमें टीवी, डिजिटल और संयुक्त अधिकार शामिल हैं।

# शेफाली-श्वेता ने दिलाई भारत को जीत

## महिला अंडर-19 विश्व कप : यूएई हारा

**भाषा।** बेनोनी

**कप्तान शेफाली** वर्मा की 78 रन की तेजतर्रार पारी के अलावा श्वेता सहरावत के नाबाद अर्धशतक से भारत ने पहले महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में सोमवार को यहां यूएई को 122 रन से रौंद दिया।

शेफाली (34 गेंद में 78 रन, 12 चौके, चार छक्के) और श्वेता (49 गेंद में नाबाद 74, 10 चौके) के अलावा रिचा घोष ने भी 29 गेंद में 49 रन की पारी खेली जिससे विलोमूर पार्क में भारत ने तीन विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत ने इसके बाद यूएई को पांच विकेट पर 97 रन पर रोककर आसान जीत दर्ज की। इस जीत से भारत ने ग्रुप डी के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। यूएई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद भारतीय सीनियर टीम के लिए 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय सहित 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली शेफाली ने श्वेता के साथ पहले विकेट के लिए 111 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। श्वेता ने पहले ओवर में ही तीन चौके के साथ अपने इरादे जाहिर किए। अगले ओवर में शेफाली ने भी तीन चौके और फिर पांचवें ओवर में पारी का पहला छक्का जड़ा।





# मीनू व वंशराज बने चैंपियन

## राज्य टेनिस में रुशिल को दोहरा खिताब



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के उन्नाद टेनिस अकादमी आशियाना में चल रही उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन यूपीटीए राज्यस्तरीय टेनिस प्रतियोगिता के अंतिम दिन देर रात तक हुए मुकाबलों में मेंस वर्ग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुशिल खोसला ने खिताब जीत लिया। इसके अलावा रुशिल ने अंडर 18 वर्ग में भी खिताब जीत लिया है। वहीं वुमेंस वर्ग में मीनू पांडेय ने खिताब जीत लिया। मेंस वर्ग का फ इनल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों रुशिल खोसला और कमलेश शुक्ला के बीच खेला गया। मैच के दौरान नस खिंच जाने से कमलेश शुक्ला ने मैच बीच में ही छोड़ दिया। जिस समय कमलेश शुक्ला ने मैच छोड़ उस समय रुशिल खोसला 3.0 से आगे थे। इसके अलावा रुशिल ने अंडर 18 वर्ग में भी चैंपियनशिप जीत कर अपना दोहरा खिताब पक्का कर लिया। अंडर 18 वर्ग में रुशिल ने अनिकेत को एकतरफा मुकाबले में 6.2 से हरा दिया। इसी तरह वुमेंस वर्ग के फाइलन में मीनू पांडेय ने शक्ति मिश्रा को 6.3 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। अंडर 16 बालिका वर्ग में अरुंधती सिंह डागुर ने आयरा को 6.3 से सीधे सेटों में पराजित कर दिया। एक अन्य जूनियर फाइनल यानी अंडर 18 में शक्ति मिश्रा ने एकतरफा मुकाबले में सासा कटियार को 6.3 से हरा कर खित पर कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने भी प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विजेता खिलाड़ियों को यूपीटीए सचिव पुनीत ने सम्मानित किया।

# इंडिया ओपन : सिंधू, सेन खिताब के प्रबल दावेदारों में

## आज से शुरू होंगे मुकाबले

**भाषा।** नई दिल्ली

**मौजूदा चैम्पियन** लक्ष्य सेन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पी वी सिंधू यहां मंगलवार से शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदारों में से होंगे। भारत के तीन खिलाड़ी सिंधू (सात), सेन (10) और एच एस प्रणय (आठ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष दस में हैं जबकि सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी युगल रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन और पांचवीं वरीयता प्राप्त सात्विक . चिराग यहां पिछले चैम्पियन के रूप में उतरेंगे। वहीं नौ लाख डॉलर ईनामी राशि के इस टूर्नामेंट में सिंधू और 13वीं रैंकिंग वाले किदाम्बी श्रीकांत पूर्व चैम्पियन हैं। वैसे पिछले नतीजे इसमें मायने नहीं रखेंगे क्योंकि विश्व बैडमिंटन के शीर्ष खिलाड़ी एक दूसरे के आमने सामने होंगे। पिछले साल भारतीय पुरूष एकल बैडमिंटन की धुरी रहे सेन और प्रणय एक बार फिर पहले दौर में भिड़ेंगे। सेन को पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन के पहले दौर में प्रणय ने हराया था। सिंधू ने भी चोट से उबरने के बाद लंबे समय में मलेशिया ओपन में वापसी की थी लेकिन स्पेन की कैरोलिना मारिन ने उन्हें पहले दौर में हरा दिया। इस बार पहले दौर में उनका सामना थाईलैंड की सुपानिदा केतथोंग से होगा।जिससे वह पिछले सत्र में हार गई थी। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू एडी की चोट के कारण अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से नहीं खेली हैं। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैम्पियन चीन की चेन युफेइ से हो सकता है। सात्विक और चिराग पिछले सप्ताह कुआलालंपुर में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।





### पार्क से समर्थन मिलने पर सिंधू ने कहा, मेरे कोच ने अपनी भावनाएं व्यक्त की

**नई दिल्ली।** पीवी सिंधू को चोट के कारण पांच महीने बाद वापसी करने के बाद पहले दौर में ही चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। कोर्ट से उनकी लंबी अनुपस्थिति को ध्यान में रखते हुए कोच पार्क ताए-सेंग ने हार के बाद एक भावनात्मक पोस्ट साझा किया था। सोमवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने मलेशिया ओपन मे हार के बाद विदेशी कोच से मिले समर्थन पर कहा कि चोट के बाद वापसी करना ही अपने आप मे मुश्किल होता है। कोच ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, पांच महीने बाद वापसी की और दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम। उसके सफलता हासिल नही कर पाने मे कोच के रूप मे मेरी गलती है।

### किसी खिलाड़ी से नही डरती फिट हो चुकी मारिन

**नई दिल्ली।** करियर को खतरे में डालने वाली दो बार घुटने की चोट किसी भी खिलाड़ी का हौसला तोड़ सकती है लेकिन ओलंपिक चैम्पियन कैरोलिना मारिन ने दर्द को स्वीकार किया और हार मानने के बजाय संघर्ष करने का फैसला किया। ओलंपिक, विश्व और यूरोपीय चैंपियन मारिन को जनवरी में 2019 इंडोनेशियाई मास्टर्स फाइनल के दौरान अपने दाहिने घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 2020 में वापसी की और तोक्यो खेलों की तैयारी कर रही थी जब उन्हें एक और एसीएल का सामना करना पड़ा और जून 2021 में उनके बाएं घुटने में भी चोट लग गई जिससे उनका करियर खतरे में पड़ गया। मारिन ने हालांकि खुद को प्रेरित रखा और आखिरकार पिछले साल वापसी की। तब से उन्हें मिश्रित परिणाम मिले हैं। इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर मारिन ने चोटों से अपने संघर्ष पर बात की। उन्होंने कहा, पिछला साल वास्तव में वास्तव में कठिन था। मैं चोट से वापसी कर रही थी।